RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 197
नई दिल्ली, बुधवार, 24 मई, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों पर काम कर रहा है भारत

राष्ट्रीय-11

# सबसे कम उम्र की प्रतिभा का खजाना है भारतः मोदी

● कहा- परस्पर विश्वास और परस्पर सम्मान भारत-ऑस्ट्रेलिया संबंधों की सबसे मजबूत और बड़ी नींव, कूडोस बैंक एरिना में मौजूद 21000 लोगों ने मोदी-मोदी के नारे लगाएं

**एजेंसी।** सिडनी






सिडनी के कुडोस बैंक एरिना में मंगलवार को भारतीय समुदाय को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। इस दौरान दर्शकों से खचाखच भरे एरिना में मोदी-मोदी के नारे गूंजते रहे।

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि आज भारत-ऑस्ट्रेलिया संबंधों की सबसे मजबूत और सबसे बड़ी नींव परस्पर विश्वास व परस्पर सम्मान है और इसका श्रेय ऑस्ट्रेलिया में रहने वाले हर एक प्रवासी भारतीय और ऑस्ट्रेलिया के नागरिकों को जाता है। उन्होंने कहा, आज, जिस देश में दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे कम उम्र की प्रतिभा का कारखाना है... वह भारत है।

अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष एंथनी अल्बनीज की मौजूदगी में प्रधानमंत्री मोदी ने यहां के कुडोस बैंक एरिना में प्रवासी भारतीयों को संबोधित करते ब्रिस्बेन में भारतीय वाणिज्य दूतावास खोले जाने की भी घोषणा की। इस कार्यक्रम में समूचे ऑस्ट्रेलिया से आए, करीब 21000 लोग मौजूद थे। इस दौरान उत्साहित लोगों ने मोदी-मोदी के नारे भी लगाएं। नमस्ते ऑस्ट्रेलिया के संबोधन से अपने संबोधन की शुरुआत करते हुए मोदी ने कहा कि एक समय था जब भारत-ऑस्ट्रेलिया संबंधों की व्याख्या ट्रिपल सी यानी कॉमनवेल्थ (राष्ट्रमंडल), क्रिकेट और करी से होती थी और उसके बाद कहा गया कि दोनों देशों के संबंध थ्री डी पर आधारित हैं यानी डेमोक्रेसी (लोकतंत्र), डायस्पोरा (प्रवासी) और दोस्ती। मोदी ने कहा कि कुछ लोगों ने यह भी कहा कि भारत-ऑस्ट्रेलिया संबंध थ्री ई यानी एनर्जी (ऊर्जा), इकोनॉमी (अर्थव्यस्था) और एजुकेशन (शिक्षा) पर आधारित हैं।

उन्होंने कहा, कभी सी कभी डी और कभी ई। भारत और ऑस्ट्रेलिया के ऐतिहासिक संबंधों का विस्तार इससे कहीं ज्यादा बड़ा है। सच्चाई यह है कि दोनों देशों के संबंधों की वास्तविक गहराई सी डी और ई से परे है। उन्होंने कहा, इस रिश्ते की सबसे मजबूत और सबसे बड़ी नींव वास्तव में परस्पर विश्वास और परस्पर सम्मान है और यह सिर्फ भारत-ऑस्ट्रेलिया के कूटनीतिक रिश्तों से विकसित नहीं हुआ है। इसकी असली वजह है ऑस्ट्रेलिया में रहने वाला हर एक भारतीय...इसकी असली वजह हैं ऑस्ट्रेलिया के ढाई करोड़ से ज्यादा नागरिक। मोदी ने कहा कि दोनों देशों के बीच भौगोलिक दूरी जरूर है, लेकिन हिंद महासागर इन्हें आपस में जोड़ता है, जीवनशैली भले अलग-अलग हों पर अब योग भी इन्हें जोड़ता है। उन्होंने कहा कि क्रिकेट से तो दोनों देश ना जाने कब से जुड़े हुए हैं, लेकिन अब टेनिस और फिल्में भी इन्हें जोड़ रही हैं। मोदी ने कहा कि जब ऑस्ट्रेलियाई स्पिन गेंदबाज शेन वार्न का निधन हुआ तो लाखों भारतीय भी (शेष पेज 9)

## बॉस हैं प्रधानमंत्री मोदीः एंथनी अल्बनीज



सिडनी के कुडोस बैंक एरीना में अपने आस्ट्रेलियाई समकक्ष एंथनी अल्बनीज के साथ प्रधानमंत्री मोदी।

**एजेंसी।** सिडनी

**ऑस्ट्रेलिया** के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने मंगलवार को नरेंद्र मोदी को बॉस करार दिया और कहा कि उनके भारतीय समकक्ष का वैसा स्वागत हुआ है जैसा अमेरिकी गायक ब्रूस स्प्रिंगस्टीन का भी 2017 में यहां नहीं हुआ था।

देश के सबसे बड़े इंडोर स्टेडियम में से एक कुडोस बैंक एरिना में प्रवासी भारतीयों के कार्यक्रम में ऑस्ट्रेलिया में रह रहे हजारों भारतीयों ने प्रधानमंत्री मोदी का जोरदार स्वागत किया। जब प्रधानमंत्री मोदी दर्शकों को संबोधित करने के लिए कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे तो अल्बनीज ने मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि वह जहां भी जाते हैं, रॉकस्टार की तरह उनका स्वागत होता है।

वर्ष 2017 में कुडोस बैंक एरिना में स्प्रिंगस्टीन की प्रस्तुति का हवाला देते हुए अल्बनीज ने कार्यक्रम में कहा, आखिरी बार मैंने इस मंच पर ब्रूस स्प्रिंगस्टीन को देखा था और उनका भी ऐसा स्वागत नहीं हुआ था जैसा प्रधानमंत्री (शेष पेज 9)

# अध्यादेश पर केजरीवाल के साथ आईं ममता



कोलकाता स्थित राज्य सचिवालय में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मुलाकात करते अरविंद केजरीवाल व अन्य आप नेता।

**पायनियर समाचार सेवा।** कोलकाता

● कोलकाता में हुई दोनों की भेंट, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने संसद तक केजरीवाल को समर्थन का दिया आश्वासन

**पश्चिम** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को दिल्ली के अपने समकक्ष अरविंद केजरीवाल को आश्वासन दिया कि नौकरशाहों की नियुक्तियों और तबादलों पर नियंत्रण के लिए केंद्र के अध्यादेश के खिलाफ लड़ाई में तृणमूल कांग्रेस संसद तक आम आदमी पार्टी का समर्थन करेगी। अपनी लड़ाई को लेकर समर्थन जुटाने के लिए राष्ट्रव्यापी दौरे के तहत पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, दिल्ली कैबिनेट की मंत्री आतिशी मार्लेना, राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा के संग कोलकाता आए केजरीवाल ने राज्य सचिवालय में ममता बनर्जी के साथ बैठक की।

विवाद राष्ट्रीय राजधानी सिविल सेवा प्राधिकरण की स्थापना के संबंध में केंद्र के अध्यादेश से जुड़ा है, जिसने उच्चतम न्यायालय के आदेश को उलट दिया है। न्यायालय ने पुलिस, सार्वजनिक व्यवस्था और भूमि से संबंधित सेवाओं को छोड़कर, दिल्ली की निर्वाचित सरकार को सेवाओं का नियंत्रण दिया था।

नए अध्यादेश में दिल्ली सरकार से इन शक्तियों को वापस लेकर उन्हें एक समिति को देने का प्रावधान है जिसे प्रभावी रूप से केंद्र द्वारा नियंत्रित किया जाएगा। अध्यादेश को बदलने के लिए एक केंद्रीय कानून लाया जाना है और विपक्षी दलों को संसद के ऊपरी सदन राज्यसभा में चर्चा के लिए विधेयक के आने पर इसे रोकने (शेष पेज 9)

## ज्ञानवापी से जुड़े एक ही प्रकृति के सात मामलों की सुनवाई एक साथ करने का आदेश

**भाषा।** वाराणसी

**वाराणसी** की एक जिला अदालत ने ज्ञानवापी मामले से संबंधित एक ही प्रकृति के सात मुकदमों की सुनवाई एक साथ किए जाने का मंगलवार को आदेश दिया। ज्ञानवापी और आदि विश्वेश्वर मामलों के विशेष अधिवक्ता राजेश मिश्रा ने बताया कि जिला न्यायाधीश ए.के. विश्वेश ने प्रतिवादियों की आपत्तियों के बावजूद अपने विशेषाधिकार का इस्तेमाल करते हुए ज्ञानवापी प्रकरण से संबंधित एक ही प्रकृति के सात मुकदमों की सुनवाई एक साथ करने का आदेश सुनाया। मिश्रा ने बताया कि जिला न्यायाधीश ने अपने आदेश में कहा है कि यदि ए सभी मामले विभिन्न अदालतों में लंबित रहेंगे, तो सम्भावना है कि इनमें विरोधाभासी आदेश सुनाए जा सकते हैं, जबकि एक ही अदालत में ऐसे सभी मामलों की सुनवाई होने से विरोधाभासी फैसले की कोई सम्भावना नहीं रहेगी। मिश्रा के अनुसार, जिला न्यायाधीश ने अपने आदेश में कहा है कि दीवानी प्रक्रिया संहिता (सीपीसी) के आदेश (ऑर्डर) चार-ए में प्रावधान किया गया है कि जब एक ही अदालत में दो या दो से अधिक वाद लंबित हों और अदालत की राय में यदि संयुक्त सुनवाई न्याय के हित में है, तो न्यायाधीश इसका आदेश दे सकता है। जिला न्यायाधीश ने अपने आदेश में कहा है कि यह न्याय के हित में होगा कि इन सभी मुकदमों को एक साथ सुना जाए। मुस्लिम पक्ष के अधिवक्ता मोहमद तौहीद खान ने सभी सातों मुकदमों की एक साथ सुनवाई किए जाने के फैसले का विरोध करते हुए कहा कि अभी ज्ञानवापी से जुड़े मुद्दे उस अवस्था में नहीं पहुंचे थे कि उनको एक साथ सुनने का फैसला दिया जाए। उन्होंने कहा कि अभी अदालत को सभी मुकदमों के साक्ष्यों को देखना चाहिए था और यदि साक्ष्य एक जैसे रहते तब इस तरह का फैसला देना न्यायसंगत होता। गौरतलब है कि अगस्त 2021 में पांच महिलाओं ने स्थानीय अदालत में एक याचिका दायर की थी, जिसमें मस्जिद परिसर के अंदर स्थित मां शृंगार गौरी स्थल पर नियमित पूजा के अधिकार की मांग (शेष पेज 9)

## ग्राहकों को मोबाइल नंबर देने को न कहें खुदरा विक्रेता : सरकार

● उपभोक्ताओं की शिकायत मिलने के बाद सरकार ने जारी किया परामर्श

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उपभोक्ता** मामलों के मंत्रालय ने परामर्श जारी कर खुदरा विक्रेताओं को कुछ सेवाएं देने के लिए ग्राहकों के व्यक्तिगत संपर्क विवरण या मोबाइल नंबर लेने पर जोर नहीं देने का निर्देश दिया है। उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उपभोक्ताओं की कई शिकायतों के मिलने के बाद यह परामर्श जारी किया गया है।

उन्होंने कहा कि ग्राहकों ने कई खुदरा विक्रेताओं के बारे में शिकायत की है कि अगर वे अपना संपर्क नंबर साझा करने से इनकार करते हैं तो वे उन्हें सेवाएं प्रदान नहीं करते हैं। सचिव ने संवाददाताओं से कहा, विक्रेताओं का कहना है कि जब तक व्यक्तिगत संपर्क विवरण प्रदान नहीं किया जाता है, तब तक वे बिल नहीं बना सकते हैं। यह उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत एक अनुचित और प्रतिबंधात्मक व्यापार प्रथा है और जानकारी एकत्र करने के पीछे कोई तर्क नहीं है। उन्होंने कहा कि गोपनीयता की चिंता भी है। इसलिए, उपभोक्ताओं के हित में इस मुद्दे को सुलझाने के लिए खुदरा उद्योग और उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) एवं फिक्की को एक परामर्श जारी किया गया है।

भारत में ग्राहकों के लिए बिल बनवाने के लिए खुदरा विक्रेताओं को अपना मोबाइल नंबर देना अनिवार्य नहीं है। हालांकि, खुदरा विक्रेताओं द्वारा लेन-देन पूरा करने के लिए एक नंबर पर जोर देने से ग्राहकों को एक अजीब स्थिति में डाल दिया जाता है। अधिकांश समय, ग्राहकों को इनमें से कई स्थितियों में इससे बचने का विकल्प नहीं दिया जाता है।

## कर्नाटक में मंत्री के बयान पर कांग्रेस में हलचल

● मंत्री एमबी पाटिल ने कहा, सिद्धारमैया पांच साल रहेंगे मुख्यमंत्री, शिवकुमार बोले- आलाकमान देखेगा

**एजेंसी।** बेंगलुरु





सिद्धारमैया और शिवकुमार की फाइल फोटो

**कर्नाटक** की नव गठित सरकार के मंत्री एमबी पाटिल ने कहा है कि सिद्धारमैया पूरे पांच साल के लिए मुख्यमंत्री बने रहेंगे। इसने सत्तारूढ़ दल कांग्रेस में कुछ हलचल पैदा कर दी है। राज्य का मुख्यमंत्री का कौन होगा, इसे लेकर दिल्ली में लंबी चौड़ी चर्चाएं हुई थीं और फिर 20 मई को सिद्धरमैया ने मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस प्रमुख डीके शिवकुमार ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी।

राज्य में 10 मई को हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने 224 में से 135 सीटें जीत कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को राज्य की सत्ता से बाहर कर दिया था। इसके बाद मुख्यमंत्री पद पर सिद्धारमैया और शिवकुमार दोनों की दावेदारी मानी जा रही थी। पिछले हफ्ते सरकार गठन से पहले पार्टी सूत्रों के हवाले से इस तरह की खबरें आई थी कि आलाकमान ने कर्नाटक में गतिरोध तोड़ने के लिए सिद्धारमैया और शिवकुमार के बीच सत्ता बंटवारा या बारी-बारी से मुख्यमंत्री बनने की व्यवस्था कराई थी।

इसी के तहत सिद्धारमैया को मुख्यमंत्री और शिवकुमार को उपमुख्यमंत्री बनाया गया है। पाटिल की टिप्पणी ने इस तरह की अटकलों को खारिज कर दिया कि उपमुख्यमंत्री शिवकुमार ढाई साल के बाद या 2024 के लोकसभा चुनाव के पश्चात मुख्यमंत्री का पद संभालेंगे। पाटिल ने सोमवार शाम को कहा कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया पांच साल का कार्यकाल पूरा करेंगे। मंत्री के बयान से अप्रसन्न दिखे शिवकुमार ने सिर्फ इतना कहा कि इसे आलाकमान देखेगा जबकि बेंगलुरू ग्रामीण से सांसद उनके भाई डीके सुरेश ने कहा कि वह पाटिल के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दे सकते हैं लेकिन वह ऐसा नहीं करेंगे।

पाटिल से सोमवार को मैसूरु में पूछा गया था कि क्या सिद्धारमैया पांच साल के लिए मुख्यमंत्री बने रहेंगे या सत्ता बंटवारे को लेकर कोई फार्मूला है? इस पर उन्होंने कहा, सिद्धारमैया पांच साल के मुख्यमंत्री होंगे। अगर सत्ता बंटवारा या कुछ और होता तो, हमारा नेतृत्व आपको (मीडिया) को बताता। ऐसी कोई चीज नहीं है। जैसा कि हमारे एआईसीसी महासचिव ने कहा है कि चीजें चल रही हैं। उन चर्चाओं के बारे में पूछे जाने पर कि लोकसभा चुनाव (शेष पेज 9)

## अध्यादेश पर केजरीवाल का समर्थन न करे कांग्रेसः माकन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● पंजाब विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाजवा, पूर्व सांसद संदीप दीक्षित ने भी मिलाए दिल्ली कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष के साथ सुर

**दिल्ली** में अफसरों की तैनाती और तबादले से संबंधित केंद्र सरकार के अध्यादेश के विषय पर पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय माकन और कांग्रेस के कुछ अन्य नेताओं ने पार्टी से अलग रुख अपनाते हुए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। माकन ने मंगलवार को पार्टी आलाकमान से आग्रह किया कि वह इस मामले में आम आदमी पार्टी एवं केजरीवाल का समर्थन न करें। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष माकन ने केजरीवाल के खिलाफ अपना रुख साफ करते हुए राजीव गांधी से भारत रत्न वापस लेने का अनुरोध करने, जम्मू-कश्मीर मुद्दे पर संसद के अंदर और बाहर भाजपा का समर्थन करने पूर्व प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) दीपक मिश्रा पर महाभियोग चलाने के दौरान भाजपा का समर्थन करने जैसे आप के कई फैसलों का जिक्र किया जो कांग्रेस के खिलाफ उठाए गए। पंजाब विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रताप सिंह बाजवा ने कहा कि केजरीवाल किसी सहानुभूति के हकदार नहीं हैं। पूर्व सांसद संदीप दीक्षित और कुछ अन्य नेताओं ने भी आलाकमान से केजरीवाल का समर्थन नहीं करने की अपील की है। इस बारे में पूछे जाने पर कांग्रेस प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने कहा कि कांग्रेस के संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने विस्तृत ट्वीट किया है। पार्टी का अब तक वही रुख है। कांग्रेस के संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने सोमवार को कहा था कि इस बारे में उनकी पार्टी ने अभी कोई निर्णय नहीं लिया है तथा समान विचार वाले दलों तथा कांग्रेस की राज्य इकाइयों से विचार-विमर्श करके ही कोई फैसला होगा।


# शीर्ष पर चार महिलाएं, ग्रेनो की इशिता किशोर ने किया टॉप

### सिविल सेवा परीक्षा में 933 अभ्यर्थी सफल, नोएडा निवासी स्मृति मिश्रा ने हासिल किया चौथा स्थान, लगातार दूसरे साल महिलाओं ने शीर्ष तीन रैंक हासिल की

**यूपीएससी परिणाम**

● 613 पुरुषों और 320 महिलाओं ने सिविल सेवा परीक्षा 2022 उत्तीर्ण की, शीर्ष 25 रैंक हासिल करने वाले उम्मीदवारों में 14 महिलाएं और 11 पुरुष शामिल


**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




इशिता किशोर



गरिमा लोहिया



उमा हरति एन



स्मृति मिश्रा

**संघ** लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा मंगलवार को घोषित सिविल सेवा परीक्षा 2022 के नतीजों में दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) से स्नातक इशिता किशोर के पहला स्थान हासिल करने के साथ ही शीर्ष चार स्थानों पर महिलाओं ने सफलता हासिल की है। इशिता ग्रेटर नोएडा की रहने वाली है। घोषित परिणामों के अनुसार गरिमा लोहिया, उमा हरति एन और स्मृति मिश्रा ने परीक्षा में क्रमशः दूसरा, तीसरा और चौथा स्थान हासिल किया है।

लोहिया और मिश्रा डीयू से स्नातक हैं, जबकि हरति एन. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी)-हैदराबाद से बी.टेक डिग्री धारक हैं। चौथा स्थान हासिल करने वाली स्मृति मिश्रा नोएडा में रहती हैं। यह लगातार दूसरा वर्ष है जब महिला उम्मीदवारों ने प्रतिष्ठित परीक्षा में शीर्ष तीन रैंक हासिल की हैं। सिविल सेवा परीक्षा 2021 में श्रुति शर्मा, अंकिता अग्रवाल और गामिनी सिंगला ने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया था। यूपीएससी ने कहा कि 933 उम्मीदवारों-613 पुरुषों और 320 महिलाओं ने सिविल सेवा परीक्षा 2022 उत्तीर्ण की है। शीर्ष 25 रैंक हासिल करने वाले उम्मीदवारों में 14 महिलाएं और 11 पुरुष शामिल हैं।यूपीएससी द्वारा सिविल सेवा परीक्षा सालाना तीन चरणों में आयोजित की जाती है, जिनमें अभ्यर्थियों को प्रारंभिक, मुख्य परीक्षा और साक्षात्कार से गुजरना होता है।

इस परीक्षा के जरिए भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस), भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) समेत अन्य सेवाओं के लिए उम्मीदवारों का चयन किया जाता है। किशोर ने अपने वैकल्पिक विषय के रूप में राजनीति विज्ञान और अंतरराष्ट्रीय संबंध के साथ परीक्षा में सफलता हासिल की। उन्होंने श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स, डीयू से अर्थशास्त्र (ऑनर्स) में स्नातक किया है। डीयू के किरोड़ीमल कॉलेज से वाणिज्य में स्नातक लोहिया ने अपने वैकल्पिक विषय के रूप में वाणिज्य और लेखा के साथ दूसरी रैंक हासिल की। आईआईटी, (शेष पेज 9)

### सपना सच हो गयाः इशिता

**इशिता** किशोर ने कहा कि सिविल सेवा परीक्षा में प्रथम स्थान मिलना उनके लिए सपने के सच होने जैसा है। उन्होंने कहा कि आईएएस अधिकारी बनने के बाद वह महिला सशक्तीकरण की दिशा में काम करेंगी। किशोर ने कहा कि वह परीक्षा की तैयारी के लिए प्रति दिन कम से कम आठ-नौ घंटे पढ़ाई करती थी।

(संबंधित समाचार पेज 2 पर)

### देश सेवा करने का रोमांचक समयः मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को सिविल सेवा परीक्षा में सफल उम्मीदवारों को बधाई दी और कहा कि यह देश की सेवा करने और लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का बहुत रोमांचक समय है। मोदी ने ट्वीट कर उन अभ्यर्थियों को सांत्वना के साथ प्रोत्साहन भी दिया, जो इस प्रतिष्ठित परीक्षा सफल नहीं हो सके। उन्होंने कहा कि मैं उन लोगों की निराशा को समझता हूं जो सिविल सेवा परीक्षा पास नहीं कर सके। आपके पास और अवसर होंगे। भारत आपके कौशल और ताकत का प्रदर्शन करने के लिए कई विविध अवसर प्रदान करता है। आपको शुभकामनाएं।

## क्विक न्यूज

### असम और मेघालय सीमा विवाद पर आज चर्चा करेंगे

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा और मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा बुधवार को यहां मिलेंगे और शेष छह इलाकों में सीमा को लेकर दोनों राज्यों के बीच जारी मतभेदों को हल करने को लेकर चर्चा करेंगे। यह सीमा विवाद हल करने को लेकर दूसरे दौर की वार्ता की पहली बैठक होगी। असम के मुख्यमंत्री ने मंगलवार को कहा कि वह और संगमा बैठक के बाद विवादित इलाकों का दौरा भी करेंगे। उन्होंने कहा, "मेघालय के मुख्यमंत्री कल यहां आएंगे और शेष छह इलाकों में सीमा को लेकर चल रहे विवाद को हल करने को लेकर विचार विमर्श करेंगे। मेघालय के मुख्यमंत्री कार्यालय के एक अधिकारी ने शिलांग में पत्रकारों को बताया कि दोनों राज्यों के बीच दूसरे दौर की वार्ता की यह पहली बैठक होगी। पूर्वोत्तर के इन दोनों राज्यों के बीच सीमा वार्ता का पहला दौर पिछले साल मार्च में हुआ था जब दोनों मुख्यमंत्रियों ने छह इलाकों में चल रहे इस सीमा विवाद को समाप्त करने के लिए नई दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की उपस्थिति में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे।

# राष्ट्रीय स्तर की फुटबाल खिलाड़ी भी रही हैं इशिता

## ग्रेनो की लड़की ने नामी फाइनेंस कंपनी की नौकरी छोड़कर की यूपीएससी की तैयारी, तीसरे प्रयास में मिली सफलता

रिंकू यादव। नोएडा

देश की सबसे बड़ी प्रतियोगी परीक्षा सिविल सर्विसेज एग्जामिनेशन टॉप करने वाली इशिता किशोर गौतमबुद्ध नगर के ग्रेटर नोएडा शहर की रहने वाली है। इशिता किशोर ने न केवल ग्रेटर नोएडा और गौतमबुद्धनगर बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश का नाम रोशन कर दिया है। इशिता किशोर शहर की जलवायु विहार हाउसिंग सोसाइटी में रहती है। उनके पिता वायु सेना में बड़े पद पर कार्यरत रहे हैं। इशिता किशोर राष्ट्रीय स्तर पर फुटबॉल खिलाड़ी रह चुकी है। इशिता किशोर ने दिल्ली के एयरफोर्स बाल भारती स्कूल से बारहवीं तक की पढ़ाई की है। वह मेधावी छात्रा थी, केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद की बारहवीं की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया। जिसकी बदौलत उन्हें दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स में प्रवेश मिला था। श्रीराम कॉलेज से अर्थशास्त्र में स्नातक और परास्नातक करने के बाद इशिता किशोर ने नामचीन कंपनी के लिए काम किया।

श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स जैसे प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान से पढ़ने वाली इशिता किशोर ने अर्नेस्ट एंड यंग कंपनी के लिए भी काम किया है। वह अर्नेस्ट इंडियन में जोखिम सलाहकार के तौर पर काम कर रही थी इशिता कहती है, एक वक्त आया, जब मुझे लगने लगा कि पिता की तरह देश के लिए कुछ बड़ा करने की जरूरत है। लिहाजा, मैंने नौकरी छोड़कर संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में शामिल होने का मन बना लिया। मुझे पहली और दूसरी बार में कामयाबी नहीं मिली, लेकिन मैं पीछे नहीं हटी। यह मेरा थर्ड अटेम्प्ट था। इस बार मुझे पूरा भरोसा था कि मैं कामयाब हो जाउंगी। हालांकि, इस बात का कोई अनुमान नहीं था कि मैं आईएएस के लिए टॉप करूंगी।

इशिता किशोर ने तीसरे प्रयास में यह शानदार उपलब्धि हासिल की है।



यूपीएससी में पहला स्थान पाने वाली इशिता को मिठाई खिलाते परिजन।

### टॉपर बोली- सपना सच हो गया

इशिता किशोर ने कहा कि कि सिविल सेवा परीक्षा में प्रथम स्थान मिलना उनके लिए सपने के सच होने जैसा है। उन्होंने कहा कि आईएएस अधिकारी बनने के बाद वह महिला सशक्तिकरण की दिशा में काम करेंगी। इशिता ने तीसरे प्रयास में यह कामयाबी हासिल की। इशिता ने लगातार प्रोत्साहित करने के लिए अपने परिवार के प्रति आभार जताया। दो भाई-बहनों में सबसे छोटी किशोर ने कहा कि वह परीक्षा की तैयारी के लिए प्रति दिन कम से कम आठ-नौ घंटे पढ़ाई करती थी। उन्होंने कहा, यह कामयाबी मेरी कड़ी मेहनत का परिणाम है।

उन्होंने कहा, इस कामयाबी के लिए मेरी मां को बड़ा श्रेय जाता है। उनकी मेहनत और सहयोग की बदौलत मैंने आज यह उपलब्धि हासिल की है। इशिता ने आगे कहा, जो लोग प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल हो रहे हैं। उन्हें घबराने की कोई जरुरत नहीं है, मनोयोग और मेहनत के साथ लगातार काम करने से सफ लता हासिल की जा सकती है।

इशिता किशोर ने वर्ष 2014 में बारहवीं की परीक्षा पास की थी। इसके बाद वह लेडी श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स चली गई, वहां से वर्ष 2017 में इकोनॉमिक्स ऑनर्स में ग्रेजुएशन पूरा किया। इशिता ने घर पर रहकर ही सिविल सर्विसेज़ एग्जामिनेशन की तैयारी शुरू। उन्हें इस बार तीसरी मर्तबा यह कामयाबी मिली है। इशिता किशोर के पास ग्रेजुएशन में इकोनॉमिक्स के साथ पोलिटिकल साइंस और इंटरनेशनल रिलेशन जैसे सब्जेक्ट थे।

इशिता किशोर राष्ट्रीय स्तर पर फ टबॉल खिलाड़ी रह चुकी है। इससे उनके भीतर परिश्रम करने की क्षमता का पता चलता है।

इशिता के पिता नहीं है, उनके पिता वायु सेना में काम करते थे। इशिता को अपने पिता की तरह किसी सरकारी सेवा में शामिल होकर देश के लिए काम करने की प्रेरणा मिली। इशिता को आगे बढ़ने के लिए उनकी मां ने प्रेरित किया है।

### योगी आदित्यनाथ ने दी बधाई



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए ट्वीट किया है। योगी आदित्यनाथ ने लिखा है, प्रतिष्ठित सिविल सेवा परीक्षा-2022 में सफल सभी अभ्यर्थियों को बहुत-बहुत बधाई! अटूट कर्तव्यनिष्ठा व पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपना अमूल्य योगदान देंगे। आप सभी के उज्ज्वल भविष्य हेतु अनंत मंगलकामनाएं।

### स्मृति मिश्रा के पिता यूपी पुलिस में हैं डीएसपी



स्मृति मिश्रा

नोएडा। नोएडा में रहने वाली स्मृति मिश्रा ने आईएएस की परीक्षा में देशभर में चौथी रैंकिंग हासिल की है। वह फि लहाल नोएडा के सेक्टर.41 में अपने परिवार के साथ रहती हैं और दिल्ली में पढ़ाई करती हैं। स्मृति मिश्रा के पिता बरेली में सीओ डीएसपी के पद पर कार्यरत हैं। रिजल्ट घोषित होने के बाद उन्होंने सबसे पहले अपने पिता को कॉल किया। उस समय स्मृति मिश्रा के पिता राजकुमार मिश्रा बरेली एसएसपी ऑफिस में थे। स्मृति मिश्रा ने कॉल करके कहा, पापा रिजल्ट आया है और मैं आईएएस बन गई हूं। देश में चौथा स्थान हासिल किया है। यह खबर सुनने के बाद राजकुमार मिश्रा ने बरेली एसएसपी ऑफिस में मिठाई बांटी। स्मृति मिश्रा मूलरूप से प्रयागराज में स्थित भारद्वाजपुरम की रहने वाली हैं। स्मृति के पिता राजकुमार मिश्रा बरेली से फरीदपुर और मीरगंज के सीओ रह चुके हैं। वह 1989 से उत्तर प्रदेश पुलिस में सब-इंस्पेक्टर के पद पर भर्ती हुए हैं। उसके बाद 2013 में इंस्पेक्टर और 2021 में सीओ बन गए। स्मृति का परिवार इस समय नोएडा में रह रहा है। मिश्रा इस समय दिल्ली से लॉ की पढ़ाई कर रही हैं। उनकी 12वीं तक की पढ़ाई आगरा से हुई। उन्हें तीसरे प्रयास में सफलता मिली है। स्मृति मिश्रा अपनी मां अनीता मिश्रा के साथ रहती हैं। स्मृति मिश्रा के भाई लोकेश मिश्रा सुप्रीम कोर्ट में वकील हैं।

### आश्ना चौधरी ने किया पिलखुवा का नाम रोशन



आश्ना चौधरी

पिलखुवा की रहने वाली आश्ना चौधरी ने यूपीएससी में 116 वीं रैंकिंग हासिल की है। आश्ना के पिता डॉ. अजित चौधरी एक डिग्री कॉलेज में प्रोफेसर है। इस सफलता के लिए आश्ना चौधरी ने उनके गुरुजनों,परिजनों, मित्रजनों, सहयोगियों, शुभचिंतकों एवं रिश्तेदारों का आशीर्वाद बताया है।

### गाजियाबाद की महिमा कसाना बनी आईएएस



महिमा कसाना

**गाजियाबाद। गाजियाबाद की महिमा कसाना आईएएस अफसर बन गई हैं। उनकी ऑल इंडिया रैंक 141 आई है। वे लोनी क्षेत्र में शकलपुरा गांव की रहने वाली हैं। महिमा के पिता कृष्णपाल कसाना नोएडा सेक्टर-12 के राजकीय इंटर कॉलेज में पढ़ाते हैं। महिमा कसाना का पूरा परिवार अब हरियाणा के फरीदाबाद में शिफ्ट हो गया है। फोन पर बातचीत में कृष्णपाल ने बताया कि बेटी शुरू से पढ़ाई में होनहार थी। उन्हें शुरुआत से ही बेटी पर भरोसा था कि एक दिन वो अपने पूरे परिवार का नाम रोशन करेगी।**

## संक्षिप्त समाचार

### संभव कार्यक्रम में नगर आयुक्त ने सुनीं शिकायतें

**गाजियाबाद।** नगर निगम में आज संभव कार्यक्रम आयोजित किया गया। संभव कार्यक्रम में नगर आयुक्त डॉ नितिन गौड़ ने स्वयं ही लोगों की शिकायत सुनीं। नगर निगम के चीफ इंजीनियर एनके चौधरी, उद्यान प्रभारी डॉ अनुज सिंह, जलकल विभाग, हेल्थ आदि प्रॉपर्टी विभाग के अधिकारियों ने संभव में हिस्सा लिया। संभव कार्यक्रम के दौरान नगर निगम में आज काफी दिनों के बाद बड़ी संख्या में लोग अपनी शिकायत लेकर पहुंचे। नगर निगम के अधिकारियों की टीम भी लोगों की समस्या का समाधान करने में लगी रही। इस दौरान 23 शिकायतें नगर निगम में दर्ज कराई जा चुकी है। दोपहर दो बजे तक यहां शिकायतों की सुनवाई की गई है। नगर आयुक्त ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि जो भी शिकायतें विभागवार दर्ज कराई गई हैं उनका निस्तारण समयबद्ध तरीके से कराया जाए। सभी शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्वक कराने के निर्देश दिए गए हैं। इतना ही नहीं, किसी एक शिकायतकर्ता से नगर विकास मंत्री सीधे बात करेंगे।

### ट्रक चालक की मौत के बाद हंगामा

**गाजियाबाद।** कविनगर थाना क्षेत्र के बुलंदशहर औद्योगिक क्षेत्र के प्लॉट संख्या ई 45 पर स्थित टॉटा स्टील कंपनी के ट्रेडर्स पर हुए हादसे के दौरान फाजलपुर विलासपुर रामपुर निवासी 41 वर्षीय उमेश यादव पुत्र राम सिंह यादव की मौत हो गई। ट्रक चालक की मौत की सूचना मिलने के बाद कविनगर थाना पुलिस ने उसके शव को पोस्टमार्टम के लिये भिजवाकर जांच शुरू कर दी। किसान नेता चौधरी राजवीर सिंह ने किसान यूनियन के पदाधिकारियों एवं मृतक के परिजनों के साथ मिलकर हादसास्थल के पास धरना.प्रदर्शन किया। इस मौके पर किसान नेता चौधरी राजवीर सिंह ने फ में के मालिक एवं प्रशासन को जानकारी देते हुए बताया कि जिस ट्रक चालक की मौत हुई है उस उमेश यादव के बच्चे अभी छोटे हैं। उमेश की मौत हो जाने से उसका परिवार अनाथ हो गयाए इसलिये उनकी मांग है कि उमेश यादव के परिजनों को उचित मुआवजा दिया जाया। श्री सिंह ने कहा कि प्रशासन एवं फ र्म मालिक ने मृतक उमेश यादव के परिजनों को मुआवजा नहीं दिया तो किसान यूनियन को आंदोलन करने के लिये बाध्य होना पड़ेगा। उधर किसानों के द्वारा दिये जा रहे धरना प्रदर्शन की सूचना के बाद कविनगर थाने के एसएचओ अमित सिंह काकरान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गये थे।

### किशोरी के अपहरण का खुलासा, प्रेमी गिरफ्तार



**नोएडा।** पश्चिम बंगाल की रहने वाली एक किशोरी गुरुग्राम के रहने वाले एक युवक से ऑनलाइन गेम के माध्यम से जुड़ी। वह अपने परिजनों के साथ 2 दिन पूर्व थाना बिसरख क्षेत्र के शाहबेरी गांव में रहने वाले अपने चाचा के यहां आई। वहीं पर उसने अपने प्रेमी और उसकी बहन को बुलाया तथा उनके साथ चली गई। इस मामले में किशोरी के परिजनों ने थाना बिसरख में अपहरण का मुकदमा दर्ज करवाया था। पुलिस ने आज कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को हरियाणा के गुरुग्राम से गिरफ्तार करए किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह के मीडिया प्रभारी ने बताया कि एक व्यक्ति ने 2 दिन पूर्व थाना बिसरख में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि स्कूटी सवार एक अज्ञात महिला और पुरुष ने उसकी 14 वर्षीय बेटी को अगवा कर लिया है। उन्होंने बताया कि अपहरणकर्ताओं ने फोन करके उनकी बेटी को अगवा करने की सूचना दी है। पुलिस ने आज हरियाणा के गुरुग्राम से किशोरी को सकुशल बरामद कर उसे अगवा करने वाले आरोपी अजीत पुत्र विजय निवासी बिहार को गिरफ्तार कर लिया है।

### मोदीनगर में महिला पर जानलेवा हमला

**गाजियाबाद।** मोदीनगर में पुलिस ने एक दिन पूर्व महिला पर हुए जानलेवा हमले का मंगलवार सुबह को खुलासा कर दिया। घनिष्ठ मित्र दिल्ली निवासी महिला को लांग ड्राइव पर ले जाने के बहाने मोदीनगर लाया था और मौका देखकर महिला पर जानलेवा हमला कर उसे खाली प्लॉट में फेंक दिया था। आरोपी घटना को अंजाम देने के बाद वापस दिल्ली भाग गया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। डीसीपी ग्रामीण जोन रवि कुमार ने बताया कि मोदीनगर पुलिस को सोमवार सुबह कादराबाद चौकी क्षेत्र स्थित एक खाली प्लॉट में एक महिला घायल अवस्था में मिली थी। परिजनों ने दिल्ली स्थित गुलाबी बाग निवासी एक फाइनेंस कंपनी के कलेक्शन एजेंट दीपक के खिलाफ जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

# सातवीं मंजिल से लिफ्ट गिरी, छह घायल

### पीड़ित ने बिल्डर और रखरखाव एजेंसी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद के राजनगर एक्सटेंशन स्थित औरा कायमेरा सोसाइटी की लिफ्ट सातवीं मंजिल से गिर गई। इसमें एक वृद्धा समेत छह लोगों को मामूली चोटें आई हैं।

पूरी फैमिली करीब 25 मिनट तक लिफ्ट में फं सी रही। लिफ्ट में धुआं भरने से उनकी हालत तक खराब होने लगी। बामुश्किल लिफ्ट का दरवाजा खोलकर सभी को बाहर निकाला गया। पीड़ित फैमिली ने इस मामले में बिल्डर और मेंटिनेंस एजेंसी के खिलाफ पुलिस में कम्प्लेंट की है। ये मामला सोमवार देर शाम का है। सोसाइटी में रहने वाले अरुण भड़ाना की पत्नी अनुपम, पांच माह का बेटा यक्ष, भतीजी वंशिका, सास मुन्नी देवी, साली श्वेता और बुआ अनारकली फ्लैट से बाहर निकले और 10वीं मंजिल से लिफ्ट से नीचे पार्क में घूमने के लिए आ रहे थे। अनुपम के मुताबिक, सातवीं मंजिल पर लिफ्ट अचानक रुक गई। हम लोगों को पहले लगा कि कोई तकनीकी खामी है। की-पैड पर लगे बटन दबाने से पहले तेजी से लिफ्ट नीचे गिरने लगी। हम लोग दीवारों पर हाथ रखकर खुद को संभालने की कोशिश करने लगे। सभी चीख रहे थे। पीड़ित फैमिली के अनुसार, लिफ्ट गिरने के कुछ देर तक हम लोगों को कुछ समझ ही नहीं आया।

# पुलिस चौकी से कुछ दूरी पर कारोबारी की गोली मारकर हत्या

### आक्रोशित व्यापारियों ने बाजार रखा बंद

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

सुबह नौ बजे के आस.पास मुरादनगर थाना क्षेत्र की रेलवे रोड पर बेखौफ बदमाशों ने गोयल टेलीकॉम के मालिक मुकेश गोयल नामक कारोबारी को गोलियां मारकर हत्या कर दी। दिन निकलते ही हुई हत्या की सूचना मिलते ही कमिश्नरेट पुलिस में हड़कंप मच गया।

इस वारदात के बाद आक्रोशित व्यापारियों ने रेलवे रोड बाजार पूरी तरह से बंद रखा, जिसका असर पूरे मुरादनगर में भी दिखाई दिया। मृतक कारोबारी के परिजनों और आक्रोशित कारोबारियों कमिश्नरेट पुलिस पर यह आरोप भी लगाया कि अगर पुलिस कारोबारी की शिकायत पर पहले कार्रवाई करती, तो बदमाश मुकेश गोयल की हत्या नहीं कर पाते। उधर, इस सनसनीखेज हत्या की वारदात की सूचना मिलते ही डीसीपी रूरल रवि कुमार व एसीपी मसूरी आईपीएस निमीष पाटिल समेत कमिश्नरेट पुलिस के अन्य अफ सर भी घटनास्थल पर पहुंच गये।

# चिल्ला बॉर्डर से महामाया पुल तक सड़क होगी चौड़ी

### पांच लाख से ज्यादा वाहन चालकों को जाम से मिलेगी मुक्ति

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



दिल्ली से नोएडा वाया चिल्ला बार्डर एक्सप्रेस के जरिए नोएडा ग्रेटर नोएडा आने जाने वाले वाहन पांच लाख से ज्यादा वाहन चालकों को जाम से राहत मिलने जा रही है।

प्राधिकरण के सर्किल-1 के वरिष्ठ प्रबंधक डोरी लाल ने बताया कि इसके लिए इस रूट पर सभी बॉटलनेक रास्तों को चौड़ा करने की योजना है। इसके लिए सलाहकार कंपनी ने तीन विकल्प दिए है। इनमें किसी एक विकल्प पर काम किया जाएगा। प्राधिकरण वरिष्ठ प्रबंधक डोरी लाल ने बताया कि सड़क चौड़ीकरण की आवश्यकता नहीं होती। यदि यहां प्रस्तावित चिल्ला एलिवेटड का काम पूरा हो जाता। इससे दिल्ला से एक्सप्रेस वे के जरिए ग्रेटर नोएडा जाने वाले सभी एलिवेटड का प्रयोग कर सकते थे। योजना प्रस्तावित है और इस पर काम चल रहा है। लेकिन बनने में अभी काफी समय लगेगा। इसलिए चिल्ला बार्डर से महामाया फ्लाईओवर के पैच को चौड़ा किया जाना बेहद ज़रूरी है। जहां जहां भी बॉटलनेक बन रहा है वहां सड़क को इस तरह से चौड़ा किया जाए कि पीछे से आने वाले वाहनों को रुक कर इंतजार नहीं कर पड़े। दिल्ली से डीएनडी होकर लूप के जरिए एक्सप्रेस वे पर जो ट्रैफिक जाता है। वो लूप से उतरते ही जाम का कारण बनता है।

# जून में आम लोगों के लिए खुल जाएगा पर्थला फ्लाईओवर

### पुल बनने के बाद सफर के समय में 30 से 45 मिनट की बचत होगी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा और ग्रेटर नोएडा एक्सटेंशन के लोगों को बड़ी राहत मिलने वाली है। ऐसा इसलिए, क्योंकि जून महीने में पर्थला फ्लाईओवर को आमजन के लिए खोलने को लेकर नोएडा अथॉरिटी काम कर रही है। पर्थला फ्लाईओवर का काम अब अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है। सिग्नेचर ब्रिज पुल से जुड़ा काम पूरा किए जाने की आखिरी तारीख 31 मई है।

अगले एक हफ्ते में पर्थला फ्लाईओवर का काम पूरा होने की उम्मीद है। आपको बता दें पर्थला गोल चक्कर पर नोएडा प्राधिकरण पहला केबल सस्पेंशन फ्लाईओवर बना रहा है। यह शहर का पहला सिग्नेचर ब्रिज होगा। जो केबल सस्पेंशन पर टीका होगा।



इस ब्रिज के बन जाने के बाद वाहन चालकों के सफर के समय में 30 से 45 मिनट की बचत होगी। नोएडा अथॉरिटी के अधिकारियों के मुताबिक, पर्थला चौक पर सर्विस रोड का काम पूरा हो चुका है। अब धीरे-धीरे बचे हुए काम निपटाए जा रहे हैं। फ्लाईओवर का काम करीब-करीब समाप्त हो चुका है।

ऐसे में नीचे के गोलचक्कर का काम शुरू किया गया। इसे भी फ्लाईओवर के काम के साथ.साथ 31 मई तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके तैयार होते ही एफएनजी समेत ग्रेनो वेस्ट की ओर से किए गए डायवर्जन को समाप्त कर दिया जाएगा। नोएडा अथॉरिटी के अधिकारियों ने बताया कि फ्लाईओवर चालू होने से सेक्टर-71 और ग्रेनो वेस्ट की तरफ ट्रैफिक तेजी से उतरेगा और चढ़ेगा। फ्लाईओवर पर चढ़ने वाली और उतरने वाली सड़कों की कनेक्टिविटी और डिजाइन सही रहे, यह हिस्सा भी प्लानिंग में शामिल किया जाएगा। फ्लाईओवर के नीचे के रास्तों का डिजाइन और घुमाव की अलग रिपोर्ट बनेगी। इस प्लानिंग के लिए प्राधिकरण सीईओ ऋतु महेश्वरी ने इंजीनियरिंग विभाग को निर्देश दिए हैं। वहीं दूसरी तरफ कई महीनों से नोएडा में पर्थला गोलचक्कर पर निर्माणाधीन सिग्नेचर ब्रिज तेजी लाने के लिए ट्रैफिक डायवर्जन प्लान लागू कर रखा है। ये प्लान निर्माण कार्य पूरा होने तक जारी रहेगा। इसके तहत सेक्टर-71 से पर्थला गोलचक्कर होकर किसान चौक की ओर जाने वाला यातायात का डायवर्जन है।

इस प्रोजेक्ट से करीब दो लाख से अधिक वाहन रोजाना प्रभावित होते हैं। इसके बन जाने के बाद गाजियाबाद, हापुड़-मेरठ और नोएडा और ग्रेटर नोएडा वेस्ट के वाहन बिना रुके कालिंदी कुंज और डीएनडी की ओर सीधे आ जा सकते है। इस ब्रिज के बनने के बाद किसान चौक पर जाम की स्थिति से निपटना यातायात विभाग के लिए बड़ी चुनौती होगी।

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform that my Client **M/s KALRA HOSPITAL SRCNC PVT. LTD.** is destroying their year 2017 patient medical records (IPD Records) of its hospital unit/s situated at A-4,5,6 Kirti Nagar, New Delhi and Kalra Hospital Dwarka, situated at No. 3A, 25, 26, Sewak Park Extn., Uttam Nagar, New Delhi-110059. If any person or patient wants to claim their medical records then they can contact Mr. Ghanshyam Lal (Sr. Executive MRD) at mobile no. 8318566462 or 011-45005600 (Ext. 232) on or before 27/05/2023 to get their records. This is further to inform that no record will be maintained after 27/05/2023 and Hospital is not responsible to any loss in the medical records thereafter. **RAHUL KUMAR (Advocate)**
160 Ashoka Enclave Main Sector-35 Faridabad (Hr.)

**सार्वजनिक सूचना**

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मोठा सिंह उक्त सम्पत्ति Half Portion measuring 318 sq. yds, being part of Plot No. 37-A measuring 636 sq. yds. situated in Shyam Enclave, Hadbast Village Pasonda, Pargana Loni, Tehsil and Distt. Ghaziabad, UP का बिक्री विलेख दिनांक 30.11.2011 पंजीकृत द्वारा प्रपत्र संख्या 10810 के द्वारा मालिक थे तथा श्री मोठा सिंह व उनकी पत्नी श्रीमती मुख्त्यार कौर की मृतयु दिनांक 15.02.2018 & 21.02.2019 हो चुकी थी। उपरोक्त सम्पत्ति मेरे मुवक्किल यानि एक्सिस फाइनेंस लिमिटेड द्वारा वित्तपोषित व बंधक प्रस्तावित है और स्व० श्री मोठा सिंह के विधिक उत्तराधिकारी मंजीत कौर, कुलदीप सिंह व सुखविंदर सिंह है! यदि किसी व्यक्ति (ओं) को इस संपत्ति में कोई आपत्ति या दवा हैं, तो हमे इस नोटिस की तारीख से 7 दिनों के भीतर निम्न पते पर संपर्क करें। अगर कोई दावा नहीं आया तो यह माना जाएगा की किसी का कोई दावा या हक इस प्रॉपर्टी में नहीं है।
**राघव तिवारी, अधिवक्ता**
**830, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली 110001**
**Mob.:+91-8076188328**

गुमशुदगी सूचना

जनता को सूचित किया जाता है कि सतपाल सिंह कादीयान पुत्र तारा चंद की मूल सेल डीड न. 5842/1 तिथी 05.10.2012 जो मंजू मलिक पत्नी विकास मलिक के पक्ष में है। जो प्रॉपर्टी स्थित मोजा बहादुरगढ़ सेक्टर-2 अर्बन एस्टेट बहादुरगढ़ जिला झज्जर (हरियाणा) जो दिल्ली शहर में गुम हुई है यदि उक्त दस्तावेज संबंधी किसी व्यक्ति को कोई जानकारी/कब्जा/सूचना प्राप्त हो मिल जाए तो वह उसे 7 दिनो के भीतर मनोहर लाल धींगडा एडवोकेट आफिस, शाप नं.13 नियर राम पनवाडी छोटू रामचौक रोहतक, फोन नं. -9416380702 को जमा कराए सुचित करे। उसके पश्चात किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005.

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | नित्यानंद सिंह/ कृष्ण कुमार सुमन/ LBDEL00005610013 | फ्लैट नंबर ए-306, तीसरी मंज़िल, नगर निगम स्काई टॉवर, अलीगढ़, आवास विकास कॉलोनी, सासनी गेट, परगना और तहसील कोइल, अलीगढ़, उत्तर प्रदेश। (क्षेत्र की माप 1686 वर्ग फुट)/ मई 20, 2023 | नवंबर 30, 2022 रु. 41,11,357/- | दिल्ली/ अलीगढ़ |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी, जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक : मई 24, 2023** **प्राधिकृत अधिकारी**
**स्थान : दिल्ली/ एनसीआर** **आईसीआईसीआई बैंक लि.**

Rungta Irrigation Limited

**रूंगटा इर्रिगेशन लिमिटेड**

पंजी. कार्यालय : 101, प्रगति टावर, 26, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली-110008
फोन नंबर : 011-40453330, 31, 32, ई-मेल : cs@rungtairrigation.in, वेबसाइट : www.rungtairrigation.in
सीआईएन : एल74899डीएल1986पीएलसी023934

**31-03-2023 को समाप्त तिमाही एवं वित्तीय वर्ष हेतु पृथक्कृत लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का विवरण**

(रू. लाख में, यदि अन्यथा वर्णित नहीं है)

| क्र. सं. | विवरण | तिमाही समाप्त 31-03-2023 अलेखापरीक्षित | तिमाही समाप्त 31-12-2022 अलेखापरीक्षित | तिमाही समाप्त 31-03-2022 अलेखापरीक्षित | वर्ष समाप्त 31-03-2023 लेखापरीक्षित | वर्ष समाप्त 31-03-2022 लेखापरीक्षित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रचालनों से कुल आय | 4532.64 | 4344.05 | 2480.20 | 13192.49 | 7187.14 |
| 2. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पूर्व) | 137.06 | 198.12 | 1.93 | 400.91 | 173.98 |
| 3. | अवधि हेतु कर पूर्व शुद्ध लाभ (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के पश्चात) | 137.06 | 198.12 | 1.93 | 400.91 | 173.98 |
| 4. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के पश्चात) | 100.94 | 148.26 | 4.84 | 298.32 | 127.72 |
| 5. | अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित है] | 100.38 | 148.79 | 16.96 | 298.32 | 144.30 |
| 6. | इक्विटी शेयर पूंजी | 1659.52 | 885.61 | 885.61 | 1659.52 | 885.61 |
| 7. | संचेय (पुनर्मूल्यन संचेय छोड़कर) जैसाकि पूर्व वर्ष के लेखापरीक्षित तुलनपत्र में दर्शित है | - | - | - | - | - |
| 8. | प्रति शेयर अर्जन (रू. 10/- प्रत्येक का) (जारी और बंद प्रचालनों हेत) 1. मूल : | 2.93 | 1.67 | 0.05 | 2.93 | 1.44 |
| | 2. तनुकृत : | 2.93 | 1.67 | 0.05 | 2.93 | 1.44 |

नोट्स :-
* उपरोक्त वित्तीय परिणाम लेखापरीक्षा समिति द्वारा पुनरीक्षित किए गए हैं और उसके बाद निदेशक मंडल द्वारा 22 मई, 2023 को सम्पन्न उसकी बैठक में अनुमोदित किए गए हैं।
* उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व और अन्य प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्ज में प्रस्तुत किए गए समाप्त तिमाही वित्तीय वर्ष हेतु वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। वित्तीय परिणामों का पूर्ण विवरण स्टॉक एक्सचेन्ज वेबसाइट www.bseindia.com पर पर उपलब्ध है।

वास्ते रूंगटा इर्रिगेशन लिमिटेड
हस्ता./-
महाबीर प्रसाद रूंगटा
अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 00235632

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 22-05-2023

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादक: विजय प्रकाश सिंह , स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# 2,000 के नोट बदलने के लिए अफरा-तफरी

## पहले दिन राजधानी में प्रक्रिया को लेकर रहा भ्रम, तो कई जगह बैंककर्मियों से ग्राहकों को रही शिकायतें

● कई बैंकों में सुबह के समय कम भीड़ रही, दोपहर होते-होते लगीं लंबी कतारें

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 2,000 रुपये के नोट बदलने के पहले दिन बैंकों की शाखाओं में पहचानपत्र और फॉर्म की जरूरत को लेकर असमंजस की स्थिति देखी गई। हालांकि, अधिकांश बैंक शाखाओं में नोट बदलने को लेकर अधिक भीड़भाड़ नहीं रही लेकिन इसके लिए फॉर्म भरने और पहचानपत्र की जरूरत को लेकर बैंक अधिकारियों और ग्राहकों के बीच अफरा-तफरी और तकरार की स्थिति जरूर पैदा हुई।

कुछ लोगों ने कहा कि बैंकों ने नोट बदलने की जगह उन्हें खातों में जमा करने का दबाव बनाया और उनसे पहचान पत्र भी मांगा, जबकि मीडिया रिपोर्ट में कहा गया था कि इसकी कोई जरूरत नहीं है।

वाणिज्यिक बैंकों की शाखाओं पर हालांकि सुबह ज्यादा भीड़ नहीं थी, लेकिन बाद में कतारें दिखाई देने लगीं। इस दौरान बुजुर्ग लोगों के बीच खासतौर से चिंता देखने को मिली। कई ग्राहकों ने इस प्रक्रिया को लेकर असंतोष भी जताया। रिजर्व बैंक ने गत शुक्रवार को 2,000 रुपये के नोट को चलन से वापस लेने का ऐलान करते हुए कहा था कि अधिक मूल्य के ये नोट 23 मई से 30 सितंबर तक बैंकों में जाकर जमा किए जा सकते हैं या उन्हें बदलकर कम मूल्य के नोट भी लिए जा सकते हैं।

इसके लिए रिजर्व बैंक ने पहचानपत्र दिखाने या जमा फॉर्म भरने की जरूरत से भी इनकार किया है। इसके बावजूद कुछ बैंकों ने इलेक्ट्रॉनिक विवरण दर्ज करने के बाद ही नोट बदले जबकि कुछ बैंकों में ग्राहकों से अपना नाम और मोबाइल नंबर एक रजिस्टर में दर्ज करने को कहा गया। वहीं कुछ जगहों पर ग्राहकों ने पैन या आधार कार्ड की मांग रखने की शिकायत भी की। दिल्ली में भीषण गर्मी ने स्थिति को और खराब कर दिया। खासतौर से बुजुर्गों को परेशानी हुई और उन्होंने बैंक शाखाओं में लंबा इंतजार करने की शिकायत की।

हालांकि नवंबर, 2016 में 500 और 1,000 रुपये के नोट को चलन से बाहर करने के बाद बैंकों के बाहर मची अफरातफरी जैसी स्थिति इस बार नहीं देखने को मिली। लेकिन सभी बैंकों में नोट बदलने से जुड़े प्रावधानों को लेकर एकरूपता नहीं होने से असमंजस जरूर रहा। देश के सबसे बड़े बैंक एसबीआई ने अपनी शाखाओं को भेजी गई आधिकारिक सूचना में कहा है कि 2,000 रुपये के नोट जमा या बदलते समय किसी भी फॉर्म या पर्ची को भरने की जरूरत नहीं होगी।

वहीं कोटक महिंद्रा और एचएसबीसी जैसे निजी बैंकों ने कहा कि वे गैर-खाताधारकों से फॉर्म भरने या पहचानपत्र देने को कह रहे हैं। लेकिन एक्सिस बैंक, स्टैंडर्ड चार्टर्ड, यस बैंक, केनरा बैंक और बैंक ऑफ इंडिया ने किसी भी तरह के फॉर्म या पहचानपत्र की मांग नहीं की।

बैंक ऑफ बड़ोदा गैर-खाताधारकों से पहचानपत्र मांग रहा है जबकि आईसीआईसीआई बैंक और एचडीएफसी बैंक ने सभी ग्राहकों से फॉर्म भरने को कहा है।

बैंक के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि नोट बदलने के लिए चार महीने की मोहलत होने से अधिक भीड़भाड़ नहीं देखने को मिली। वहीं नोट को जमा करने की कवायद सामान्य गति से चलती रही। रिजर्व बैंक ने सोमवार को जारी अधिसूचना में कहा, बैंकों को अपनी शाखाओं में इंतजार करने वाले ग्राहकों के लिए शेड और पानी की व्यवस्था करने की सलाह दी गई है। बैंकों को नोट बदलने की सुविधा सामान्य तरीके से काउंटर पर उपलब्ध कराने को कहा गया है। इसके अलावा बैंकों को रोजाना जमा किए जाने वाले और बदले जाने वाले 2,000 के नोटों का ब्योरा रखने को कहा गया है।


दो हजार के नोट बदलवाने के लिए बैंक के बाहर कतार में लगे लोग। फोटो: रंजन डमरी

# आप ने लगाया आरोप, सिसोदिया से दिल्ली पुलिस ने की बदसलूकी

● पुलिस ने कहा- प्रचार पाने के लिए अपनाया जा रहा हथकंडा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आप) ने मंगलवार को आरोप लगाया कि यहां राउज एवेन्यू अदालत में एक पुलिसकर्मी ने पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया से बदसलूकी की। हालांकि, दिल्ली पुलिस ने आप के आरोप को खारिज करते हुए इसे दुष्प्रचार बताया। सिसोदिया को कथित आबकारी घोटाले से जुड़े धन शोधन के एक मामले में अदालत में पेश किया गया था।

आप नेता आतिशी ने ट्विटर पर इस कथित घटना का वीडियो साझा किया और लिखा, राउज एवेन्यू अदालत में इस पुलिसकर्मी की मनीष सिसोदिया के साथ हैरान करने वाली बदसलूकी। दिल्ली पुलिस उसे तुरंत निलंबित करें। पुलिस की आलोचना करते हुए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि क्या पुलिस को इस तरह मनीष सिसोदिया से दुर्व्यवहार करने का अधिकार है, क्या पुलिस से ऐसा करने के लिए कहा गया है। आरोप पर प्रतिक्रिया देते हुए दिल्ली पुलिस ने इसे दुष्प्रचार बताया। उसने कहा कि न्यायिक हिरासत में बंद किसी आरोपी का मीडिया को बयान देना कानून के खिलाफ है।

दिल्ली पुलिस ने ट्वीट किया, राउज एवेन्यू अदालत में पेशी के समय मनीष सिसोदिया के साथ पुलिस दुर्व्यवहार की बात दुष्प्रचार है। पुलिसकर्मी ने सुरक्षा वजहों से सिसोदिया को पकड़ा हुआ था। न्यायिक अभिरक्षा में आरोपी द्वारा मीडिया को वक्तव्य जारी करना विधि विरुद्ध है। अदालत परिसर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए सिसोदिया ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा था। आप के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने आरोप लगाया कि पुलिस ने अपने आकाओं को खुश करने के लिए सिसोदिया से दुर्व्यहार किया। उन्होंने कहा कि अदालत को इस घटना का संज्ञान लेना चाहिए।


कोर्ट परिसर में सिसोदिया को मीडिया से बात करने से रोकती पुलिस।

### सिसोदिया की न्यायिक हिरासत एक जून तक बढ़ी

**दिल्ली की एक अदालत ने कथित आबकारी घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत की अवधि एक जून तक बढ़ा दी है। अदालत ने मंगलवार को जेल प्राधिकारियों को आप नेता को जेल में किताबों के साथ ही एक कुर्सी तथा मेज उपलब्ध कराने पर विचार करने का भी निर्देश दिया।**

# महिला पहलवानों को बृजभूषण ने बताया मंथरा, कैकेई

● भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष ने दिया विवादास्पद बयान

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली/गोंडा

महिला पहलवानों के कथित यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने मंगलवार को एक विवादास्पद बयान में महिला पहलवानों के विरोध प्रदर्शन पर रामायण का संदर्भ देते हुए कहा कि विनेश फोगाट उनके लिए मंथरा बनकर आ गई हैं। आगामी पांच जून को अयोध्या में आयोजित जनचेतना महारैली में भीड़ जुटाने के उद्देश्य से जिले में जनसम्पर्क के दौरान मंगलवार को उन्होंने एक नुक्कड़ सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि महिला पहलवान विनेश फोगाट आज वही काम कर रही हैं, जो त्रेता युग में मंथरा ने किया था।

कैसरगंज से भाजपा सांसद बृजभूषण ने कहा कि इससे पहले जंतर मंतर पर हजारों पहलवान धरना दे रहे थे और अब केवल तीन जोड़े (पति-पत्नी) बचे हैं। सातवां कोई नहीं है। जिस दिन परिणाम आएगा, हम मंथरा को भी धन्यवाद देंगे।

बृजभूषण ने साथ ही यह आरोप भी लगाया कि जो पहलवान प्रदर्शन कर रहे हैं, वे आज तक नहीं बता पाए कि उनके साथ कब, कहां और क्या-क्या हुआ? कैसे-कैसे हुआ? उन्होंने कहा कि यह षड्यंत्र आज का नहीं है। यह बहुत दिनों का है, लेकिन इसके माध्यम से कुछ अच्छा होना है।

उन्होंने कहा कि यह आरोप नहीं, छुआछूत का मामला है। गुड टच-बैड टच का मामला है। मुझ पर झूठे आरोप लगाए गए हैं, लेकिन यह आरोप मुझ पर नहीं आया है। बल्कि भगवान ने मुझे इस आरोप से लड़ने के लिए माध्यम बनाया है। इससे पहले 21 मई को बृजभूषण ने कहा था कि वह नार्को टेस्ट कराने के लिए तैयार हैं, बशर्ते विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया की भी यही जांच की जाए।

## खिलाड़ियों ने इंडिया गेट तक निकाला कैंडल मार्च




*नई दिल्ली।* *जंतर मंतर पर धरना दे रहे देश के शीर्ष पहलवानों ने मंगलवार को इंडिया गेट तक कैंडल मार्च निकाला। दिल्ली पुलिस ने हालांकि इस कैंडल मार्च की अनुमति नहीं दी थी, लेकिन उसने मना भी नहीं किया था। इसलिए अव्यवस्था से बचने के लिए पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। कैंडल मार्च में बड़ी संख्या में लोग जुटे।*

*जंतर मंतर से इंडिया गेट तक निकाले गए कैंडल मार्च में बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट और साक्षी मलिक सबसे आगे चल रहे थे। उनके साथ बड़ी संख्या में युवा और महिलाएं भी थीं। लोगों ने हाथों में बैनर-पोस्टर और तिरंगे के साथ मोमबत्तियां भी ले रखी थीं।कैंडल मार्च के दौरान भीड़ को संबोधित करते हुए विनेश फोगाट ने कहा कि 28 मई को संसद भवन के सामने महिला महापंचायत आयोजित की जाएगी। इसमें खिलाड़ियों के साथ हो रही ज्यादतियों का मुद्दा उठाया जाएगा और महापंचायत की अध्यक्षता महिलाएं ही करेंगी। बजरंग पूनिया ने कहा कि बहनों का सम्मान हमारे लिए जान से भी बढ़कर है। जब तक देश की बेटियों को न्याय नहीं मिलेगा, आंदोलन जारी रहेगा। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर के पहलवान बीते 23 अप्रैल से जंतर मंतर पर धरना दे रहे हैं। सिंह पर एक नाबालिग समेत छह महिला पहलवानों का यौन उत्पीड़न करने का आरोप है। हालांकि सिंह आरोपों का कड़ाई से खंडन करते आ रहे हैं।*

# दिनभर रही भीषण गर्मी शाम को छाए बादल

पीएनएस। नई दिल्ली

पिछले तीन दिनों से चिलचिलाती गर्मी के बाद मंगलवार शाम को धूल भरी आंधी चलने और काले बादल छाने से दिल्ली और आसपास के लोगों को थोड़ी राहत मिली। शाम को 48 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली धूल भरी हवाओं और आसमान में छाए बादलों ने उमस भरी गर्मी से थोड़ी राहत दी। बुधवार दोपहर या शाम को बादल छाए रहेंगे और इस दौरान आंधी व हल्की बारिश की संभावना है।

मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले दो दिनों के बीच तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। इसके चलते तापमान में पांच डिग्री तक की गिरावट हो सकती है। दिल्ली के ज्यादातर भाग मंगलवार सुबह से ही तेज चमकदार धूप और चिलचिलाती गर्मी का लोगों को सामना करना पड़ा। दिन के ज्यादातर हिस्से में तेज धूप निकली रही। दोपहर में कई इलाकों में लू के थपेड़ों का भी अहसास हुआ।

दिल्ली की मानक वेधशाला सफदरजंग में दिन का अधिकतम तापमान 43.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया जो कि सामान्य से तीन डिग्री ज्यादा है। जबकि, न्यूनतम तापमान 29.8 डिग्री सेल्सियस रहा। यह भी सामान्य सेतीन डिग्री ज्यादा है। यहां पर आर्द्रता का स्तर 53 से 31 फीसदी तक रहा।

राजधानी का नजफगढ़ क्षेत्र सबसे ज्यादा गर्म रहा। यहां का अधिकतम तापमान 46.7 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया जो अबतक का इस सीजन में रिकार्ड किया गया सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान है। नजफगढ़ के अलावा पीतमपुरा और स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में भी अधिकतम तापमान 46 के पार रिकार्ड किया गया।



## बागपत के युवक की दिल्ली में हत्या, कार में मिला शव

**नई दिल्ली** । उत्तर-पूर्वी दिल्ली के जाफराबाद इलाके में मंगलवार सुबह 32 वर्षीय एक व्यक्ति का शव मिला, जिसकी गर्दन पर चाकू से वार के निशान हैं। पुलिस ने यह जानकरी दी।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सुबह करीब साढ़े पांच बजे पुलिस नियंत्रण कक्ष को सूचना मिली कि जाफराबाद में यमुना विहार रोड पर एक कार में एक व्यक्ति लेटा दिखाई दे रहा है और उसके शरीर से लगातार खून बह रहा है।

अधिकारी के मुताबिक, पुलिस की एक टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और उसे यह व्यक्ति मृत मिला। उसकी गर्दन पर चाकू से वार के निशान थे। अधिकारी ने बताया कि मृतक की शिनाख्त बागपत जिले के रहने वाले अर्जुन के रूप में हुई है, जबकि उसकी कार पर हरियाणा का पंजीकरण नंबर है। फॉरेंसिक साइंस लैबोरेटरी और अपराध शाखा की टीम को घटनास्थल पर बुलाया गया है। साथ ही इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।


पटियाला हाउस से निकलती अभिनेत्री जैकलीन।

## जैकलीन को विदेश जाने की मिली अनुमति

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने धनशोधन के एक मामले में आरोपी बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज को 25 मई से 12 जून तक विदेश यात्रा करने की मंगलवार को अनुमति दे दी। इस मामले में सुकेश चंद्रशेखर भी आरोपी है। विशेष न्यायाधीश शैलेंद्र मलिक ने जैकलीन द्वारा दायर याचिका को स्वीकार कर लिया, जिसमें कहा गया था कि उन्हें आईफा पुरस्कारों में भाग लेने के लिए 25 मई से 27 मई तक अबू धाबी की यात्रा करने की जरूरत है। अदालत ने उन्हें 28 मई से 12 जून तक मिलान की यात्रा करने की भी अनुमति दे दी। अभिनेत्री ने अनुरोध किया था कि उन्हें एक फिल्म की शूटिंग के सिलसिले में वहां जाने की जरूरत है। अदालत ने पिछले साल 15 नवंबर को जैकलीन को जमानत दे दी थी। ईडी ने चंद्रशेखर के खिलाफ आर्थिक अपराध शाखा द्वारा दर्ज एक प्राथमिकी के आधार पर मामला दर्ज किया था।

# केजरीवाल, संजय सिंह को फिर समन जारी

● गुजरात कोर्ट ने प्रधानमंत्री की अकादमिक डिग्री को लेकर मानहानि मामले में 7 जून को पेश होने का फरमान

पीएनएस। नई दिल्ली/अहमदाबाद





गुजरात में अहमदाबाद की एक अदालत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अकादमिक डिग्री को लेकर गुजरात विश्वविद्यालय द्वारा दायर आपराधिक मानहानि के मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तथा आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह को मंगलवार को ताजा समन जारी करते हुए उन्हें सात जून को पेश होने के लिए कहा है।

अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट एस जे पांचाल ने केजरीवाल तथा सिंह को समन जारी किया। अदालत को बताया गया कि ऐसा लगता है कि दोनों को 23 मई को पेश होने के लिए पहले जारी किया गया समन उन्हें नहीं मिला क्योंकि उनमें से कोई भी अदालत में मौजूद नहीं है। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट जएश चोवाटिया की अदालत ने प्रधानमंत्री मोदी की शैक्षणिक डिग्री को लेकर गुजरात विश्वविद्यालय के खिलाफ उनके व्यंग्यात्मक और अपमानजनक बयानों के लिए एक आपराधिक मानहानि शिकायत में आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को समन जारी किया था।

आप की गुजरात इकाई के कानूनी प्रकोष्ठ के प्रमुख प्रणव ठक्कर ने सोमवार को कहा था कि केजरीवाल और सिंह को अदालत द्वारा जारी समन अभी तक नहीं मिला है। ज्ञात हो कि कोर्ट इस मामले में सख्त टिप्पणी कर चुकी है। वहीं आप इसे एक राजनीति मुद्दा बनाने की कोशिश कर रही है।

## एलजी के खिलाफ कार्यवाही पर अंतरिम रोक

**अहमदाबाद।** गुजरात उच्च न्यायालय ने 2002 में सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर पर कथित हमले के मामले में दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना के खिलाफ निचली अदालत में आगे की कार्यवाही पर मंगलवार को अंतरिम रोक लगा दी। सक्सेना ने उपराज्यपाल पद पर बने रहने तक उनके खिलाफ मुकदमे की सुनवाई स्थगित करने की अपील खारिज करने के मेट्रोपोलिटन अदालत के आदेश को चुनौती दी है। अदालत ने राज्य सरकार और शिकायतकर्ता पाटकर को भी नोटिस जारी किया।

## इमामों के वेतन पर आदेश का पालन करें : सीआईसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के कार्यालय को निर्देश दिया है कि वह उन मस्जिदों के इमामों को दिए गए वेतन की जानकारी दें जिनका रखरखाव दिल्ली वक्फ बोर्ड नहीं करता है।

सीआईसी ने कार्यालय को यह भी निर्देश दिया कि वह उसके आदेश की प्रति मिलने के 20 दिन के अंदर इसपर अमल करें और चेताया कि अगर उसके आदेश का पालन नहीं किया गया तो वह अधिकारियों को तलब कर लेगा।

# कांस्टेबल ने पास की यूपीएससी परीक्षा

● आठवें प्रयास में पाई सफलता, बधाईयों का लगा तांता

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



सिविल सेवा परीक्षा पास करने वाले दिल्ली पुलिस में हेड कांस्टेबल राम भजन कुमार का मोबाइल लगातार बज रहा है। सिविल सेवा के परिणाम आने के बाद से उनको बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। साइबर सेल पुलिस स्टेशन में तैनात 34 वर्षीय राम भजन ने अपने आठवें प्रयास में सिविल सेवा में 667वां स्थान प्राप्त किया है।

कुमार ने कहा कि परिणाम घोषित होने के बाद से उनके पास परिवार के सदस्यों, मित्रों और वरिष्ठ अधिकारियों के लगातार फोन आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह सपने के सच होने जैसा है। यह मेरा आठवां प्रयास था। इस बार सिविल सेवा में चयन को लेकर उम्मीद नहीं थी, इसलिए मैं नौवें प्रयास की तैयारी में जुट गया था। इतना ही नहीं मैं अपनी रैंक में सुधार लाने के लिए 28 मई को होने वाले सिविल सेवा 2023 की प्रारंभिक परीक्षा भी दूंगा। मुझे सिविल सेवा में चयन का भरोसा था इसीलिए मैं सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ सपने को सच करने के लिए अंतिम प्रयास की तैयारी में जुटा हुआ हूं।

SBI आरएसीपीसी-2 कोरेन्थम बिल्डिंग टावर - ए, सेक्टर-62, नोएडा

जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल भारतीय स्टेट बैंक, RACPC-2 कोरेंथम बिल्डिंग, सेक्टर-62, नोएडा ने श्री अक्षत कुमार सिंघल पुत्र श्री सुशील कुमार सिंघल और श्रीमती नीरजा सिंघल पत्नी श्री सुशील कुमार सिंघल को ऋण खाता संख्या- 37211641103 के माध्यम से रु. 3800000/- का आवास ऋण स्वीकृत किया है। और बंधक संपत्ति अपार्टमेंट / यूनिट नं. जी - 1104, 11वीं मंजिल सुपर एरिया 1531 वर्ग फुट- टावर जी, पार्क एवेन्यू प्लॉट नं. जीसी 02, गौर सिटी-1, जीएच-1, सेक्टर- 04, ग्रेटर नोएडा जिला - जी. बी. नगर में स्थित, मेरे मुवक्किल ने GNIDA और मैसर्स एआईजी इंफ्राटेक (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड द्वारा श्री अक्षत कुमार सिंघल और श्रीमती नीरजा सिंघल दिनांक 24-09-2017 के पक्ष में निष्पादित मूल उप-पट्टा विलेख खो दिया है, जो उप पंजीयक- II के कार्यालय में पंजीकृत है, नोएडा में पुस्तक संख्या-1 खंड संख्या- 25247 पृष्ठ 279-320 पर दस्तावेज नं. 28922 यदि कोई उपरोक्त संपत्ति दस्तावेजों का व्यवहार या दुरुपयोग करता है, मेरे मुवक्किल का कथित संपत्ति पर पहला विशेष अधिकार होगा। यह भी ध्यान दिया जाना चाहिए कि उक्त संपत्ति को अभारग्रस्त (मेरे मुवक्किल के प्रभार को छोड़कर) विपणन योग्य माना जाएगा और उपरोक्त दस्तावेज के आधार पर कोई दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

सहायक महा प्रबंधक

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 24 मई, 2023



# यूपीएससी में अभिनव को 12वां तो प्रांशु शर्मा को मिला 65वां रैंक

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**दोनों युवा हैं सरकारी सेवा में अधिकारियों के बेटे**

**अभिनव है दिल्ली में एसडीएम, प्रांशु रेलवे में अहमदाबाद में करते हैं नौकरी**

**मंगलवार** को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की ओर से जारी किए गए परीक्षा परिणाम में गुरुग्राम में रहने वाले दो युवाओं ने सफलता हासिल कर नाम रोशन किया है। यहां के अभिनव सिवाच ने 12वां रैंक हासिल किया, वहीं प्रांशु शर्मा को 65वां रैंक मिला है। उनकी सफलता पर परिवारों में खुशी का माहौल है।

इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में बीटेक, एमबीए पास अभिनव सिवाच पहले तो मुंबई में एक कंपनी में 35 लाख रुपये के सालाना पैकेज पर नौकरी करते थे। उस नौकरी से वे संतुष्ट नहीं थे। उन्हें पैसा कमाने से ज्यादा सिविल सेवा में आकर देश, समाज की सेवा करनी थी। इसलिए इतने बड़े पैकेज के बाद भी उन्होंने कंपनी की नौकरी को छोड़ा और सिविल सर्विस की तैयारी में जुट गए। उन्हें दिल्ली में सरकारी नौकरी भी मिल गई। मूलरूप से फतेहाबाद जिला के गांव गोरखपुर के रहने वाले अभिनव सिवाच


अभिनव सिवाच। प्रांशु शर्मा।

फिलहाल दिल्ली में एसडीएम के पद पर कार्यरत हैं। अभिनव ने दूसरी बार में ही यूपीएससी की परीक्षा पास कर ली। उनका कहना है कि सात से 10 घंटे तक पढ़ाई उन्होंने की। सोशल मीडिया आदि से लगभग दूरी ही बनाए रखी, ताकि पूरा ध्यान पढ़ाई में दे सकें।

अभिनव का कहना है कि आईएएस के रूप में उनका प्राथमिकता हरियाणा कैडर है। उनके पिता सतबीर सिवाच गुरुग्राम में आबकारी एवं कराधान विभाग में उपायुक्त के पद पर कार्यरत हैं। मां सुमन सिवाच गृहिणी हैं। छोटा भाई स्नातक की पढ़ाई कर रहा है।

**प्रांशु को पांच बार मिली असफलता के बाद छठी बार में हुए पार :** गुरुग्राम के प्रांशु शर्मा को 65वां रैंक हासिल हुआ। प्रियांशु शर्मा वर्ष 2018 से रेलवे में अहमदाबाद में नौकरी कर रहे हैं। उनके पिता गुरुग्राम में चीफ इंजीनियर के पद से सेवानिवृत हैं। प्रांशु के मुताबिक यूपीएससी की परीक्षा में च्वाइस का ऑप्शन भी होता है, जिसमें उन्होंने विदेश सेवा (फॉरेन सर्विस) भरा था। अगर उसे यह सेवा मिली तो सही, नहीं तो कोई अन्य सेवा भी मिलती है तो सर्वश्रेष्ठ काम वे करेंगे। वैसे हमेशा उनका रुझान विदेश सेवा में ही रहा है। प्रांशु का कहना है कि पढ़ाई को लेकर उसने घंटे तो तय नहीं किए थे, लेकिन पढ़ाई वह लगातार करता रहा।

उसे पढ़ने के बाद उसे दोहराना अच्छा लगता है और यही आदत उसे सफलता तक लेकर आई है। हालांकि इस बार की परीक्षा के लिए उसे ज्यादा मेहनत नहीं करनी पड़ी। उनकी छोटी बहन मायरा जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी से पढ़ाई कर रही है। रिटायर चीफ इंजीनियर पिता विजय कुमार शर्मा व गृहिणी मां रुचि शर्मा ने अपने बेटे की इस सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद थी कि प्रांशु को एक दिन सफलता जरूर मिलेगी। रेलवे में नौकरी करते हुए भी वह अपनी तैयारियों में जुटा रहता।

## संक्षिप्त समाचार

### पहले दिन दो हजार का नोट जमा करने वालों की संख्या आंशिक



**सोहना।** स्थानीय बैंकों में पहले दिन 2000 रुपये जमा कराने वाले ग्राहकों की संख्या सामान्य रही। सभी बैंक शाखाओं में पांच से आठ तक खाताधारक अपने खाते में 2000 के नोट जमा कराने के लिए पहुंचे। मंगलवार से बैंक शाखाओं में शुरु हुई दो हजार रुपये का नोट बदलने व खाते में जमा कराने की प्रक्रिया सामान्य रही। पहले दिन खाताधारक अपने खाते में ही दो हजार रुपये वाले नोटों को जमा करने के लिए पहुंचे। जिनकी संख्या कम से कम 5 और अधिक से अधिक 8 रही। जिन्होने नकदी जमा कराने वाली लाइन में लगकर अपनी अपने दो हजार वाले नोट जमा कर दिए। एक्सीस बैंक की शाखा प्रबंधक जितेन्द्र कुमार ने बताया कि पहले दिन पांच लोग ही दो हजार रुपये के नोटों को लेकर जमा करने के लिए पहुंचे। उनकी शाखा में पहले दिन करीब 8 खाताधारकों ने ही अपने खाते में दो हजार रुपये के नोट जमा किए है। इसी प्रकार अन्य बैंक की शाखाओं में दो हजार रुपये को नोट बदलने व जमा करने का सिलसिला रहा।

### राहगीरी में मानसी व गरिमा को किया गया सम्मानित



**गुरुग्राम।** यहां नौरंगपुर गांव सेक्टर-79 में आयोजित किए गए राहगीरी कार्यक्रम में नौरंगपुर गांव की बच्चियों मानसी व गरिमा को सम्मानित किया गया। कंपनियों की ओर से खेल गतिविधियों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्हें सम्मानित भी किया गया। राहगीरी कार्यक्रम में विभिन्न अकादमियों, स्कूलों के बच्चों ने खेल व अन्य गतिविधियों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। नौरंगपुर की दो बच्चियों मानसी व गरिमा ने भी इस आयोजन में भाग लेकर अपनी प्रतिभा दिखाई।

### सड़क सुरक्षा के में उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्थाएं होंगी पुरस्कृत

**गुरुग्राम।** भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कॉरपोरेट हाउस, ऑटो इण्डस्ट्रीज एवं उनकी एसोसिएशन, विश्वविद्यालय की संस्थाएं, गैर सरकारी संगठनों की विभिन्न एजेंसियां और ट्रस्ट सोसाईटी आदि को पुरस्कृत किया जाएगा। सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए जो संस्थाएं अच्छा कार्य कर रही हैं, उनको भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा पुरस्कृत किया जएगा। सके लिए इच्छुक संस्था मंत्रालय की वेबसाइट पर पंजीकरण के लिए 30 मई 2023 आवेदन कर सकते हैं। डीसी निशांत कुमार यादव ने बताया कि इस संबंध में इच्छुक संस्थाएं अपने-अपने प्रस्ताव ऑनलाईन पोर्टल पर भेज सकते हैं।

# खुले में बहते नलों को लेकर 112 लोगों को थमाए नोटिस

**अवैध कनेक्शन धारकों पर भी की गई कार्रवाई**

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम


गांव मांकड़ोला में खुले में बह रहे पानी को लेकर कार्यवाई करने पहुंची टीम।

**पेय** जल की बर्बादी करने वालो पर गुरुग्राम के ग्रामीण क्षेत्र में विभाग की तरफ से जुर्माने के साथ सख्त करवाई की जा रही। मंगलवार को जिला सलाहकार संजय कुमार के नेतृत्व में खण्ड समन्वयक व पंप ऑपरेटर की टीम गांव मांकड़ोला व ईकबालपुर पहुंची।

वहां खुले में चलने वाले पानी के कनेक्शनों का पता लगाया। मौके पर उपभोक्ताओं को नोटिस देकर चेतावनी दी कि अगर 30 दिन के नोटिस के बाद भी कनेक्शन को दुरुस्त नहीं करवाया तो पांच हजार रुपये जुर्माना व कनेक्शन को तुरंत प्रभाव से काट दिया जाएगा। सरपंच रामचंद्र व अंजली, ग्राम जल एवं सीवरेज समिति की अध्यक्षता में फरूखनगर ब्लॉक के गांव माकडोला व ईकबालपुर में सर्च अभियान चलाया गया। खुले में बहते नल मिलने पर 112 उपभोक्ताओं को मौके पर नोटिस दिया गया। साथ ही कनेक्शन पर टोंटी (टैप) लगाने के आदेश दिए। अगर तीन दिन के नोटिस के बाद अवैध और दुरुस्त नहीं कराया गया तो बिना नोटिस के ही कनेक्शन काट दिया जाएगा। साथ ही जुर्माना वसूला जाएगा। इसी के साथ ही लीकेज, अवैध कनेक्शन, प्लाट में चारा वा सब्जी उगाने वालों को भी नोटिस दिए गए। इस मौके पर विभाग की टीम में खण्ड समन्वयक गुरबाज सिंह, राजकुमार, समाज शास्त्री खुशबू, किरण, सुरेंद्र कुमार, योगेंद्र बाजवा, स्नेहलता, ग्राम जल सीवरेज समिति से सरपंच रामचंद्र, अंजली देवी, धर्मवीर, चंदन, धर्मे, आशा वर्कर रेखा, आंगनबाड़ी वर्कर गीता, चौकीदार ललित, हरिकिशन, बले सिंह, विशाल आदि थे।


# बेटियां पढ़ाई में भी रहीं अव्वल

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**ग्रामीण** अंचल में बेटियां घरेलू कामकाज में अपनी मां व दादी का हाथ बटाने के बावजूद शिक्षा के क्षेत्र में भी अपना और अपने अभिभाव व स्कूल का नाम रोशन करने में पीछे नहीं रह रही हैं। बेटियों को पढ़ाने में अभिभावक अब शिक्षा दिलाने के लिए घर से बाहर भेजने में हिचक नहीं रहे हैं। जिससे बेटियों का हौसला बुलंदियों को छू रहा है।

केन्द्र सरकार द्वारा बेटियों को बचाने व शिक्षित करने का दिया नारा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के संदेश को बुलंद करने में ग्रामीण आंचल में रहने वाले अभिभावक व बेटियां पीछे नहीं हैं। किसान, मजदूर व मध्यमवर्गीय परिवार में जन्म लेने वाली बेटियां अपनी मां व दादी के न चाहते हुए भी घरेलू कामकाज में हाथ बंटा रही हैं। वहीं शिक्षा के क्षेत्र में भी बेटों से अधिक अंक प्राप्त करके अभिभावक व शिक्षकों का नाम रोशन कर रही हैं। हाल ही में हरियाणा शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी किया कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम में बेटियों ने 80 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त करके नाम कमाया है। हरियाणा व केन्द्र सरकार द्वारा 80 या इससे अधिक 12वीं कक्षा में अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को फ्री शिक्षा देने के लक्ष्य को पार कर किया।

**कृष्णा पब्लिक स्कूल छात्राओं ने कमाया नाम :** खंड के गांव खेड़ली स्थित कृष्णा पब्लिक स्कूल की कक्षा 12वीं में पढ़ने वाली छात्रा लक्ष्य ने 81 फीसदी, शालू ने 86 फीसदी, रिया ने 87 फीसदी व प्राची ने 91 फीसदी अंक प्राप्त करके स्कूल, अभिभावक और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। ये सभी छात्राएं मजदूर, शिक्षक, पुलिस कर्मी और मध्यमवर्गीय परिवार में जन्म लेने वाली बेटियां हैं।



**क्या सपने संजोएं हैं बेटियों ने :** ग्रामीण अंचल में रहने वाली बेटियां भी लाल बत्ती की गाड़ी में अधिकारी की हैसियत से बैठकर चलने का सपने को पूरा करने के उद्देश्य से पढ़ाई कर रही है। लक्ष्या का कहना है कि आईएएस की परीक्षा पारित करने का लक्ष्य लेकर अपनी पढ़ाई कर रही है। शालू का कहना है कि लाल बत्ती की गाड़ी में अधिकारी की हैसियत से बैठ गरीब व बेसहाराओं को न्याय दिलवाना चाहती है। रिया का कहना है कि शिक्षा देने से बड़ा कोई दान नहीं है। शिक्षा के क्षेत्र में जाकर वह आने वाली संतान को अंधेरे से उजाला की तरफ लेकर जाएगी। प्राची भारद्वाज का कहना है कि एक अधिकारी के बनकर देश सेवा करना चाहती है। जिससे भारत विश्व में नंबर एक के पद पर पहुंचे।

# कैंसर जैसे खतरनाक रोगों में कारगर है रोबोटिक सर्जरी


गुरुग्राम स्थित एसजीटी यूनिवर्सिटी में रोबोटिक सर्जरी पर कार्यशाला में मौजूद विशेषज्ञ, अतिथि व स्टाफ सदस्य।

**गुरुग्राम।** एसजीटी अस्पताल में मंगलवार को स्नातक, स्नातकों और सभी संकाय सदस्यों को रोबोटिक सर्जरी की मूल बातें और यूरोलॉजी में इसका उपयोग बताने के उद्देश्य से कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह आयोजन डिपार्टमेंट ऑफ जनरल सर्जरी के द्वारा किया गया था। इस कार्यक्रम में एम्स से यूरोलॉजिस्ट डॉ. शैलेश चंद्र सहाय मुख्य अतिथि रहे।

डॉ. शैलेश चंद्र सहाय ने रोबोटिक सर्जरी के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि पिछले कुछ सालों में मेडिकल क्षेत्र में रोबोटिक सर्जरी का इस्तेमाल काफी बढ़ा है। इससे कैंसर जैसे खतरनाक रोग में भी यह सर्जरी कारगर है। डीन डॉ. एसपीएस कोचर ने विभिन्न रोबोटिक सर्जरी के वीडियो सहित रोबोटिक सर्जरी की अच्छी प्रस्तुति दी। प्रो. डॉ. रामेंद्रनाथ तालुकदार ने अपने धन्यवाद भाषण के दौरान कहा कि विद्यार्थियों के चहुमुखी विकास के लिए इस तरह के कार्यक्रम एसजीटी अस्पताल द्वारा समय समय पर किये जाते हैं।

इस मौके पर एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर रीना नायर, डॉ. केएस गोयल, डॉ. रामेंद्रनाथ तालुकदार, डॉ. राहुल कदम और डॉ. अभिषेक यादव आदि मौजूद रहे।

# डिजिटल हेल्थकेयर को अपना रहे हैं युवा, मेडिबडी ने डॉक्टर कंसल्टेशन में दर्ज की 44 प्रतिशत की वृद्धि

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**25 से 35 वर्ष के आयुवर्ग में ऑनलाइन कंसल्टेशन में दिल्ली कोलकाता और लखनऊ हैं अग्रणी**

**भारत** के सबसे बड़े डिजिटल हेल्थकेयर प्लेटफॉर्म मेडिबडी ने युवाओं द्वारा डॉक्टर कंसल्टेशन में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। विशेषरूप से 25 से 35 वर्ष के आयुवर्ग के युवाओं में ऑनलाइन कंसल्टेशन बढ़ा है। 44 प्रतिशत की वृद्धि के साथ प्लेटफॉर्म ने युवाओं के बीच डिजिटल हेल्थकेयर सर्विस को अपनाने की दिशा में सकारात्मक झुकाव देखा है।

युवा अपने स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रुख अपना रहे हैं और अपने शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य को बेहतर करने के लिए समझदारी से विकल्पों का चयन कर रहे हैं। टेक्नोलॉजी का प्रयोग करने वाली पीढ़ी टेक्नोलॉजी का लाभ लेते हुए अपने स्वास्थ्य पर नजर रख रही है और स्वस्थ जीवनशैली को अपना रही है। 2022 से 2023 के बीच प्लेटफॉर्म पर एंडोक्रायनोलॉजी कंसल्टेशन में 74.32 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। इससे युवाओं के बीच प्री-डायबिटीज को लेकर सतर्कता का ट्रेंड तो दिख ही रहा है, साथ ही यह युवाओं की सोच में बदलाव का भी प्रतीक है। यह डायबिटीज, थायरॉयड और जेनेटिक असंतुलन जैसी कई बीमारियों के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। एंडोक्रायनोलॉजी कंसल्टेशन बढ़ना यह दिखाता है कि हॉर्मोनल डिसऑर्डर के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ रही है, जो लोगों के स्वास्थ्य को बेहतर करने में भूमिका निभाएगा। इसी दौरान मेडिबडी ने पल्मनोलॉजी कंसल्टेशन में भी वृद्धि दर्ज की है। इस क्षेत्र में कंसल्टेशन में 58.87 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। अस्थमा, क्रोनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मनरी डिजीज (सीओपीडी), लंग डिसऑर्डर, न्यूमोनिया और सांस संबंधी अन्य बीमारियां पल्मनोलॉजी के तहत ही कवर होती हैं। पल्मनोलॉजी कंसल्टेशन में वृद्धि यह दिखाती है कि प्रदूषण के बढ़ते स्तर, शहरी क्षेत्रों में खराब होते एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई), धूम्रपान और संक्रमण के कारण सांस संबंधी बीमारियों के मामले बढ़े हैं। जीवाश्म ईंधन के प्रयोग, औद्योगिक उत्सर्जन, कंस्ट्रक्शन गतिविधियों और बढ़ते यातायात ने वायु प्रदूषण में भूमिका निभाई है।

हेड ऑफ मेडिकल ऑपरेशंस डॉ. गौरी कुलकर्णी ने कहा, यह देखना उत्साहजनक है कि युवा अपने स्वास्थ्य को लेकर सतर्क हैं और समय पर चिकित्सकीय परामर्श ले रहे हैं। हार्मोनल असंतुलन कई बार अनदेखा रह जाता है, जिससे आगे चलकर लंबी अवधि में स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

# बाल रक्षा भारत ने वंचित वर्ग के युवाओं के लिए किया वाई-20 चौपाल का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**अपने** वाई20 संवाद के तहत इंडस्ट्री 4.0 को लेकर युवाओं में विमर्श को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बाल रक्षा भारत ने स्टार्टअप इकोसिस्टम में वंचित समुदायों के युवाओं के समक्ष आने वाली चुनौतियां और उन चुनौतियों को भविष्य की दिशा में मोड़ना विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया। पहले सत्र की अगुआई बाल रक्षा भारत, विश्व युवक केंद्र और एवी बालिगा ट्रस्ट के सात युवा प्रतिभागियों के प्रतिनिधिमंडल ने की। दूसरे सत्र में राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) की हेड स्टैंडर्ड्स दीप्ति सक्सेना की अगुआई में उद्योग जगत के विशेषज्ञों के बीच उच्च स्तरीय परिचर्चा हुई। बाल रक्षा भारत को वैश्विक स्तर पर सेव द चिल्ड्रेन के नाम से जाना जाता है।

वाई20 सचिवालय ने सभी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय आर्थिक मुद्दों पर वैश्विक संरचना एवं प्रशासन को मजबूती एवं आकार देने की दिशा में जी20 में युवाओं की भूमिका के लिए प्रतिभागियों को शामिल किया। बिहार, दिल्ली, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र में युवा चौपाल की श्रृंखला के आयोजन के बाद उसी कड़ी में यह आयोजन किया गया।

इनके तहत युवाओं को सकारात्मक नीतिगत इनपुट देने और अपनी आवाज को वैश्विक समुदाय तक पहुंचाने का मौका दिया गया। दिल्ली चौपाल में युवाओं को सशक्त करने में सरकार की अहम भूमिका पर चर्चा



हुई और उनके सुझावों में ज्यादा समानतापूर्ण समाज निर्माण की दिशा में उनकी प्रतिबद्धता की झलक भी दिखी। देश के नीतिगत मसलों में युवाओं की सहभागिता के महत्व और वाई20 प्लेटफॉर्म से मिलने वाले अवसरों के बारे में बाल रक्षा भारत के सीईओ सुदर्शन सुचि ने कहा, इंडस्ट्री 4.0 से भविष्य की राह बन रही है। इसलिए जरूरी है कि देश इस बदलाव में ढलने के लिए युवाओं को सशक्त एवं तैयार करें। युवाओं के विकास के लिए पंचायत स्तर पर इन्फॉर्मेशन एवं कम्युनिकेशन सिस्टम की स्थापना करने, स्कूली शिक्षा के साथ-साथ हाईस्कूल के स्तर से ही कौशल आधारित व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करने, हाईस्कूल की पढ़ाई में लाइफ स्किल एजुकेशन से जुड़ी जरूरतों को शामिल करने, टियर 2 राज्यों एवं ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को नए एवं इनोवेटिव इकोसिस्टम से जोड़ने जैसे कुछ महत्वपूर्ण सुझाव युवाओं ने दिए।

# परमिता ब्रह्मचारी चुनी गईं 8वें ऑक्सफोर्ड बुकस्टोर बुक कवर पुरस्कार की विजेता

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**पिछले** सौ सालों से सक्रिय देश की जानी-मानी बुकस्टोर श्रृंखला ऑक्सफोर्ड बुकस्टोर ने इंडिया हैबिटेट सेंटर में आयोजित एक विशेष शाम में 'ऑक्सफोर्ड बुकस्टोर आर्ट बुक पुरस्कार' के पहले संस्करण और 'ऑक्सफोर्ड बुकस्टोर बुक कवर पुरस्कार' के 8वें संस्करण के विजेताओं की घोषणा की।

विख्यात सीनोग्राफर तथा समकालीन भारतीय रंगमंच के निर्देशक सत्यव्रत राउत द्वारा लिखित और नियोगी बुक्स द्वारा प्रकाशित 'सीनोग्राफी एंड इंडियन पर्सपेक्टिव' को ऑक्सफोर्ड बुकस्टोर एवं विजुअल आर्ट्स गैलरी, इंडिया हैबिटेट सेंटर के संयुक्त तत्वाधान में स्थापित 'ऑक्सफोर्ड बुकस्टोर आर्ट बुक पुरस्कार' के पहले संस्करण का विजेता घोषित किया गया। विजेता पुस्तक के लेखक और प्रकाशक को नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में, जूरी की अध्यक्ष डॉ. अलका पांडे तथा नॉर्वे दूतावास में मिनिस्टर काउंसलर एवं मिशन उप-प्रमुख मार्टीन अमदल बोटहेम द्वारा ट्रॉफी, प्रमाण पत्र के अलावा 1 लाख रुपये के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस शानदार शाम में 'ऑक्सफोर्ड बुकस्टोर बुक कवर पुरस्कार' विजेता की घोषणा भी हुई, जो पुस्तक डिजाइन में प्रतिभा के लिए अपनी तरह का पहला पुरस्कार है। पूरे भारत में चित्रकारों, डिजाइनरों और प्रकाशकों के असाधारण काम को पहचान दिलाने और प्रोत्साहित करने के लिए बुकस्टोर द्वारा एक प्रयास के तहत कोलकाता की डिजाइनर परमिता ब्रह्मचारी को इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के आठवें संस्करण का विजेता घोषित किया गया। परमिता ने मनिंद्र गुप्ता की पुस्तक पेबल मंकी के बुक कवर के लिए यह प्रतिष्ठित पुरस्कार जीता, जिसका अनुवाद अरुणावा सिन्हा ने किया है और उसे जादवपुर यूनिवर्सिटी प्रेस द्वारा प्रकाशित किया गया है। प्रसिद्ध लेखक और 'पेबल मंकी'



के अनुवादक अरुणावा सिन्हा और जादवपुर यूनिवर्सिटी प्रेस में विकास संपादक डॉ. देवलीना मुखर्जी ने परमिता ब्रह्मचारी की ओर से पुरस्कार स्वीकार किया, जो निजी कारणों से समारोह में शामिल नहीं हो सकीं।

जूरी की अध्यक्ष डॉ. अलका पांडे और एपीजे ऑक्सफोर्ड बुकस्टोर्स के सीईओ स्वागत सेनगुप्ता ने अरुणावा सिन्हा और डॉ. देवलीना मुखर्जी को पुरस्कार के रूप में ट्रॉफी, प्रमाणपत्र और एकक लाख रुपये की नकद राशि का पुरस्कार प्रदान किया। 8वें ऑक्सफोर्ड बुकस्टोर बुक कवर पुरस्कार तथा प्रथम ऑक्सफोर्ड बुकस्टोर आर्ट बुक पुरस्कार के विजेताओं की घोषणा करते हुए, प्रीति पॉल, निदेशक, एपीजे सुरेंद्र गुप ने कहा, 'ऑक्सफोर्ड बुकस्टोर में हम अपने पहले ऑक्सफोर्ड बुकस्टोर आर्ट बुक पुरस्कार को मिल रही सराहना तथा उत्साही प्रतिक्रियाओं से बेहद प्रसन्नता का अनुभव कर रहे हैं। ऑक्सफोर्ड बुकस्टोर बुक कवर पुरस्कार के आठवें संस्करण के लिए जूरी सदस्यों में प्रमुख लेखक, भारतीय स्तंभकार और उपन्यासकार, शोभा डे, प्रसिद्ध लेखक, राजनीतिज्ञ और संसद सदस्य, डॉ. शशि थरूर, प्रसिद्ध लेखक और शिक्षाविद, डॉ. कुणाल बसु, एपीजे सुरेंद्र समूह की निदेशक और ऑक्सफोर्ड बुकस्टोर्स के पीछे रचनात्मक ताकत, प्रीति पॉल तथा म्यूजियम क्यूरेटर और जूरी चेयर डॉ. अलका पांडे शामिल थे।

# घाटी में मेटल ग्रिल रैलिंग लगाने का कार्य अधर में लटका

**बीएंडआर विभाग टूटी हुई सुरक्षा दीवार से जानलेवा हादसे की आशंकाओं को कर रहा नजरअंदाज**

**सोहना।** सोहना से तावडू जाने वाले राष्ट्रीय मार्ग 919 की घाटी में की टूटी रिटर्निंग दीवार के स्थान पर बीएंडआर विभाग द्वारा लगाई जाने वाली मेटल ग्रील रैलिंग का कार्य अधर में लटक गया है। जिससे घाटी से उतरते या चढ़ते समय गहरी खाई में वाहन गिरने का खतरा दिन प्रति दिन बढ़ता जा रहा है।

घाटी मार्ग के एक तरफ बनी सुरक्षा दीवार के टूटने का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। वहीं बीएंडआर विभाग टूटी हुई सुरक्षा दीवार से जानलेवा हादसा होने की संभावनाओं को नजरअंदाज किए हुए है। हाल ही में बीएंडआर विभाग ने घाटी के करीब तीन किलोमीटर लंबाई में सुरक्षा दीवार के स्थान पर मेटल ग्रील रैलिंग लगाने की योजना बनाई थी। लेकिन मेटल ग्रील सुरक्षा रैलिंग लगाने का कार्य मात्र कागजों तक ही सिमटकर रह गया है।



> **एनएचआई** 919 मार्ग का सोहना से लगती जिला नूह के खंड तावडू की सीमा से लेकर रेवाड़ी तक मार्ग का निर्माण कराया जाना है। कार्य शुरू होने के साथ ही घाटी में मेटल ग्रील रैलिंग लगानी है। जिसका ठेका छोड़ा हुआ है।
>
> **अजीत सिंह**
> **एसडीओ बीएंडआर**

**घाटी रोड से गुजरते हैं हजारों वाहन :** तावडू जाने वाले राष्ट्रीय मार्ग 919 से एक दिन में तीन से 4 हजार वाहन चढ़ते व उतरते हैं। जिसमें दो पहिया से लेकर 24 टायर वाले वाहन शामिल हैं। दिन की अपेक्षा रात के समय में भारी वाहन अधिक दौड़ते हैं। लेकिन भारी वजन वाले वाहनों के चालक उतरते समय अपनी जान हथेली पर रखकर चलते हैं, क्योंकि जितने भी वाहन आज तक घाटी से गहरी खाई में कूदे हैं। वे ब्रेक फेल होने या अन्य वाहन से बचाव के दौरान मार्ग से गहरी खाई में कूद गए हैं।

# मुनाफे में आई पेटेल: वित्त वर्ष 2022-23 में जीएमवी में सात गुना और राजस्व में नौ गुना बढ़ोतरी दर्ज की

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**उपभोक्ताओं** को ऑफलाइन स्टोर में ईएमआई की सुविधा प्रदान करने वाले और तेजी से विकास कर रहे टेक प्लेटफॉर्म पेटेल ने वित्त वर्ष 2022-23 में उल्लेखनीय विकास दर्ज किया है। तिमाही आधार पर 70 प्रतिशत से ज्यादा विकास के साथ सालाना आधार 9 गुना विकास दर्ज किया है। वित्त वर्ष 2022-23 में पेटेल ने कुल 1,200 करोड़ रुपये की ईएमआई सुविधा ग्राहकों को दी, जो वित्त वर्ष 2021-22 में 142 करोड़ रुपये था। कंपनी ने इस विकास का श्रेय रिटेल मर्चेंट्स के बढ़ते डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क और कॉरपोरेट पार्टनरशिप को दिया है। पेटेल के डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क में 85,000 से ज्यादा मर्चेंट जुड़े हैं। कंपनी का लक्ष्य अगले 2-3 साल में इस नेटवर्क को 4,00,00 तक पहुंचाना है। कंपनी को ऑपरेटिंग प्रॉफिट होने लगा है और वह टिकाऊ तरीके से कारोबार को विस्तार देने की दिशा में बढ़ रही है।

पेटेल के संस्थापक एवं सीईओ विकास गर्ग ने कहा, %यह हमारे लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। एक मजबूत और सतत विकास का मॉडल बनाने की दिशा में प्रतिबद्धता ही हमारी सफलता का मूल है। हम बस शॉर्ट-टर्म ग्रोथ पर फोकस नहीं कर रहे हैं, बल्कि हम एक ऐसा प्लेटफॉर्म बनाने की दिशा में प्रयासरत है, जिससे हम अपने ग्राहकों, मर्चेंट्स, कॉरपोरेट और लेंडिंग पार्टनर्स को लाभ प्रदान कर सकें। पेटेल प्लेटफॉर्म कॉरपोरेट्स, लेंडिंग इंस्टीट्यूशन, रिटेल ऑफलाइन मर्चेंट्स और कंज्यूमर्स के नेटवर्क का संचालन करता है। कॉरपोरेट्स और रिटेल मर्चेंट्स के साथ साझेदारी करते हुए यह प्लेटफॉर्म उपभोक्ताओं को उत्पादों की खरीद के लिए क्रेडिट उपलब्ध कराता है। पार्टनर फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशन के माध्यम से यह क्रेडिट दिया जाता है। पेटेल आरबीआई के



दिशानिर्देशों एवं नियमनों का पूरी तरह से पालन करती है। प्लेटफॉर्म के लेंडर्स में आईसीआईसीआई बैंक, चोलामंडलम, एचडीबी फाइनेंशियल, पिरामल व अन्य शामिल हैं। ब्रांड ने ईवी के साथ-साथ कंज्यूमर ड्यूरेबल इंडस्ट्री की प्रमुख कंपनियों के साथ गठजोड़ किया है। इनमें वीवो, ओप्पो, वोल्टास, ब्लूस्टार और लिवगार्ड जैसी कंपनियां शामिल हैं। कंपनी चालू वित्त वर्ष में पुन: 5 से छह गुना विकास का लक्ष्य लेकर चल रही है, साथ ही लाभ का संतुलन भी बनाएगी। पेटेल ने जीरो कैश बर्न का उत्साहजनक प्रदर्शन किया है और अपनी शुरुआत के मात्र दो वर्ष में ही परिचालन लाभ में आ गई है और बेहतर विकास भी कर रही है। इस सफलता ने पेटेल को यह उपलब्धि पाने वाली चुनिंदा फिनटेक कंपनियों में शामिल कर दिया है। कंपनी भविष्य को लेकर आशान्वित है और आगामी महीनों में अपने परिचालन को गति देते हुए इस विकास के क्रम को जारी रखने की उम्मीद कर रही है।

विकास ने आगे कहा, हम लगातार अपने डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क का विस्तार कर रहे हैं और अग्रणी ब्रांड एवं मर्चेंट्स के साथ साझेदारी कर रहे हैं। हमें विश्वास है कि पेटेल किफायती एवं सुविधाजनक ईएमआई विकल्पों के लिए पसंदीदा प्लेटफॉर्म बनकर सामने आएगा। हमारा फोकस अपने ग्राहकों एवं पार्टनर्स को अनूठी सेवा देने पर है, जिससे लंबी अवधि में हमारा विकास सुनिश्चित होगा।% ग्राहकों को सुविधाजनक, तेज गति एवं किफायती सेवाएं प्रदान करते हुए पेटेल का लक्ष्य 1 ट्रिलियन डॉलर के ऑफलाइन कॉमर्स मार्केट में उपस्थिति बढ़ाना है।


पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 24 मई, 2023



# इमरान खान

## लोकप्रियता पर निर्भर

**इमरान खान** का विश्वास है कि लोकप्रियता उनकी ढाल का काम करेगी, पर सेना लोकप्रियता के बजाय शक्ति प्रयोग करती है। पूर्व पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीके इन्साफ-पीटीआई ने सैनिक अवस्थापनाओं पर 9 मई को हमलों में शामिल कथित सिविलियनों की सैनिक अदालतों में सुनवाई के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। इमरान के प्रति हमदर्दी दिखाने वाले सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष तर्क रखा गया है कि सैनिक अदालतों में सुनवाई संविधान में दी गई समुचित प्रक्रिया व न्यायोचित सुनवाई की गारंटियों का 'स्पष्ट उल्लंघन' है। पीटीआई की याचिका ने पाकिस्तान के राजनीतिक संकट में एक नया आयाम जोड़ा है। यह संकट अभूतपूर्व है क्योंकि इमरान खान ने सेना को वह चुनौती दी है जो 76 साल के इतिहास में कोई राजनेता नहीं दे सका है। एआरवाई न्यूज़ के अनुसार, उन्होंने अल कादिर ट्रस्ट मामले की सुनवाई के लिए इस्लामाबाद अदालत जाने के समय अपनी फिर गिरफ्तारी की आशंका जताई है। यदि उनकी तथा उनके समर्थकों की सुनवाई सैनिक अदालतों में हुई तो स्थिति और खराब हो सकती है। इन आशंकाओं को देखते हुए उन्होंने अपनी सेना-विरोधी बयानबाजी में थोड़ी नरमी पैदा की है। एक अंतरराष्ट्रीय चैनल से हालिया साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि उनको चीफ आफ आर्मी स्टाफ-सीओएएस जनरल आसिम मुनीर से कोई 'समस्या नहीं' है। उन्होंने कहा, 'मुझे उनसे कोई समस्या नहीं है, लेकिन शायद उनको मुझ से है।' यह सीओएएस पर उनकी पुरानी टिप्पणियों से बिल्कुल अलग है।



इमरान खान पाकिस्तान के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता हैं और उनकी लोकप्रियता सरकार में बैठे नेताओं की तुलना में बहुत अधिक है। यही कारण है कि वे लगातार राष्ट्रीय चुनावों की मांग कर रहे हैं जो इस साल नवंबर में प्रस्तावित हैं। यह आश्चर्यजनक नहीं है क्योंकि 1996 में राजनीति में शामिल होने के पहले ही उन्होंने क्रिकेट में अपनी शानदार उपलब्धियों से राष्ट्रीय नायक का दर्जा प्राप्त कर लिया था। उन्होंने अपनी मां की स्मृति में कैंसर अस्पताल का निर्माण करवा कर देश की जनता का दिल जीत लिया था। एकदम जमीन से शुरू कर उन्होंने अपनी पार्टी पीटीआई का गठन किया जो आज एक शक्ति बन गई है। हालांकि, यह सच है कि वे केवल सेना की सहायता से ही प्रधानमंत्री बन सके और अपने कार्यकाल में उन्होंने पाकिस्तान की स्थिति सुधारने के लिए कुछ खास नहीं किया। लेकिन इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता कि इससे उनकी लोकप्रियता में कोई कमी नहीं आई। आज वे उस समय की तुलना में ज्यादा लोकप्रिय हैं जब 2018 में प्रधानमंत्री बने थे। आश्चर्य नहीं कि वे अपनी लोकप्रियता को आधार बना रहे हैं। उनको विश्वास है कि इससे वे सेना से मुकाबला करने में सफल होंगे जो परोक्ष या प्रत्यक्ष रूप से देश पर अधिकांश समय तक शासन करती रही है। लेकिन पाकिस्तान में लोकप्रियता की प्रतियोगिता नहीं होगी। अमेरिका में पाकिस्तान के पूर्व राजदूत तथा वाशिंगटन के हडसन इंस्टीट्यूट के स्कालर, हुसेन हक्कानी ने एक खबरिया एजेंसी को बताया, 'सेना की शक्ति उसकी सैनिक तैनात करने की क्षमता पर निर्भर करती है, लोकप्रियता पर नहीं। पाकिस्तान के जनरल लोकप्रियता को अच्छा मानते हैं, पर नियंत्रण रखना उनके लिए ज्यादा महत्वपूर्ण है।' इसके अलावा इमरान खान अनेक आपराधिक मामलों का सामना कर रहे हैं जिनमें रिश्वतखोरी व आतंकी उकसावा शामिल हैं। इनमें से किसी में दोष सिद्ध होना उनको चुनावों में सहभागिता के अयोग्य ठहरा देगा। पाकिस्तानी राजनीति में भ्रष्टाचार असामान्य बात नहीं है, पर इमरान ने स्वयं को हमेशा ईमानदार व दृढ़ नेता के रूप में पेश किया है। देखना होगा कि क्या उनकी 'लोकप्रियता' इतनी मजबूत ढाल है जितनी वे आशा करते हैं।

# मोदीः आधुनिक भारत के निर्माता

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की यात्रा उल्लेखनीय है। गुजरात में अपने विचारों को कार्यरूप देने के बाद उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर इनका विस्तार किया है।**



**सुमित भसीन**
(लेखक, राजनीति विश्लेषक हैं।)



अधिकांश राजनेता अपने वोटबैंक के लिए काम करते हैं। उनके लिए राजनीति सत्ता के फल प्राप्त करने की सीढ़ी है। वोटबैंक सत्ता में पहुंचने का रास्ता बनाते हैं, जबकि राजनीति व प्रशासन में यथास्थिति का दुष्चक्र बना रहता है। लेकिन विश्व व्यवस्था में भारत को अपना उचित स्थान प्राप्त करने के लिए यथास्थिति तोड़ना, प्रशासन के नए मानक स्थापित करना तथा सभी लोगों की बेहतरी का लक्ष्य जरूरी था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोक-उन्मुख प्रशासन का स्तर उठाया तथा भारत की क्षमता बढ़ाई। इससे वह विश्व व्यवस्था में अपना उचित स्थान प्राप्त कर सका। उन्होंने भारतीय राजनीति को पुनः परिभाषित कर इसे जनता की सेवा तथा राष्ट्रीय हितों के पोषण का माध्यम बनाया और अब इसके आशानुकूल लाभ प्राप्त हो रहे हैं। कुछ क्षेत्रों में भारत के सकल घरेलू उत्पाद को प्राचीन युग से मापने की बहस चल रही है, जब भारत रोम से व्यापार करता था तथा देश के दक्षिणी भाग में खोजी व्यापारी हिंद महासागर व प्रशांत महासागर पार कर दक्षिण-पूर्व एशिया, पूर्वी एशिया तथा उत्तरी एशिया तक पहुंचे थे।

कुछ लोगों का यहां तक दावा है कि देश पर मुस्लिम हमलावरों के नजरें गड़ाने के पहले भारत का विश्व जीडीपी में हिस्सा 50 प्रतिशत था। निसंदेह भारत का अतीत गरिमापूर्ण रहा है और इसकी परंपराओं का सभी क्षेत्रों में सम्मान होता था। उस समय लोग जीवन में सर्वश्रेष्ठ प्राप्त करने का प्रयास करते थे तथा समाज उत्कृष्टता प्राप्ति के लिए प्रयासरत था। उस समय एक राष्ट्र के रूप में भारत दूसरों से बहुत आगे चल रहा था।

लेकिन कुछ कारणों से भारतीय सोच पर औपनिवेशिक मानसिकता हावी हो गई। लोगों को विश्वास दिला दिया गया कि उचित ही विदेशी शासकों ने उनको गुलाम बनाया। भारतीय उत्कृष्टता को विदेश-निर्मित विश्व दृष्टिकोण ने गिरफ्तार कर लिया जिससे जीवन के सभी क्षेत्रों में भारत की प्रगति प्रभावित हुई। अर्थव्यवस्था बरबाद हो गई। खोजें विरली चीज बन गईं। लोग क्लर्कों की नौकरियों का सपना देखने लगे तथा इतिहासकारों ने लोगों की गुलामी की मानसिकता को अपना आधार बना लिया। इससे एक खास वर्ग को लाभ हो रहा था। राजनेता वर्ग का एक हिस्सा लोगों को राजशाही गुलामी में धकेलने को तत्पर था और कुछ लोग लोकतंत्र पर कब्जा कर रहे थे। स्वतंत्रता के बाद उन्होंने परिवार-उन्मुख राजनीति को बढ़ावा देकर वंश-परिवारों को आगे बढ़ाया। वंश-परिवार के मुखिया ने पुराने राजाओं का स्थान ले लिया तथा देश को 'बांटो और राज करो' की उस नीति से चलाने लगे जिसका प्रयोग अंग्रेजों ने पूरी सटीकता से किया था। यह स्थिति अत्यन्त विनाशकारी थी।

कुछ व्यक्तियों को गौरवान्वित करने वाली राजनीति में इस राजशाही ने भारत को यथास्थिति की जंजीरों से जकड़ दिया। गरीब, गरीब बने रहे, मध्य वर्ग हमेशा मध्य वर्ग बना रहा तथा जरूरत की चीजों की कमी हो गई। इस स्थिति में अधिकांश लोगों को हमेशा भविष्य की चिन्ता सताती रहती थी। जोखिम उठाना जो पहले भारतीय डीएनए में शामिल था, वह अब लगातार भविष्य की चिन्ता में कुचल कर रह गया। ऐसे में भारत को अतीत की मनोवैज्ञानिक बेड़ियों से मुक्त करने की जरूरत थी। यथास्थिति को समाप्त कर सामाजिक सक्रियता को पुनर्जीवित करने की जरूरत थी। लोगों के सामने समृद्धि का रास्ता रखना था जिस पर चल कर वे सामाजिक व आर्थिक सीढ़ियों पर चढ़ सकें। राजनीति को वंश-परिवारों से मुक्त करना था। लोकतंत्र को सचमुच ऐसे लोगों के हाथों में सौंपना था जिनका विश्वास था कि राजनीति जनता की सेवा का माध्यम है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इनमें से अधिकांश चुनौतियों से निपटने में सफल हुए हैं। ऐसा करने के लिए उन्होंने लोगों को अपनी परंपराओं का उत्सव मनाने तथा अपनी जड़ें खोजने के लिए प्रेरित किया। अब माथे पर टीका लगाना आम हो गया है। अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण, काशी विश्वनाथ कारीडोर का काम पूरा होने, उज्जैन में महाकाल मंदिर के पुनः विकास तथा सोमनाथ मंदिर की सुविधाओं के और विस्तार से भारतीय सांस्कृतिक संपदा और परंपराओं के पुनर्निर्माण में सहायता मिली है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस बात का श्रेय दिया जाना चाहिए कि भारतीय संस्कृति व परंपराओं का अभिन्न अंग रहे कुछ मंदिरों के पुनः विकास का महान काम उनकी निगरानी और प्रेरणा से हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी ने पहली बार लोकसभा सांसद निर्वाचित होने पर संसद की सीढ़ियों पर माथा टिकाया क्योंकि उनके लिए संसद एक मंदिर की तरह है।

यह वास्तव में लोकतंत्र का मंदिर है। इस मंदिर में बैठने वाले लोगों का अत्यधिक सम्मान है क्योंकि वे लाखों जनता की आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने दिखा दिया है कि लोकतंत्र के मंदिर के रूप में संसद ऐसा स्थान होना चाहिए जहां लोकतंत्र के सच्चे पुजारियों को स्थान मिले। इसके लिए उन्होंने वंश-परिवारों के खिलाफ विमर्श को लोकप्रिय बनाया है। अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नई संसद का उद्घाटन करेंगे जिसके निर्माण की शुरुआत उनकी सरकार ने की थी। यह 'न्यू इंडिया' के निर्माण व पुनः निर्माण के प्रति उचित प्रतिबद्धता है। यह यथास्थिति नहीं, बल्कि विश्व व्यवस्था में उच्च स्थान प्राप्त करना है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'गरीबी की राजनीति' को गहरा धक्का दिया है। मोदी की निगरानी में बड़ी संख्या में लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया। आक्सफोर्ड विश्वविद्यालय द्वारा यूएनडीपी के सहयोग से किए 'बहुआयामी गरीबी सूचकांक सर्वेक्षण' ने इसे स्वीकार किया है। अब देश के गरीबों को 'अटल पेंशन योजना', 'जीवन ज्योति योजना', आदि के अंतर्गत पेंशन व बीमा योजनाओं का लाभ मिल रहा है। 'आधार' के ढांचे पर बनी जेएएम त्रयी ने भारतीय जनसंख्या के एक-तिहाई से अधिक लोगों को अभूतपूर्व वित्तीय समावेशन में शामिल किया है। वित्तीय सशक्तीकरण ने एक डिजिटल क्रांति को जन्म दिया है।

छोटे कस्बों में भी फुटपाथों पर बैठे हाकरों के लिए अब 'यूपीआई-आधारित भुगतान व्यवस्था' सामान्य बात हो गई है। प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों के इस डिजिटल समावेशन को हमेशा अपनी योजनाओं के केन्द्र में रखा है। विश्व मीडिया तथा बहुआयामी एजेंसियों ने इसे अभूतपूर्व माना है। इसने समाज के सर्वाधिक उद्यमी वर्ग के सामने नई संभावनायें खोली हैं जो अब भारतीय अर्थव्यवस्था की प्रगति में उल्लेखनीय योगदान कर रहे हैं। बैंकिंग व्यवस्था ने जेएएम त्रयी की पूरी संभावनाओं का लाभ उठाया है। इससे उनको रिकार्ड मुनाफा हो रहा है तथा डूबे कर्जों का समय बीत गया है जो अब इतिहास के पन्नों में दफन हो गए हैं। मोदी सरकार का विश्वास जनसंख्या के उन वर्गों में है जिनको राजनीतिक वंश-परिवारों ने हमेशा गरीबी की स्थिति तक सीमित कर दिया था। इसके अच्छे नतीजे निकल रहे हैं। अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है। संयुक्त राष्ट्रसंघ ने हाल ही में कहा है कि भारत वर्तमान वित्त वर्ष में 6.7 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि दर हासिल करेगा जो दुनिया में सर्वाधिक होगी। उल्लेखनीय है कि सर्वसत्तावादी राज्य होने के बावजूद चीन 5 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि दर का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए संघर्ष कर रहा है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत वास्तव में उल्लेखनीय यात्रा कर रहा है। उन्होंने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में जिन विचारों को राज्य में क्रियान्वित किया था, अब उनका राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार किया गया है। इसमें आंगनबाड़ी कर्मियों के परिश्रम की सचमुच स्वीकार्यता शामिल है जिनको गुजरात में 'यशोदा सम्मान' से पुरस्कृत किया गया है। आंगनबाड़ी कर्मियों ने सिद्ध किया है कि वे सब तक स्वास्थ्यरक्षा पहुंचाने में भारत की ध्वजवाहक हैं। उन्होंने स्वास्थ्यरक्षा के क्षेत्र में अनेक पहलें की हैं जिनमें कोविड-19 वैश्विक महामारी के दौरान टीकाकरण शामिल है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय खिलौना व टेक्सटाइल उद्योगों को पुनर्जीवित करने पर जोर दिया है। इसके लिए उनको जनता का लगातार समर्थन मिल रहा है। अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों के नतीजे दिख रहे हैं जो उन्होंने समग्र विकास हेतु किए हैं। इससे भारत उसी गरिमामय स्थिति की ओर बढ़ रहा है जो उसे प्राचीन इतिहास में प्राप्त थी।

# राजनीतिक दल के लिए चुनाव का महत्व

**कल्याणी शंकर**
(लेखिका, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



> "प्रत्येक पार्टी का एक विशेष क्षण होता है जो राजनीतिक समर्थन हासिल करने में मदद करता है।"

पिछले हफ्ते, कर्नाटक में उसकी भारी जीत ने उसके कार्यकर्ताओं और नेताओं को काफी बढ़ावा दिया। क्या कर्नाटक की जीत पर कांग्रेस नेता आगे बढ़ेंगे, जैसे दिवंगत प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपने चिकमंगलूर पल का इस्तेमाल किया था? 1977 में चुनाव हारने वाली गांधी ने उपचुनाव में चिकमंगलूर निर्वाचन क्षेत्र जीता और 1978 में संसद में लौटीं। दो साल के भीतर, उन्होंने सत्ता पर भी कब्जा कर लिया। संयोग से, उसने अपने बेलछी पल का उपयोग अपने लाभ के लिए किया। जुलाई 1977 में, बिहार में एक गिरोह द्वारा आठ दलितों सहित 11 लोगों की बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। उन्होंने बेलछी में पीड़ितों से मुलाकात की। सड़कें कट जाने के कारण वह उन तक पहुंचने के लिए हाथी और ट्रैक्टर पर सवार हो गईं।

इंदिरा की बहू सोनिया गांधी के लिए भी कर्नाटक भाग्यशाली रहा. उन्होंने अपना पहला चुनाव 1999 में कांग्रेस के गढ़ बेल्लारी निर्वाचन क्षेत्र से जीता था। वह 2004 में कांग्रेस संसदीय दल की नेता बनीं लेकिन उन्होंने प्रधानमंत्री बनने से इनकार कर दिया।

इतने समृद्ध और महत्वपूर्ण कर्नाटक को जीतना हतोत्साहित कांग्रेस के लिए एक बड़ी प्रेरणा है। लेकिन, अगर पार्टी खुद को पुनर्जीवित करना चाहती है तो वह हाल की जीत की शान पर बैठने का जोखिम नहीं उठा सकती। इस साल के अंत में राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में होने वाले चुनावों से पहले कई चुनौतियां हैं और ग्रैंड फिनाले 2024 में है।

प्रधानमंत्री मोदी के शुभंकर के रूप में कर्नाटक में भाजपा का हाई-वोल्टेज अभियान क्लिक नहीं कर पाया। कट्टर हिंदुत्व की राजनीति केवल तटीय जिलों के भीतर काम करती थी। भ्रष्टाचार की एक मजबूत धारणा और एक कमजोर मुख्यमंत्री थे। कुछ ही स्थानीय मुद्दे थे जिन्हें भाजपा उठा सकती थी।

भगवा पार्टी को दूसरी कतार के ठोस नेता तैयार करने चाहिए। हालांकि हार एक बड़ा झटका था, लेकिन पार्टी ने पहले से ही दोगुने जोश के साथ काम करना शुरू कर दिया है। वह कुछ समय बाद ऑपरेशन कमला से कांग्रेस विधायकों को विभाजित करने का प्रयोग कर सकती है। लेकिन कांग्रेस को अपना झुंड बनाए रखना चाहिए। कांग्रेस ने रोटी और मक्खन और स्थानीय मुद्दों को उठाकर अपना कार्ड अच्छी तरह से खेला। इसने लाभांश का भुगतान किया। इसने स्थानीय नेताओं को खुली छूट भी दी। आलाकमान ने केवल अभियान में सहयोग किया।

लेकिन फिर मुख्यमंत्री की पसंद आई। दो पक्के दावेदार गद्दी के लिए लड़ रहे थे। यदि पार्टी के आला नेताओं ने नव निर्वाचित विधायकों को अपना मुख्यमंत्री चुनने के लिए छोड़ दिया होता, तो यह अधिक लोकतांत्रिक होता और स्पष्ट किया जाता कि मुख्यमंत्री को ऊपर से थोपा नहीं गया है। इसके बजाय, विधायक दल ने सामान्य एक-पंक्ति के प्रस्ताव को हाईकमान के पास छोड़ दिया, यह दर्शाता है कि पार्टी ने अभी तक कोई सबक नहीं सीखा है।

दो उम्मीदवार, = पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और पीसीसी प्रमुख डी.के. शिव कुमार = दिल्ली में चार दिन से एड़ी ठोंक रहे थे। अंततः मुख्यमंत्री के रूप में सिद्धारमैया और डिप्टी के रूप में शिव कुमार के साथ सत्ता-साझाकरण का फॉर्मूला मिला। यह सोनिया गांधी ही थीं जिन्होंने आखिरकार शिव कुमार को मना कर इस मुद्दे को सुलझा लिया।

दूसरे, असली परीक्षा यह होगी कि कांग्रेस अपने नए अधिग्रहीत दबदबे को कैसे संभालती है, खासकर जब 2024 के चुनाव के लिए विपक्षी गठबंधन बना रही हो। पार्टी को अपने बड़े भाई वाला रवैया दिखाने से बचना चाहिए। कुछ 209 लोकसभा सीटें 19 राज्यों में फैली हुई हैं, जहां कांग्रेस और भाजपा सीधे संपर्क में हैं। यहां तक कि एक संयुक्त गैर-बीजेपी गठबंधन भी सबसे अच्छी स्थिति में बीजेपी को 210 पर ला सकता है। इसलिए केवल अंकगणित से काम नहीं चलेगा। तीसरा, कांग्रेस ने कर्नाटक में मुसलमानों, दलितों और पिछड़े वर्गों के अपने खोए हुए वोट बैंक को फिर से हासिल किया। इसे न केवल संरक्षित किया जाना चाहिए बल्कि आगामी चुनावों में भी दोहराया जाना चाहिए।

चौथा, कांग्रेस को 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले अपने चुनावी वादों को पूरा करना चाहिए ताकि लोग पार्टी पर भरोसा कर सकें। पार्टी ने सभी घरों को 200 यूनिट मुफ्त बिजली, परिवार के मुखिया को 2000 रुपये प्रति माह और बीपीएल परिवार के प्रत्येक सदस्य को 10 किलो मुफ्त चावल देने का वादा किया है। कांग्रेस के पास अन्य सिरदर्द हैं और आगामी चुनावों से पहले राजस्थान और छत्तीसगढ़ पावर संघर्षों को हल करना चाहिए। पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की जगह लेना चाहते हैं, लेकिन गहलोत जाने को तैयार नहीं हैं। एक अस्थायी युद्धविराम था, लेकिन इस मुद्दे को हल किया जाना चाहिए।

छत्तीसगढ़ में भी ऐसी ही स्थिति है; मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कैबिनेट मंत्री टीएस सिंह देव के बीच सत्ता संघर्ष छिड़ा हुआ है. राहुल गांधी ने 2018 में ढाई साल बाद बारी-बारी से मुख्यमंत्री का वादा किया था। देव बदलाव की मांग करते रहे हैं। अंत में, कर्नाटक की हार का मतलब है कि भाजपा की दक्षिण में कोई उपस्थिति नहीं है।

दक्षिण में 129 सीटें हैं, जिनमें से भाजपा ने 2019 में केवल 29 सीटें जीतीं। पार्टी को दक्षिण में सफल होने के लिए अपने चुनावी आख्यान को बदलने की जरूरत है, क्योंकि हिंदुत्व या राम मंदिर को कोई लेने वाला नहीं है। हिमाचल प्रदेश और अब कर्नाटक में हालिया जीत ने कांग्रेस को दिखाया है कि पार्टी और विपक्ष में एकता, एक मजबूत संगठन और एक आकर्षक कहानी नया मंत्र होना चाहिए।

# आप की बात

## श्रमदान का महत्व

**कुएं,** बावड़ियों एवं नदियों को स्वच्छ बनाने के लिए नागरिकों को आगे आना चाहिए। इन्हें प्रदूषण से मुक्त करने का दायित्व निभाने वाली संस्थाओं को पुरस्कृत कर उन्हें शासन से सहायता मुहैया होनी चाहिए ताकि इनके शुद्धिकरण से सभी को शुध्द जल का लाभ मिलकर जल संक्रमण से होने वाली बीमारियों से निजात मिल सके। स्वच्छता का संदेश और जागरूकता लाना हर इंसान का कर्तव्य है क्योंकि स्वच्छता से ही बीमारियों व प्रदूषण को मुक्त रख कर स्वास्थ्य का लाभ हमें एक नई दिशा प्रदान कर सकता है। प्रदेश के कई जिलों के अंतर्गत अलग-अलग स्थानों पर कुएं, बावड़ियों एवं नदियों को आमजन ने अपने श्रमदान से साफ करने का प्रयास किया। साथ ही संकल्प लिया है कि कोई भी इन जलस्रोतों में कचरा नही डालेगा। स्वच्छ जलधारा अभियान के तहत कई सामाजिक संगठनों ने श्रमदान कर स्वच्छता के हित में अपना योगदान दिया। जल स्वच्छता के दृष्टिकोण से यह प्रयास बहुत महत्वपूर्ण है। अनेक लोग व संस्थायें इस कार्य को निरन्तर जारी रखना चाहते हैं। शासन के सहयोग से अन्य गांवों व क्षेत्रों की जनता भी स्वच्छता हेतु श्रमदान के लिए प्रेरित होगी। इससे पूरे समाज का सशक्तीकरण सुनिश्चित होगा।

– **संजय वर्मा,** धार

## बदलता मौसम

**पहले** बेमौसम बरसात, फिर अचानक उमस भरी गर्मी और लू का दौर। मौसम में सब कुछ अप्रत्याशित हो रहा है। दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशिया के कई क्षेत्रों में अप्रत्याशित गर्मी देखने को मिल रही है। यह सब अनायास नहीं है। पिछले दिनों जारी विश्व मौसम संगठन की रिपोर्ट के मुताबिक भारत में हालिया उमस भरी गर्मी जलवायु परिवर्तन का ही परिणाम है। बदलते मौसम के कारण ऐसी गर्मी व उमस की आशंका 30 गुना तक बढ़ गई है। कुछ देशों में गर्मी के कारण आग लगने और सड़कें टूटने की घटनाएं भी होने लगी हैं। चिंताजनक बात यह है कि पेरिस समझौते के अंतर्गत तय लक्ष्य से दुनिया चूकती नजर आ रही है। औसत वैश्विक तापमान में 1.2 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो चुकी है। यह वृद्धि दो डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गई तो परिस्थितियां पूरी तरह हाथ से बाहर हो जाएंगी। भारत जैसे विकासशील एवं बड़ी आबादी वाले देश के सामने चुनौती और भी बड़ी है। हमें विकास भी करना है और उत्सर्जन को नियंत्रित भी करना है। ऐसे में विकसित देशों को भी अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए गंभीरता से आगे आना होगा।

– **सदन जी,** पटना

## खेलों की दुनिया

**आईपीएल** से न सिर्फ भारत में वरन विश्व क्रिकेट में निखार आता जा रहा है। इसकी बदौलत ही कई नए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को भारतीय टीम में शामिल होने और ख्याति प्राप्त करने का अवसर मिला है। आईपीएल में क्रिकेट के कुछ नियमों में जो परिवर्तन किए गए हैं, देर-सवेर वे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शामिल हो जाएंगे। अब एआई के कारण नए संसाधन भी विकसित होंगे जिससे थर्ड एंपायर को हर अपील का अधिक सूक्ष्मता से निरीक्षण करने का मौका मिलेगा। मैदानी अंपायरों के लिए भी एआई कुछ न कुछ नई सुविधाएं बढ़ा ही देगा। और बहुत कुछ संभव है कि भविष्य में टास होते ही एआई दोनों टीमों पर विजय होने के चांसेस और परसेंटेज भी बता देगा। लेकिन खटकने वाली बात यह है कि इस पर न सिर्फ भारत, वरन विश्व भर में करोड़ों-अरबों रुपए का सट्टा होता है। इसके चलते खिलाड़ियों को खरीदने का प्रयास हो सकते हैं। इस पर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को सख्त निगरानी रखनी होगी। सभी टीम के सभी खिलाड़ियों का डोप टेस्ट भी अनिवार्य रूप से किया जाना चाहिए। खेलों की दुनिया तेजी से बदल रही है।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

## नस्लवादी व्यवहार

**दुनिया** के नामी गिरामी खिलाडियों को आज भी नस्ली टिप्पणियों का सामना करना पड़ता है तो सोच लीजिये समाज में आम लोगों के साथ कैसा व्यवहार हो रहा होगा। कुछ महीने पहले पाकिस्तानी मूल के क्रिकेट खिलाड़ी अज़ीम रफीक ने इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन पर नस्लवादी उलाहना देने का आरोप लगाया था। उस समय लगा था कि रंगभेद केवल आम लोग ही नहीं, बल्कि ख़ास लोग भी करते हैं और उसका शिकार भी बनते हैं। ब्राजील के फुटबालर विनीसियस जूनियर को पिछले दिनों ला लीगा में खेलते हुए कई बार नस्लवादी दुर्व्यवहार का शिकार होना पड़ा है। उनका कहना है कि घटनाओं का मतलब है कि उनकी मातृभूमि में स्पेन अब नस्लवादियों के देश के रूप में जाना जाता है। वालेंसिया के खिलाफ खेले जाने वाले एक मैच के दौरान इन्हें विपक्षी टीम के समर्थकों व दर्शकों से बार-बार नस्लवादी उलाहनों को झेलना पड़ा। जब इसकी शिकायत रेफरी से की गयी तो विनिसियस जूनियर को ही रेड कार्ड दिखाकर मैदान से बाहर कर दिया गया।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

# दिव्य व भव्य आयोजन से यूपी की बने अनुपम छवि



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश में पहली बार होने जा रहे खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के संदर्भ में मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने लखनऊ, गोरखपुर, गौतमबुद्ध नगर व वाराणसी में होने वाले आयोजन पर वृहद चर्चा की। खेलो इंडिया गेम्स का आयोजन 25 मई से 3 जून तक होगा। कार्यक्रम के शुभारंभ समारोह से जुड़ी झांकी भी

### ● सीएम ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स की तैयारियों पर की चर्चा

मुख्यमंत्री को दी गई। शुभारंभ 25 मई को लखनऊ व समापन 3 जून को वाराणसी में होगा। मंगलवार को आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश तीसरे खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स की मेजबानी कर रहा है। यह आयोजन दिव्य-भव्य हो, जिससे मेहमान खिलाड़ियों-आगंतुकों व प्रशिक्षकों के समक्ष खेलों में भी यूपी की अनुपम छवि हो। सीएम ने कहा कि बाहर से आने वालों बच्चों के रहने-खाने, सुरक्षा की विशेष व्यवस्था हो। आयोजन स्थल पर पहुंचने के लिए संसाधन की समुचित व्यवस्था की जाय। बाहर से आने वाले खिलाड़ी यदि कहीं घूमने बाहर जाना चाहें तो उनकी सुरक्षा की समुचित व्यवस्था हो।

## चंदन-तिलक लगाकर होगा खिलाड़ियों का अभिनंदन

### ● एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन व बस अड्डे पर हेल्प डेस्क का होगा गठन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ गोरखपुर

**खेलो** इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के तहत 27 से 31 मई तक रामगढ़ताल में होने वाली रोइंग प्रतियोगिता में देशभर के खिलाड़ियों के आगमन का सिलसिला 25 मई से प्रारंभ हो जाएगा। गोरखनगरी आगमन पर इन खिलाड़ियों का एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन व बस अड्डे पर चंदन-तिलक लगाकर अभिनंदन किया जाएगा। खिलाड़ियों की सुविधा के लिए इन तीनों आगमन स्थलों पर हेल्प डेस्क का भी गठन किया जा रहा है। एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन, बस अड्डे के खेलो इंडिया हेल्प डेस्क पर वालंटियर्स की तैनाती रहेगी जो खिलाड़ियों व उनके साथ आए स्टाफ का स्वागत कर उन्हें उनके ठहरने के गंतव्य तक पहुंचाएंगे। खिलाड़ियों को पहुंचाने के लिए बस, कार की व्यवस्था रहेगी।

प्रतिभागी खिलाड़ियों के ठहरने की व्यवस्था होटल प्रदीप पैलेस, कृष्णा पैलेस, प्रगति इन, न्यू स्टैंडर्ड होटल, होटल शिवम, सरोवर पोर्टिको व होटल विवेक में होगी। महिला व पुरुष खिलाड़ियों को अलग-अलग ठहराया जाएगा। सभी होटलों पर सुरक्षा के लिए पुरुष-महिला पुलिसकर्मियों की टीम तथा आपात चिकित्सा सेवा के लिए एम्बुलेंस टीम मुस्तैद रहेगी। सोमवार को रोइंग प्रतियोगिता की तैयारियों का जायजा लेने आए खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव व अपर मुख्य सचिव खेल नवनीत सहगल ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि खिलाड़ियों के स्वागत व उनकी सुविधाओं में कोई कमी नहीं होनी चाहिए।

उन्हें बताया गया कि खिलाड़ियों के आगमन स्थलों पर हेल्प डेस्क सेवा के लिए वालंटियर्स की व्यवस्था पूरी कर ली गई। आगमन स्थल से होटल, होटल से प्रतियोगिता स्थल आने-जाने के लिए परिवहन के साधनों का इंतजाम भी पूरा कर लिया गया है। स्थानीय प्रशासन ने खेल मंत्री व एसीएस खेल को आश्वस्त किया कि प्रतिभागी खिलाड़ी अविस्मरणीय यादें लेकर जाएंगे।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मंगलवार को उनके सरकारी आवास पर एयर मार्शल आरजीके कपूर, एवीएसएम, वीएम, एयर ऑफिसर, कमांडिग इन चीफ, सेन्ट्रल एयर कमांड, प्रयागराज ने शिष्टाचार भेंट की।

## विधान परिषद की दो रिक्त सीटों पर 29 को मतदान

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**विधान** परिषद की दो रिक्त सीटों के लिए अब 29 मई को मतदान होना तय है। उसी दिन नतीजे भी घोषित कर दिए जाएंगे। इस चुनाव में दो सीटों के लिए दो अलग-अलग मतपत्र होंगे। भाजपा से प्रत्याशी पद्मसेन चौधरी और मानवेंद्र सिंह हैं जबकि सपा से रामजतन राजभर और रामकरन निर्मल चुनावी दंगल में ताल ठोक रहे हैं। परिषद की दोनों रिक्त सीटों के लिए सभी 403 विधायक मताधिकार का प्रयोग करेंगे। सदन में भाजपा के 255, उनके सहयोगी अपना दल एस के 13 और निषाद पार्टी के 6 विधायक हैं। सपा के 109, रालोद के 9, सुभासपा के 6, कांग्रेस के 2, जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के 2 और बसपा के एक विधायक हैं। विधायकों के संख्या बल को देखा जाए तो प्रथम दष्टया दोनों ही सीटों के उपचुनाव में भाजपा की जीत साफ नजर आ रही है।

जानकारी के मुताबिक विधान परिषद की ये दोनों सीटें इसी वर्ष 15



फरवरी को भाजपा के एमएलसी लक्ष्मण प्रसाद आचार्य के इस्तीफा देने और बनवारी लाल दोहरे की मौत के बाद रिक्त हुई थी। लक्ष्मण प्रसाद आचार्य का कार्यकाल 30 जनवरी 2027 तक था, वहीं बनवारी लाल दोहरे का कार्यकाल छह जुलाई 2028 तक था। विधान परिषद की रिक्त दोनों सीटें उत्तर प्रदेश विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की हैं और दोनों का कार्यकाल अलग-अलग है। दोनों के लिए नोटिफिकेशन भी अलग-अलग जारी हुआ था। इसलिए दोनों सीटों पर चुनाव भी अलग-अलग होगा। बैलेट बॉक्स भी दोनों सीटों के लिए अलग-अलग होंगे। यानी, हर सीट पर दो प्रत्याशी हैं और हर प्रत्याशी के लिए 403 विधायक अपना वोट डालेंगे। चुनाव अधिकारी के मुताबिक इस चुनाव में एक सीट पर जीत के लिए कम से कम 202 विधायकों का वोट होना चाहिए। जानकारों की मानें तो सपा ने प्रत्याशी उतारकर भाजपा प्रत्याशियों के निर्विरोध निर्वाचन की राह जरूर बंद कर दी। लेकिन, चुनाव जीतने के लिए सपा के पास विधायकों की संख्या बल बहुत कम है। 403 सदस्यों वाली इस विधानसभा में भाजपा के 255 सदस्य हैं। जबकि उसके सहयोगी अपना दल सोनेलाल के 13 और निषाद पार्टी के पास छह विधायक हैं। इस तरह भाजपा और उसके सहयोगी दलों के विधायकों की संख्या 274 हो जाती है। जवाब में सपा के पास 109 और उसके सहयोगी रालोद के पास नौ विधायक हैं। इस तरह सहयोगी दल को मिला कर सपाके पास 118 विधायक ही होते हैं। भाजपा का पूरा फोकस अपने गठबंधन के 274 विधायकों के साथ सुभासपा के छह विधायकों के वोट हासिल करने पर है। वहीं रालोद और सपा खेमे के असंतुष्ट विधायकों से संपर्क कर उनका मत भी हासिल करने की तैयारी है।

## मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने राजकीय आईटीआई का किया औचक निरीक्षण



### ● कार्यालय में देर से आने पर प्रधानाचार्य को मिली फटकार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल मंगलवार को राजकीय आईटीआई लखनऊ का औचक निरीक्षण किया। बिना लाव लक्सर के औचक निरीक्षण करने पहुंचे मंत्री ने राजकीय आईटीआई दिए जा रहे प्रशिक्षण को देखा।

उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षुओं से प्रशिक्षण का फीडबैक लिया गया। प्रशिक्षुओं से संवाद कर उनका हालचाल जाना और उनका उत्साहवर्धन किया। कौशल विकास मंत्री ने राजकीय आईटीआई में कार्यरत कार्मिक समय से आ रहे है या नहीं, इसका फीडबैक लेने के लिए उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया। उन्होंने कार्मिकों को निर्देशित किया कि कार्यालय समय आकर अपने दायित्वों का निर्वाहन पूरी ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ निर्वहन करे।

उन्होंने कार्यालय में प्रधानाचार्य के उपस्थित न होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने विलम्ब से आने पर प्रधानाचार्य को कड़ी फटकार लगाई और कहा कि भविष्य में विलम्ब से आने पर दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी।

## एसटीएफ की आगरा, गोरखपुर, प्रयागराज व बरेली यूनिट को जल्द मिलेगा अपना कार्यालय

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**एसटीएफ** जल्द ही नए कलेवर और नई ताकत के साथ दिखेगी। अपराध और अपराधियों पर कार्रवाई को और तेज करने के लिए हाल ही में एसटीएफ को लेकर मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक की थी, जिसमें उन्होंने एसटीएफ द्वारा प्रदेश के दुर्दांत अपराधियों, अवैध नशे के सौदागरों, अवैध हथियार तस्करों, परीक्षा माफि या और फ र्जी शिक्षकों समेत आतंकवादियों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई पर प्रसन्नता जाहिर की। इस दौरान उन्होंने एसटीएफ की आगरा, गोरखपुर, प्रयागराज, बरेली यूनिट के खुद के भवन के लिए जमीन और उसके निर्माण कार्य के लिए भारी भरकम बजट को हरी झंडी दे दी है, जिसके बाद निर्माणकार्य शुरू कर दिया गया है। वहीं नोएडा यूनिट के विस्तार को आगे बढ़ाते हुए ट्रांजिट हॉस्टल के लिए धनराशि भी जारी कर दी गयी है। शासन ने सभी यूनिट के लिए कुल 2046.29 लाख की धनराशि स्वीकृत

### ● राज्य सरकार ने एसटीएफ को और मजबूत बनाने के लिए स्वीकृत की 2046.29 लाख की धनराशि

की है। शासन ने एसटीएफ को भूमि के साथ निर्माणकार्य के लिए भारी भरकम बजट जारी कर दिया है। जानकारी के अनुसार बजट जारी होते ही भूमि को चिह्नित करते हुए निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। एसटीएफ की आगरा यूनिट के लिए 284.22 लाख की धनराशि स्वीकृत की गयी है, जिसमें से पहली किश्त यानी आधी धनराशि 14211000 रुपए जारी कर दिए गए। आगरा यूनिट के लिए भूमि को चिह्नित करने के साथ निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। इसी तरह गोरखपुर यूनिट के लिए 253.62 लाख, प्रयागराज यूनिट के लिए 258.86 लाख, बरेली यूनिट के लिए 228.22 लाख की पहली किश्त यानी की आधी धनराशि जारी की दी गयी। वहीं धनराशि जारी होते ही भूमि चिह्नित कर निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। इसके अलावा नोएडा यूनिट का विस्तार करते हुए ट्रांजिट हास्टल की भूमि के लिए 962.193 लाख की धनराशि जारी कर दी गयी। इसी क्रम में अयोध्या यूनिट के लिए भूमि की प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है। मालूम हो कि योगी सरकार ने अति संवेदनशील क्षेत्र में शामिल अयोध्या में एसटीएफ की यूनिट के गठन को हरी झंडी दी थी, जिसके बाद शासन स्तर पर 13 पदों के सृजन का शासनादेश जारी कर दिया गया था। इन पदों पर भर्ती प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी है। इन पदों में एक पुलिस उपाधीक्षक, एक निरीक्षक, चार उप निरीक्षक, चार कंप्यूटर ऑपरेटर और तीन चतुर्थ श्रेणी के पद शामिल हैं। वहीं 23 अन्य पदों के सृजन के लिए शासन को पत्र लिखा गया है। शासनादेश जारी होते ही चार मुख्य आरक्षी, 16 आरक्षी और तीन आरक्षी चालक आदि पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके अलावा 59.18 लाख रुपए नए वाहनों की खरीद के लिए स्वीकृत किए गए हैं।

## निवेश प्रोत्साहन के लिए बनाई गई हैं आकर्षक सेक्टोरल नीतियां: दुर्गा शंकर

### ● भारत में ब्रिटिश उप उच्चायुक्त क्रिस्टीना स्कॉट की अध्यक्षता में आए प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य सचिव से भेंट की

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र से भारत में ब्रिटिश उप उच्चायुक्त क्रिस्टीना स्कॉट की अध्यक्षता में आए प्रतिनिधिमण्डल ने भेंट की। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश में विदेशी निवेश आकर्षित करने के लिए सकारात्मक माहौल स्थापित किया गया है। कारोबारी सुगमता में उत्तर प्रदेश का देश में दूसरा स्थान है। निवेश प्रोत्साहन के उद्देश्य से राज्य सरकार ने आकर्षक सेक्टोरल नीतियां



बनाई हैं। प्रदेश में बेहतर कानून.व्यवस्था, रोड कनेक्टीविटी, एयर कनेक्टीविटी के साथ इनवेस्टर फ्रें डली माहौल है। ब्रिटेन के निवेशकों को उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित करते हुए उन्होंने कहा कि यहां औद्योगिक और व्यावसायिक गतिविधियों को संचालित करने की असीम संभावनाएं मौजूद हैं। उन्होंने आगामी अक्टूबर माह में प्रस्तावित ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी में सभी प्रतिनिधियों को आमंत्रित भी किया और सभी प्रतिनिधियों को ओडीओपी के उत्पाद भेंट किए।

इस मौके पर उप उच्चायुक्त क्रिस्टीना स्कॉट ने प्रस्तावित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में प्रतिभाग करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर ब्रिटिश उच्चायोग के राजनीतिक और द्विपक्षीय मामले के प्रमुख रिचर्ड बार्लो सहित अन्य प्रतिनिधि तथा उप्र शासन की ओर से प्रमुख सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास नरेन्द्र भूषण, सीईओ इनवेस्ट यूपी अभिषेक प्रकाश, एसीईओ इनवेस्ट यूपी प्रथमेश कुमार सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## सपा अध्यक्ष से मिले ब्रिटिश हाईकमीशन के मिनिस्टर व डिप्टी हाई कमिश्नर

### ● यूपी में भाजपा सरकार की विकास कार्यों में रुचि नहीं: अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को नई दिल्ली स्थित ब्रिटिश हाईकमीशन के मिनिस्टर एवं डिप्टी हाई कमिश्नर क्रिस्टीना स्काट सीएमजी, नवनियुक्त राजनैतिक मसलों के अध्यक्ष नटालिया लेह, सीनियर पोलिटिकल इकोनामी ऐडवाइजर भावना विज एवं अध्यक्ष राजनैतिक एवं द्विपक्षीय मुद्दे रिचर्ड वारलो से सपा मुख्यालय में मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान राजनीतिक और परस्पर रूचि के मसलों पर चर्चा हुई। चर्चा के दौरान राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी तथा प्रो. सुधीर पंवार भी उपस्थित रहे।

अखिलेश यादव ने ब्रिटिश हाई कमीषन के अधिकारियों का लखनऊ में स्वागत करते हुए उन्हें बताया कि आज अत्यंत लोकप्रिय एवं श्रद्धास्पद देवता वीरवर हनुमान जी की भक्ति में बड़ा मंगल का पर्व मनाया जा रहा है और जगह-जगह भण्डारे का प्रसाद वितरित करने का आयोजन किया जा रहा है। अखिलेश यादव ने ब्रिटिश डिप्टी कमिश्नर से वार्ताक्रम में कहा कि कर्नाटक के चुनाव में भाजपा की पराजय और विपक्ष की जीत का असर 2024 के लोकसभा चुनाव में पड़ेगा। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी ही भाजपा को मजबूत चुनौती दे रही है। भाजपा सत्य से भागती है। भाजपा में वास्तविकता का सामना करने का साहस नहीं है।

## यूपीएसआईएफएस को मिलेगा स्टाफ, प्रतिनियुक्ति के लिए मांगे गए आवेदन

### ● इंस्टीट्यूट की ओर से 66 पदों पर मांगे गए आवेदन, 29 मई तक कर सकेंगे अप्लाई

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**आपराधिक** मामलों की जांच वैज्ञानिक पद्धति से हो सके और इसके माध्यम से जल्द से जल्द केसेज का निस्तारण किया जा सके।। इसके लिए योगी सरकार ने रिकॉर्ड समय में उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज (यूपीएसआईएफएस) की स्थापना की है। अब सरकार ने इंस्टीट्यूट की मैनपावर के लिए प्रशासनिक, शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक पदों पर प्रतिनियुक्ति के माध्यम से नियुक्ति के लिए आवेदन पत्र मांगे हैं। इसके लिए सरकारी संस्थानों, संगठनों (केंद्र सरकार या किसी राज्य सरकार) के कर्मचारी ही पात्र होंगे। इंस्टीट्यूट की ओर से कुल 66 पदों पर आवेदन मांगे गये हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 29 मई तक आवेदन कर सकते हैं।

उल्लेखनीय है कि सरकार ने हाल ही में सरोजनी नगर स्थित यूपीएसआईएफएस में शैक्षणिक सत्र 202324 की प्रवेश प्रक्रिया की शुरुआत की थी। उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फ रॅरेंसिक साइंसेज के डायरेक्ट डॉ. जीके गोस्वामी ने बताया कि फिलहाल इंस्टीट्यूट में फ रॅरेंसिक से संबंधित पांच कोर्स शुरू किए जा रहे हैं, जिसमें कुल 160 छात्रों का एडमिशन लिया जा रहा है। यह कोर्स बीएससी-एमएससी फॉरेंसिक साइंस, पीजी डिप्लोमा इन फॉरेंसिक डॉक्यूमेंट एग्जामिनेशन, पीजी डिप्लोमा इन साइबर सिक्योरिटी, पीजी डिप्लोमा इन डीएनए फ रॅरेंसिक और पीजी डिप्लोमा इन फ रॅरेंसिक बैलिस्टिक एवं एक्सप्लोसिव्स हैं। इन कोर्स के संचालन के लिए 21 पदों के लिए 66 रिक्त स्थानों पर आवेदन मांगे गये हैं। इन पदों के लिए राज्य सरकार अथवा भारत सरकार के अधिकारी, कर्मचारी जो निर्धारित वेतनमान में कार्यरत अथवा इससे ठीक एक पे लेवल नीचे कार्यरत अधिकारी, कर्मचारी आवेदन करने हेतु पात्र होंगे। प्रतिनियुक्ति पर चयन होने की स्थिति में मूल विभाग में प्राप्त वेतनमान एवं ग्रेड पे ही देय होगा। . वर्तमान में केन्द्र अथवा राज्य सरकार में कार्यरत शासकीय सेवक ही आवेदन हेतु पात्र होंगे। संविदा पर कार्यरत कर्मीध् निजी संस्थाओं में कार्यरत कर्मी आवेदन हेतु पात्र नहीं होंगे। . आवेदक के अपने मूल विभाग में कार्यरत रहने पर ही उसका आवेदन स्वीकार किया जाएगा। प्रतिनियुक्ति पर पूर्व से कार्यरत अभ्यर्थियों का आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। . प्रतिनियुक्ति पर तैनात किये गये अधिकारियों, कर्मचारियों को उप्र शासन द्वारा अपने राज्य अधिकारियों, कर्मचारियों के लिए स्वीकृत दरों पर विभिन्न भत्ते देय होंगे। . प्रतिनियुक्ति पर आये अधिकारी, कर्मचारी की सेवा अवधि सामान्यत: तीन वर्ष की होगी तथा विशेष परिस्थितियों में इंस्टीट्यूट के जनरल बॉडी के अनुमोदन से इसे बढ़ाया अथवा घटाया जा सकता है। चयन-स्क्रीनिंग समिति के समक्ष उपस्थित होने के समय नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र अनिवार्य होगा। जिस आवेदकों की अधिवर्षता आयु 1 जुलाई 2023 को पांच वर्ष से कम शेष रह गयी है, ऐसे अभ्यर्थी आवेदन हेतु पात्र नहीं होंगे।. उप्र स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फ रॅरेंसिक साइंसेज उत्तर प्रदेश, लखनऊ में कार्यरत रहने की अवधि में राज्य सरकार के द्वारा निर्धारित प्रतिनियुक्ति के पद की सेवा शर्तें लागू होंगी। . जिस अधिकारी, कर्मचारी के विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही, विभागीय कार्यवाही गतिमान है अथवा जांच में दोषी पाया गया हो, आवेदन हेतु अर्ह नहीं होंगे। फॉरेंसिक तथा उससे सम्बन्धित क्षेत्र में तथा विश्वविद्यालय, कॉलेज, इंस्टीट्यूट आदि में कार्यरत अधिकारियों, कर्मचारियों को वरीयता दी जाएगी।

## वक्फ की जमीन मुख्तार अंसारी की पत्नी को बेचने वाला निरीक्षक निलंबित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड ने लखनऊ की एक वक्फ संपत्ति को माफिया मुख्तार अंसारी की पत्नी को अवैध रूप से बेचने के मामले में मंगलवार को एक वक्फ निरीक्षक को निलंबित कर दिया। बोर्ड इस मामले में मुख्तार अंसारी की पत्नी तथा संबंधित अन्य लोगों को नोटिस भेजेगा। बोर्ड के अध्यक्ष अली जैदी ने बताया कि लखनऊ के सआदतगंज थाना क्षेत्र स्थित वक्फ़ दरोग़ा मीर वाजिद अली की एक जमीन 25 अप्रैल 2013 को माफिया-नेता मुख्तार अंसारी की पत्नी अफशां अंसारी को अवैध रूप से बेची गई थी। उन्होंने बताया कि इस मामले में सख्त कार्वाई करते हुए वक्फ़ निरीक्षक मुंतज़िर मेंहदी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस मामले में मुख्तार की पत्नी अफशां अंसारी और संबंधित जमीन के बेचने वाले नजमुल हसन तथा संबंधित अन्य लोगों को बुधवार को नोटिस भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि इस नोटिस में उनसे पूछा जाएगा कि आखिर बेचने वाले ने किस अधिकार से उस जमीन को बेचा और खरीदार ने बिना जांचे-परखे उसे कैसे खरीद लिया।

## बिजली उपभोक्तों की सुविधा के लिए सख्ती से लागू होगा मुआवजा कानून: ऊर्जा मंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**नगर** विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए मुआवजा कानून को सख्ती से लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सम्मानित विद्युत उपभोक्ताओं को निर्बाधित विद्युत आपूर्ति एवं समय पर बिल देने के लिए प्रदेश सरकार एवं ऊर्जा विभाग कटिबद्ध है। विद्युत नियामक आयोग विनियामवली 2019 के अनुसार उपभोक्ताओं को नये संयोजन सम्बन्धी खराब मीटर बदलवाने बिल ठीक कराने, आपूर्ति में बाधा दूर करने, अस्थाई संयोजन लेने भार वृद्धि कराने, खराब वोल्टेज मिलने आदि शिकायतों को दूर करने के लिए समयसीमा निर्धारित कर दी गयी है। समयसीमा में उपभोक्ताओं को सेवा न मिलने पर उन्हें क्षतिपूर्ति दिये जाने का प्राविधान किया गया है।

ऊर्जा मंत्री ने बताया कि वर्तमान में इस व्यवस्था में ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से उपभोक्ताओं को कस्टमर केयर सेन्टर के टोल फ्री नं. 1912 के माध्यम से आवेदन करना व क्षतिपूर्ति प्राप्त करने का प्राविधान किया गया है। इस व्यवस्था के अन्तर्गत किसी भी समस्या व सेवा के लिए उपभोक्ता टोल फ्री नम्बर पर अपनी शिकायत पंजीकृत करायेगा। नियत समय सीमा के अन्तर्गत सेवा प्राप्त न होने पर वह पुन: टोल फ्री नम्बर पर क्षतिपूर्ति प्राप्त करने हेतु आवेदन करेगा, जिसके फलस्वरूप उसे एक नम्बर आवंटित किया जायेगा और उसका क्षतिपूर्ति का दावा स्वत: सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता वितरण खण्ड के पास ऑनलाइन माध्यम से पहुंच जायेगा। पड़ताल के बाद दावा सही होने पर क्षतिपूर्ति की राशि उपभोक्ता के आगामी बिल में समयोजित कर दी जायेगी, जो एक पृथक शीर्ष में परिलक्षित होगी। दावा किये जाने की तिथि से एक माह तक उपभोक्ता का कोई बकाया होने पर क्षतिपूर्ति की राशि अनुमन्य नहीं होगी।

इस नियमावली के लागू हो जाने के बाद तय अवधि में विद्युत सम्बन्धी समस्या के दूर न होने पर उपभोक्ता बिजली कम्पनियों से मुआवजा ले सकेंगे।

## सड़क हादसों को रोकने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग की मेहनत लाई रंग

### ● घटी सड़क हादसों और मृतकों की संख्या

### ● स्कूली बच्चों के माध्यम से चलाए जा रहे अभियान से बेसिक शिक्षा विभाग जारी रखेगा योगदान

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**रोड** एक्सीडेंट में कमी लाने के लिए योगी सरकार के प्रयासों में बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से भी महत्वपूर्ण योगदान दिया गया है। सड़क हादसों को रोकने के लिए बेसिक शिक्षा के स्कूलों की ओर से चलाए गए विभिन्न जागरूकता अभियानों के चलते हादसों में अभूतपूर्व कमी भी देखी गई है। परिवहन विभाग द्वारा प्रकाशित वार्षिक पत्रिका में बेसिक शिक्षा विभाग की इस उपलब्धि का जिक्र करते हुए सराहना की गई है। साथ ही, इसे आगे भी जारी रखने के लिए आग्रह किया गया है। इस बावत संयुक्त शिक्षा निदेशक गणेश कुमार की तरफ से सभी मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) को जारी पत्र में कहा गया है कि सड़क दुर्घटनाओं एवं मृतकों की संख्या में कमी लाए जाने के लिए परिवहन विभाग द्वारा प्रकाशित रोड एक्सीडेंट इन उत्तर प्रदेश 2022 नाम से वार्षिक पत्रिका की प्रतियां उपलब्ध कराई गई हैं। इसके अनुसार वर्ष 2019 की तुलना में वर्ष 2021 में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में 11.4 प्रतिशत, मृतकों की संख्या में 6.3 प्रतिशत तथा घायलों की संख्या में 13.9 प्रतिशत की कमी आई है। यह विभाग के सकारात्मक प्रयासों का ही परिणाम है। विभाग द्वारा मंडलों तथा जनपदों में कराई गई सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित क्विज, निबंध लेखन, पोस्टर, स्लोगन आदि प्रतियोगिताओं के साथ ही आयोजित कराए गए सड़क सुरक्षा सप्ताह माह तथा जागरूकता अभियान, रैली आदि कार्यक्रम अत्यन्त सराहनीय रहे हैं। पत्र में ये भी कहा गया है कि विद्यालयों में असेंबली के समय बच्चों को तथा विद्यालय प्रबन्ध समिति की बैठक में अभिभावकों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी देनाए मास्टर ट्रेनर्स के माध्यम से शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाना आदि गतिविधियों ने भी सड़क दुर्घटनाओं एवं मृतकों की संख्या में कमी लाने के प्रयासों में सकारात्मक भूमिका का निर्वहन किया है। उन्होंने आगे कहा है कि परिवहन विभाग के पत्र के अनुक्रम में सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों का अपने जनपदों में व्यापक प्रचार.प्रसार कराते हुए समस्त गतिविधियां सुचारू रूप से संपन्न कराना जारी रखें।

### सभी विभागों से सहयोग की अपील

**परिवहन** विभाग के एसडीजी गोल (सतत विकास लक्ष्य) 3.6 के अंतर्गत 2030 तक सड़क दुर्घटनाओं में मृतकों की संख्या में 50 प्रतिशत की कमी लाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। साथ ही सभी विभागों से पारस्परिक सहयोग की अपील की गई है। विभाग द्वारा रोड सेफ्टी के लिए जो गोल्डेन रूल्स बताए गए हैं, उसमें ड्रिंकिंग एंड ड्राइविंग से बचने, टू व्हीलर में हेलमेट की अनिवार्यता, स्पीड लिमिट का पालन करने, ट्रैफिक नियमों एवं संकेतकों को मानने के साथ ही अपने वाहन को हमेशा फिट रखने समेत अन्य जरूरी निर्देश दिए गए हैं।

# दवाओं की कमी से न मरे कोई गोवंश

संवाददाता। सीतापुर

- सड़कों पर आने वाले पशुओं को रोका जाए, सभी गौशालाओं में बाउंड्रीवाल का निर्माण हो, शेड भूसा घर तत्काल बनवाएं जाए
- सही काम न करने वाले अधिकारी के खिलाफ हो सख्त कार्रवाई गौशालाओं के विधिवत निरीक्षण का डीएम ने दिया संदेश

**गौशालाओं** में संरक्षित पशुओं की देखभाल एंव उन्हे दिए जाने वाले चारा भूसा और परिसर की साफ-सफाई आदि को लेकर डीएम अनुज सिंह के तेवर काफी तल्ख रहे। जिलाधिकारी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में गौ आश्रय स्थल के संचालन व अन्य बिदुंओं पर गहनता से चर्चा की और सख्त लहेजे में कहा कि बीमार पशुओं की स्थिति की जानकारी रखी जाए। आश्रय स्थलों दवाओं की निरंतर उपलब्धता बनी रहे। दवाओं की कमी से कोई भी पशु मरना नहीं चाहिए। यदि गौशालाओं में सेक्रेटरी सही काम नहीं कर रहे हैं तो उनके खिलाफ सख्त कार्यवाई होनी चाहिए। डीएम ने कहा कि गौशाला एवं गौसंरक्षण संबंधी शिकायतें बहुत आ रही हैं, इन आने वाली शिकायतों एवं कमियों को दूर करने हेतु हमें सजग रहते हुये गौशाला का संचालन विधिवत रूप से करना होगा, जिसमें साफ-सफाई, चिकित्सक के निरन्तर भ्रमण, चारे की व्यवस्था, गौशालाओं में कार्य करने वाले केयरटेकरों का समय से भुगतान आदि महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर विशेष ध्यान देना होगा। उन्होंने केयरटेकर के पारिश्रमिक के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुये कहा कि केयरकेटरों का भुगतान कब तक हुआ है, कितना हुआ है व कितना बाकी है, की एक कम्पाईल रिपोर्ट चाहिये ताकि इससे उत्पन्न होने वाली कमियों को दूर किया जा सके। उन्होंने कहा कि हाईवे के किनारें जो गौपालन करते है, उनसे बात करके सड़कों पर न आने वाले पशुओं को रोका जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि जहां-जहां गौशालाओं में बाउन्ड्रीवाल, शेड, भूसाघर आदि नही बने हैं, उसको तत्काल बनवाया जाये। जहां-जहां गौशालाएं बन चुकी है लेकिन उनका संचालन नही हो पाया है, को तत्काल संचालित किया जाये। उन्होंने मछेरहटा में 05 निमार्णाधीन गौशालाओं के संचालन के निर्देश संबंधित को दिये। उन्होंने कहा कि जहां-जहां गौशाला निर्माण संबंधी कार्य रूके हैं, उसमें तेजी लाते हुये त्वरित गति से कार्य को पूर्ण किया जाये। उन्होंने बताया कि सबसे ज्यादा गौशाला संबंधी दिक्कते खैराबाद में हैं, इसको एक बार देखने की आवश्यकता है। खैराबाद में 02 निर्माणाधीन गौशाला की स्थिति की जानकारी करते हुये इसे जल्द पूरा करने के निर्देश संबंधित को दिये। जहां-जहां क्षमता के हिसाब से काम बहुत ही कम पाया गया है वहां पर कारणों की जानकारी करते हुये संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये। उन्होंने संबंधित को निर्देश देते हुये कहा कि गौशाला का विधिवत रूप से निरीक्षण कर कमियों को दूर करें, यही शासन की प्राथमिकता है, इसमें किसी प्रकार की हीलाहवाली व लापरवाही क्षम्य नही है। जिलाधिकारी ने कहा कि गौशाला के कार्यों के प्रति हमें सजग रहने की आवश्यकता है व यदि गौशालाओं में सेक्रेटरी सही काम नही कर रहा है तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही होनी चाहिये। गौशालाओं में चिकित्सकों का निरन्तर भ्रमण होना चाहिये ताकि बीमार पशुओं की समय से जानकारी मिलते हुये उनका समुचित उपचार सम्भव हो सके। बैठक के दौरान सीडीओ अक्षत वर्मा, डी0सी0 मनरेगा सुशील कुमार श्रीवास्तव, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, डीपीआरओ सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## जेष्ठ माह के तीसरे मंगलवार को शहर में भंडारों का हुआ आयोजन

**सीतापुर।** जेष्ठ माह के तीसरे मंगलवार को शहर में जगह-जगह भंडारे आयोजित हुए। तहसील सदर में जिला प्रशासन, जिला आबकारी विभाग और जिला सूचना विभाग द्वारा विशाल भंडारों का आयोजन किया गया। भंडारे की शुरुआत होने से पहले भक्ति गीतों से सम्पूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया, एंव भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर एसडीएम सदर गौरव रंजन श्रीवास्तव तहसीलदार ज्ञानेन्द्र द्विवेदी सीओ सिटी सुशील कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। आबकारी विभाग कार्यालय परिसर में आयोजित भंडारे डीएम अनुज सिंह ने प्रसाद वितरित किया। इस मौके पर जिला आबकारी अधिकारी आरती यादव, डीओ केपी यादव, संदीप, मोहम्मद आलम, विजय यादव, वीर बहादुर सहित विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे। सूचना कार्यालय परिसर में आयोजित भंडारे का शुभारम्भ जिला सूचना अधिकारी लाल कमल ने किया। इस मौके पर विभाग से प्रचार सहायक अभिषेक सिंह,लेखाकार प्रशांत कुमार, ऑपरेटर प्रिंस सक्सेना, अनुसेवक कुल्दीप कुमार,मददगार राजपाल मौर्य, आदर्श तिवारी, सहित तमाम श्रद्धालु मौजूद रहे।

# मोबाइल फोन से दूरी बनाकर रखें:डॉ प्रदीप मेहता

- समर कैंप की मस्ती के साथ बच्चे सीख रहे जीवन जीने का नैतिक पाठ

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**सेठ** एम आर जयपुरिया स्कूल में समर कैम्प का उत्साह आज भी जारी रहा। जुम्बा के द्वारा बच्चे कसरत करते नजर आए। दिन की जोरदार शुरुआत के बाद बच्चे विभिन्न गतिविधियों में व्यस्त हो गए।फुटबाल एक्रिकेट और निशानेबाजी का जमकर अभ्यास किया। बच्चो ने साहसिक गतिविधियों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। प्रत्येक दिन की तरह सभी गतिविधियों में बच्चो ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया।बच्चे जहाँ अपने हाथ से सुंदर कलाकृतियां बनाकर अभिभूत थे तो नृत्य और संगीत का जमकर अभ्यास कर स्वयं को कलाओ में पारंगत किया। बच्चों ने लेखन की कलात्मक शैली कैलीग्राफी में भी प्रतिभाग किया। बच्चे कल्पना मैम और रवि सर के निर्देशन में कोडिंग द्वारा कंप्यूटर पर गेम बनाना सीख रहे हैं। इन सभी गतिविधियों से बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु व्यक्तित्व विकास कार्यशाला में आज बच्चों को उत्तम वक्ता बनने हेतु आवश्यक निर्देशन दिया गया। इन व्यक्तित्व विकास कार्यशालाओं का आयोजन शेखर सर और कीर्ति मैम द्वारा किया जा रहा है। जयपुरिया विद्यालय में चल रहे समर शिविर में प्रतिदिन विशिष्ट अतिथियों द्वारा दौरा किया जा रहा है। रिटायर्ड प्रोफेसर और अंतरराष्ट्रीय रोटरी क्लब के सदस्य अजय कुमार आगा और पूनम आगा ने शिविर में गतिविधियों में भाग लिया और विद्यालय परिवार के प्रयास की प्रशंसा की। वही डॉ रूपक टंडन और शिखा टंडन तथा बाल्य रोग विशेषज्ञ डॉ अंजनि ने भी शिविर का भ्रमण किया। आज डॉ प्रदीप मेहता चैयरमैन के पी नर्सिंग एंड पैरामेडिकल ट्रेनिंग कॉलेज तथा लायंस क्लब के सक्रीय सदस्य ने शिविर का भ्रमण किया। उन्होंने कहा कि ये प्रयास बच्चो के लिए एक उपयुक्त और उत्तम प्रयास है। उन्होंने बच्चो से कहा कि माता पिता का सदैव सम्मान करें और शिक्षकों को संदेश दिया कि वे बच्चों के लिए एक उत्तम उदाहरण प्रस्तुत करें। प्रधानाचार्य महोदय ने कहा कि समर शिविर में जो कलाएं वे सीख रहे है उनका आने वाले समय मे प्रयोग करना चाहिए। 17 मई से 27 मई तक चलने वाले इस दस दिवसीय कैंप में प्रतिदिन बच्चो को विभिन्न गतिविधियों के साथ आने वाले शहर के सम्मानित जनों से भी रूबरू होने का अवसर मिलता है।

## गुड मॉर्निंग अभियान के तहत थानों द्वारा जनता से किया गया संवाद



संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**एसपी** गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन में गुड मॉर्निंग लखीमपुर खीरी पुलिस ;सुप्रभातध्नमस्तेद्ध मुहीम जनपद खीरी में लागू की गई। इस क्रम में आज दिनांक 23ण्05ण्2023 को जनपद लखीमपुर खीरी के विभिन्न थानों द्वारा जनता के लोगों से संवाद स्थापित कर गुड मॉर्निंग बोलकर उनका हाल.चाल जाना। उक्त मुहीमध्योजना के अन्तर्गत पुलिस टीम सुबह के समय पार्कोंए सार्वजनिक स्थलोंए विद्यालयोंए कोचिंग सेण्टरए ट्यूशन को जाते हुये बच्चोंए विद्यार्थियों एवं गाँव में जाकर लोगों से विशेष कर बुजुर्गों, महिलाओं आदि से संवाद कर उनसे हालचाल लेंगे व उनकी समस्याओं की जानकारी करेंगे। इस मुहिम को लागू करने का उद्देश्य आम जन मानस में सुबह के समय मॉर्निंग वॉक पर जाने वाले लोगों एवं स्कूल जाने वाले बच्चों के साथ होने वाले अपराध की रोकथाम करना एवं भय रहित सुरक्षित वातावरण बनाये रखना है।

# दबंग पुलिस कर्मी का वीडियो हुआ वायरल

- अधिकारियों का चहेता सिपाही कप्तान साहब से कहकर टॉप टेन सूची में डलवाने की बात करते हुए रास्ते भर जूते मारने की बात कहकर वर्दी की हनक दिखा रहा है।
- पुलिस अधीक्षक के आदेश पर वीडियो की जांच शुरू

संवाददाता। शाहजहांपुर

**जिले** के थाना सदर बाजार में तैनात रहे एक दबंग पुलिस कर्मी का वीडियो वायरल हुआ । जिसमें एक सिपाही बोल रहा है कि, कप्तान साहब से कह कर इस बार टॉप टेन की सूची में डलवाऊंगा, फिर बताएंगे पुलिस कैसे दौड़ाती है। इतना ही नहीं, सिपाही ने कहा कि तुम्हारी कसम, चारखंभा से पैदल जूते मारते हुए थाने तक लाऊंगा। वीडियो में किसी डील की बात कर रहे सिपाही ने कहा कि, छह लोग थे। तीन लाख रुपये दे देते। फिलहाल वीडियो वायरल को कई महीने पुराना बताया जा रहा है। एसपी के आदेश पर वीडियो की जांच शुरू कर दी गई है। वीडियो में दिख रही जगह थाना सदर बाजार गेट के बाहर की है। थाना सदर बाजार में नरेश चौधरी नाम का एक सिपाही तैनात था। सिपाही का कई दिनों पहले दूसरे थाने में तबादला कर दिया गया था। अब उसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में सिपाही बोलता हुआ सुनाई दे रहा है कि अबकी बार कप्तान साहब से कहकर इसको टॉप टेन सूची में डलवाऊंगा, फिर बताएंगे पुलिस कैसे दौड़ाती है। ये मैं कहे दे रहा हूं तुमसे, तुम्हारी कसम मेरा नाम नरेश चौधरी है। गाली देकर बोला कि इसको चारखंभा से जूते मारते मारते पैदल थाने तक लाऊंगा। छह लोग थे तीन लाख रुपए दे देते। इस वीडियो में दूसरा सिपाही भी खड़ा दिख रहा है अधिकारियों का चहेता सिपाही कप्तान साहब से कहकर किस तरह टॉप टेन सूची में डलवाने की बात कर रहा है। किस तरह रास्ते भर जूते मारने की बात कहकर वर्दी की हनक दिखा रहा है। किसी डील की भी बात सिपाही कर रहा है। लंबे समय तक सिपाही सदर थाने में तैनात रहकर थाना प्रभारियों का करीबी बनकर रहा है। यही कारण है कि, इस सिपाही को दूसरा कोतवाल भी कहा जाता है। एसपी एस आनंद ने बताया कि वायरल वीडियो की जांच की जा रही है। वीडियो पुराना बताया जा रहा है। सिपाही का पहले ही दूसरे थाने में तबादला कर दिया गया है। वायरल वीडियो की जांच चल रही है।

# श्यामनाथ मंदिर के निकट बनेगा ओवर ब्रिज

- रेलवे क्रासिंग पर मार्च 2023 में प्रदान की गई स्वीकृति
- सीतापुर गोला मार्ग पर क्रासिंग के पास लगने वाली जाम से मिलेगी निजात

संवाददाता। सीतापुर

**शहरवासियों** को आजादी बाद एक और सौगात मिलने जा रही हैए यह सौगात दी है सीतापुर के भाजपा सांसद राजेश वर्मा ने। सांसद द्वारा लगातार किए जा रहे प्रयास से सीतापुर गोला मार्ग पर श्यामनाथ मंदिर के निकट क्रासिंग पर लगने वाली जाम से निजात मिलेगी। क्रासिंग पर ओवर ब्रिज निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। सीतापुर के मध्य सीतापुर गोला मार्ग पर श्यामनाथ मंदिर के निकट बनी हुई क्रासिंग पर गेट संख्या 51 पर ओवर ब्रिज का निर्माण होगा। उत्तर रेलवे के समपार संख्या 51 रेलवे क्रासिंग पर ओवर ब्रिज निर्माण को केन्द्रीय रेल संचार एंव इलेक्ट्रानिक और सूचना प्राद्योगिकी मंत्री ने मंजूरी दे दी है। सीतापुर सांसद राजेश वर्मा ने बताया कि इस रेलवे क्रासिंग पर ओवर ब्रिज निर्माण कार्य को मार्च 2023 में स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। बताते चलें की यह मार्ग सीतापुर, गोला, लखीमपुर को जोड़ता है। इस मार्ग पर वाहनों का अधिक आवागमन होने के कारण हर समय क्रासिंग के पास जाम की स्थित बनी रहती है, इतना ही नहीं उत्तर रेलवे के इस मार्ग पर करीब हर आधे घंटे के अंतराल पर मालगाड़ियों का आना जाना लगा रहता है। जिससे गेट बंद होते ही दूर-दूर तक भीषण जाम लग जाती है। बताते चले की सीतापुर सांसद राजेश वर्मा ने करीब 6 माह पहले रेल मंत्री से मिलकर सीतापुर गोला मार्ग पर श्यामनाथ मंदिर के पास क्रासिंग पर लगने वाली जाम से अवगत कराया था, और क्रासिंग पर उपरगामी सेतु बनवाये जाने का आग्रह किया था। सांसद द्वारा लगातार किए गए पत्राचार के बाद भारत सरकार द्वारा हरी झंडी मिल गई है।

## क्विक न्यूज

### बाइक समेत नदी में गिर कर युवक की मौत

**बरेली।** तेजी से आ रहे अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल सवार युवक को टक्कर मार दी जिससे वह बाइक समेत नहर में गिर कर उसकी मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।बहेडी थाना क्षेत्र के गांव मल्लपुर सगरा निवासी भरत लाल पुत्र नेतराम की लाश आज सुबह बहेडी थाना क्षेत्र में ग्वारा गांव के पास नहर में तैरती पाई गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि भरत पाल खाना बनाने के बाद उसे टिफिन में रखकर सप्लाई करता था और कल दिन में वह मोटरसाइकिल से खाना देने के लिए हल्द्वानी गया था जहां से रात घर वापस लौटते समय ग्वारा गांव के पास तेजी से आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे उसकी बाइक बेकाबू होकर नहर में जा गिरी और उसकी नहर में ही डूब कर मौत हो गई सुबह होने पर गांव के लोगों ने उसके शव को पानी में तैरते देखा और घटना की जानकारी पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नहर से निकालकर मृतक की जेब से मिले आधार कार्ड के माध्यम से उसके घरवालों को सूचना दे दी जो मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त कर ली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा मृतक दो बच्चों का पिता था उसकी पत्नी का नाम सोनाली है ।

### समाजवादी पार्टी का कार्यक्रम सम्पन्न

**मोहम्मदी खीरी।** समाजवादी पार्टी का एक कार्यक्रम ग्रीन व्यू मैरिज लाइन में संपन्न हुआ, जिसकी अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष सुरेश पाल यादव ने की। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक नरेंद्र वर्मा, विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व सांसद दाऊद अहमद, एमएलसी सीतापुर आनंद भदौरिया एलखीमपुर शशांक यादव, जिलाध्यक्ष रामपाल सिंह यादव मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथि विधायक नरेंद्र वर्मा सभा को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन को और मजबूत और नए सिरे से बनाने के लिए अभी से कमर कसी जाए। लोकसभा का चुनाव सभी के लिए महत्वपूर्ण है, वही एमएलसी आनंद भदौरिया ने कहा 5 और 6 जून को राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव लखीमपुर एक सभा को संबोधित करने आ रहे हैं। मोहम्मदी विधानसभा से भारी से भारी संख्या में लोगों को पहुंचने की जिम्मेदारी विधानसभा अध्यक्ष लेकर अन्य पदाधिकारियों को दी जाए। इस कार्यक्रम मे चैयरमैन प्रत्याशी कार्तिक तिवारी जयकरन वाजपेई, सगीर आलम सिद्दीकी, अभिषेक पांडे, लक्ष्मण गुप्ता इकरार खां सहित अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।



### 15 छात्र-छात्राओं को मोबाइल फोन वितरित किये

**बरेली।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे मोबाइल / टेबलेट वितरण कार्यक्रम के अन्तर्गत मंगलवार को राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज एवं चिकित्सालय बरेली में छात्र-छात्राओं को मोबाइल फोन वितरण हेतु प्राचार्य एवं अधीक्षक प्रोफेसर डी. के.मौर्य की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके मुख्य अतिथि बिथरी चौनपुर विधायक डॉ राघवेंद्र शर्मा रहे। विधायक राघवेंद्र शर्मा द्वारा कुल 15 छात्र छात्राओं को मोबाइल फोन वितरित किया गया स कार्यक्रम में डॉ दीपशिखा जोशी, डॉ मनोज कुरील, डॉ सूर्य प्रकाश वर्मा राष्ट्रीय सेवा योजना सहायक प्रिया गंगवार आदि उपस्थित रहे तथा कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर योगेश कुमार द्वारा किया गया।



### गन्ना पर्यवेक्षक का घूस लेते हुये वीडियो वायरल, निलम्बित

**लखीमपुर खीरी।** कुछ दिनों पूर्व सोशल मीडिया पर गन्ना विकास परिषदए कुम्भी के गन्ना पर्यवेक्षक द्वारा कृषक से पैसा लेते हुये वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। विभिन्न संचार माध्यमों से वायरल वीडियो प्राप्त होते ही जिला गन्ना अधिकारी वेद प्रकाश सिंह ने गम्भीरता से लिया। पूरे प्रकरण की तत्काल विस्तृत रिपोर्ट आयुक्तए गन्ना एवं चीनीए उप्र को भेजी। डीसीओ की रिपोर्ट पर आयुक्तए गन्ना एवं चीनी द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुये पैसा लेने वाले गन्ना पर्यवेक्षक को निलम्बित करते हुये अनुशासनिक कार्यवाही शुरू कर दी। वही पूरे मामले की जांच के लिए जिला गन्ना अधिकारीए सीतापुर को जांच अधिकारी बनाया है।

### दहेज लोभी पति पत्नी से कराना चाहता है देह व्यापार, महिला ने की एसएसपी से शिकायत

**बरेली।** जनपद के थाना शेरगढ़ क्षेत्र के गांव मुरावपुरा निवासी पीड़िता परिवार सहित वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची। पीड़िता ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शिकायती प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि 6 वर्ष पूर्व उसकी शादी गांव मुरावपुरा निवासी युवक के साथ हिंदू रीति रिवाज से हुई थी और वह वर्तमान में 3 बच्चों की मां भी है। पीड़िता ने बताया की शादी के बाद से ही दहेज लोभी पति और ससुराल वाले दहेज का ताना देकर पीड़िता को शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करते रहते थे। जिसका कई बार रिश्तेदारों में बैठकर आपसी समझौता भी कराया, परंतु पति एवं ससुराल वालों का व्यवहार नहीं बदला। पीड़िता ने पति एवं ससुराल वालों पर आरोप लगाते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मौजूद अधिकारी को बताया कि उसके पति सहित ससुराल जन कार और पांच लाख रुपये लाने की मांग करते हैं। दहेज की मांग पूरी ना होने की स्थिति में है पति एवं ससुराली जन पीड़िता को देह व्यापार का धंधा करने के लिए बोलते हैं। पीड़िता ने एसएसपी ऑफिस में मौजूद अधिकारी को यहां तक बताया कि कई बार उसके ससुराल वालों ने घर में अज्ञात ग्राहकों को बुलाकर पीड़िता को देह व्यापार के लिए मजबूर किया है। पीड़िता ने बताया पति सहित ससुराल जन लगातार देह व्यापार करने के लिए मजबूर करते हैं और ना करने पर पीड़िता व उसके भाइयों को जान से मारने की धमकी देते हैं। पीड़िता ने परिवार सहित वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई।

### प्रेमी जोड़े ने कोर्ट मैरिज करने के बाद लगाई सुरक्षा की गुहार

**बरेली।** थाना इज्जतनगर क्षेत्र के मोहल्ला मठ लक्ष्मीपुर निवासी एक प्रेमी जोड़ा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के कार्यालय सुरक्षा की गुहार लगाने पहुंचा। प्रेमी जोड़े ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मौजूद अधिकारी को बताया की मनीषा उर्फ चमन दिल्ली की रहने बाली है। प्रेमी चमन बरेली के मठ लक्ष्मीपुर निवासी हैं। हम दोनों को सोशल मीडिया के माध्यम से हम लोगों में प्यार हुआ उसके बाद 23 अप्रैल 2023 को हिंदू रीति रिवाज के अनुसार आर्य समाज मंदिर में दोनों ने आपसी सहमति से विवाह कर लिया और 20 मई 2023 को विवाह पंजीकरण करा लिया। जिसका एप्लीकेशन आईडी प्रार्थना पत्र में दर्शाया गया है। प्रेमी ने प्रेमिका के परिवार पर आरोप लगाते हुए कहा कि उसकी प्रेमिका से पत्नी बनी मनीषा के भाई विवाह के बाद से जान के दुश्मन बने हुए हैं और आए दिन अलग-अलग नंबरों से फोन करके जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। तो वहीं प्रेमिका ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मौजूद अधिकारी से अपने पति और ससुराली जनों की सुरक्षा की गुहार लगाते हुए कहा कि उसके पति के साथ उसके मायके वाले कभी भी घटना घटित कर सकते हैं। दोनों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया गया।

# राज्य स्तरीय टेक्निकल स्पोर्ट यूनिट ने लिया स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा

- स्वास्थ्य सेवाओं की प्रशंसा की

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**जनपद** पहुंच दो सदस्यीय राज्य स्तरीय टेक्निकल सपोर्ट यूनिट द्वारा सीएम ऑफिस सभागार में एक समीक्षा बैठक की गई। इस दौरान सीनियर टीम लीडर डॉ दिनेश सिंहए सीनियर स्पेशलिस्ट ऑर्गेनाइजेशन आईएचएटी डॉ. अमन उल्लाह खान सहित सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता व एसीएमओ डॉ. अश्विनी कुमार व टीएसयू डिस्टिक कोऑर्डिनेटर डॉ रवि कुमार मौजूद रहे। सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने बताया कि दो सदस्यीय राज्य स्तरीय टेक्निकल सपोर्ट यूनिट मंगलवार को जनपद पहुंची। जहां सीएमओ ऑफिस सभागार में टीम द्वारा हेल्थ वर्कर्स के साथ समीक्षा बैठक की गई। जिसके बाद इसे लेकर सीएमओ संतोष गुप्ता से चर्चा की गई। टीम ने किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। टीम द्वारा न्यू बोर्न स्टेबलाइजर यूनिट की प्रगति जानी गई। यह यूनिट जनपद में पहले दो थीं अब 5 हो गई है। जल्द ही इन्हें सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में स्थापित किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। समीक्षा के दौरान लेबर रूम में तैनात स्टाफ नर्स की ट्रेनिंग, नर्स मेंटल की नियुक्ति और किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के साथ-साथ तकनीकी क्षमता वर्धन की बात भी कही गई। इसी के साथ नव वैवाहिक दंपत्ति को परिवार नियोजन हेतु दी जाने वाली शगुन किट जो फैमिली प्लानिंग को प्रमोट करने का काम कर रही है और परिवार नियोजन के संसाधनों को चुनने का विकल्प देती है को लेकर जिले में किए गए कार्यों की सराहना की। टीम द्वारा डिलीवरी प्वाइंट्स को बढ़ाने का सुझाव भी दिया गया। राज्य स्तरीय टेक्निकल सपोर्ट यूनिट के जनपद भ्रमण का उद्देश्य मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाना और स्वास्थ्य कर्मचारियों के क्षमता वर्धन, परिवार नियोजन संसाधनों को बढ़ावा, डिलीवरी पॉइंट्स को बेहतर किया जाना, फैमिली प्लानिंग को प्रमोट करना, परिवार नियोजन संसाधनों को बढ़ावा दिया जाना, नव वैवाहिक दंपत्ति को शगुन किट, लेबर रूम की सेवाओं को बेहतर किया जाना और न्यूबॉर्न स्टेबलाइजेशन यूनिट को जनपद में बढ़ावा देना आदि है।

# विद्युत संविदा कर्मियों की कार्य बहिष्कार की चेतावनी

**शाहजहांपुर।** पिछले दो दिन से धरना दे रहे संविदा कर्मियों ने बुधवार से कार्य बहिष्कार करने की चेतावनी दी। कर्मचारियों ने कहा कि कई बार ईपीएफऔर वेतन पाने के लिए प्रदर्शन के बाद भी कोई सुनवाई नहीं है। विभाग के आला अफसरों ने विद्युत संविदा कर्मियों की समस्याओं को अभी तक गंभीरतापूर्वक नहीं लिया है और न ही एक भी अधिकारी हमारे संगठन से वार्ता करने आया है। अधिकारी आंखे बंद करके शून्य में चले गए हैं। 12 महीने से बिजली संविदा कर्मियों का ईपीएफनहीं मिला है। कर्मियों का वेतन तक नहीं दिया गया है। इसके चार महीने से भी वेतन नहीं मिला है। ईएसआई के कार्ड भी अभी नही बनाए गए, जितने भी बिजली विभाग में संविदा कर्मी कार्य कर रहे हैं वो सब अपनी जिम्मेदारी पर काम कर रहे हैं। कोई भी अधिकारी उनको देखने वाला नहीं है। सोमवार को एक बिजली संविदा कर्मी कार्य करते हुए मौत के मुंह में चला गया था। कंपनी कह रही मेरा एग्रीमेंट नहीं है। विभाग कह रहा है मेरा कर्मचारी नहीं है। ऐसी स्थिति में विभाग के अधिकारी संविदा कर्मी से जबरन काम ले रहे हैं। ऐसे ही अनदेखी चलती रही तो बुधवार से कार्य बहिष्कार किया जाएगा। बुधवार को दो बजे से लेकर पांच बजे तक कार्य बहिष्कार पर रहेंगे। कोई संविदा कर्मी इस समय के दौरान पावर हाउस में नहीं रहेगा। संविदाकर्मियों ने कहा कि वेतन और ईपीएफ का पैसा नहीं दिया गया है। ऐसे में संविदा कर्मियों की जिम्मेदारी कंपनी लेती है और न ही विभाग लेता है। संविदा कर्मी आखिर किसकी जिम्मेदारी हैं। परिवार को चलाना मुश्किल हो रहा है। बुधवार को दो बजे से पांच बजे तक कोई कर्मचारी पावर हाउस में नहीं जाएगा।

# सबसे उम्रदराज सभासद बनीं मुनताजन बेगम



**मोहम्मदी खीरी।** । सबसे ज्यादा उम्र की महिला ने सभासद का चुनाव जीतकर बनाया रिकॉर्ड एनगर पालिका परिषद के सभागार में वरिष्ठ नागरिक की हैसियत से बैठेगी यह बुजुर्ग महिला एमोहम्मदी नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर 15 लखपेड़ा दक्षिणी से मुनताजन बेगम उम्र 75 वर्ष ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी एक युवा महिला प्रत्याशी को भारी मतों से हराकर नगर पालिका परिषद के सभासद बनने का गौरव हासिल किया हैए मुनताजन बेगम को कुल 465 मत मिले और जीत हासिल कीएइससे पूर्व इनके बेटे कलामुद्दीन सभासद रह चुके हैएमहिला सीट हो जाने पर उन्होंने अपनी मां को चुनाव में उतार दिया और भारी मतों से बुजुर्ग महिला ने जीत हासिल कर नगर पालिका परिषद में सबसे ज्यादा उम्र की महिला सभासद बनने का गौरव भी हासिल किया एउनकी जीत पर सभी ने बधाई और शुभकामनाएं भी दी हैं।

# गांवों में बढ़ते शहरीकरण का आईना है: ईगल आफ विलेज

संवाददाता। बरेली




**सीआरपीएफ** से जुड़े संदीप यादव द्वारा लिखित छटी पुस्तक 'ईगल आफविलेज' का लोकार्पण समारोह 'रोटरी भवन' में हुआ, जिसमें विशिष्ट अतिथिगण के रूप में माधवराव सिंधिया पब्लिक स्कूल के प्रबंधक सौरभ अग्रवाल, बरेली कॉलेज के राजनीति विज्ञान विभाग की शिक्षिका डॉ वंदना वर्मा, उत्तराखण्ड की लोक गायिकाएं, ज्योति उप्रेती सती व डॉ नीरजा उप्रेती, पंडित दीन दयाल विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ अवनीश यादव, साइकिल बाबा के नाम से विख्यात संजीव जिंदल मंचासीन रहे तथा वक्तागण के रूप में धीरेंद्र सिंह वीर, आशुतोष वाजपेयी, आशीष दीक्षित रहे।कार्यक्रम आयोजक व लेखक संदीप यादव ने बताया कि ये पुस्तक गांव के विकास पर बेस्ड है इसमें गांव के शहरीकरण पर समाज को आईना दिखाया गया है, मर्डर मिस्ट्री भी है इसलिए सस्पेंस भी क्रियेट किया गया है, कोर्ट रूम ड्रामा भी है। कुल मिलाकर आज के दौर की कहानी है ईगल आफ विलेज। वंदना शर्मा ने कहा कि संदीप अपने लेखन से शब्दों की सत्ता को बचाये रखते हैं, समस्याओं को सामने लाने के लिए संदीप का यह प्रयास सराहनीय है। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करना मेरे लिए गौरवपूर्ण है मेरी शुभकामनाएं संदीप के साथ हैं वो यूँ ही आगे बढ़ें और अच्छा लिख कर समाज को दिशा देने का कार्य करें।सौरव अग्रवाल ने कहा कि गांव अब शहर बनते जा रहे है हमें अपनी संस्कृति को बचाना है वरना देश भी खत्म हो जायेगा, हम अपने कॉलेज की लाइब्रेरी में इस पुस्तक को संजोयेगे। ताकि हमारे विद्यार्थियों में अपनी जड़ों से जुड़ने की सीख मिले। विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्तराखण्ड से पधारीं उप्रेती बहनों ने अपने लोक गीतों से माहौल की रौनक को बढ़ा दिया।कवियत्री एवं संचालिका शिल्पी सक्सेना ने संदीप को शस्त्रधारी शास्त्र रचियता की संज्ञा देते हुए अपने बेहतरीन संचालन कौशल से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के अंत में श्रीमती हीरा कली (माता जी), श्री आशीष दीक्षित ( जिनपर यह पुस्तक लिखी हुई है), श्री भानू भारद्वाज (पत्रकार और पुस्तक के मुख्य किरदार भी), धीरेंद्र वीर सिंह (समाज सेवा), आशुतोष भारद्वाज (समाज सेवा ), सर्पमित्र गुड्डू भइया ( सामाजिक क्षेत्र), सचिन श्याम भारतीय (पत्रकारिता), मोहित सिंह (एनएसएस व समाज सेवा), कु नूरजहां चित्रकार, कु अनुजा विद्या श्रीवास्तव ( सामाजिक कार्यों में सहभागिता एवं ग्रामीण बस्तियों में शिक्षा) का सम्मान भी किया गया।

# राज्य मंत्री द्वारा घाटों के सौन्दर्यीकरण का निरीक्षण

- हनुमतधाम स्थित घाटों की सफाई की स्थिति को देखा गया
- हनुमतधाम स्थल पर स्थित बेसहारा, गरीब व असहाय लोगो के लिए बने रैन बसेरा का भी निरीक्षण किया गया।

संवाददाता। शाहजहांपुर



**नगर** क्षेत्र न्यू सिटी ककरा में निर्माणाधीन नगर निगम कार्यालय भवन का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की स्थिति को देखा गया व निर्माण कार्य में प्रयुक्त की जा रही सामग्री को भी देखा गया। इस मौके पर निर्माण कार्य को विलम्ब से होने पर सम्बंधित फर्म के ठेकेदार के विरुद्ध कठोर कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए गए। साथ ही निर्माण कार्य को तेजी से कराये जाने के निर्देश दिए गए। इसी क्रम में हनुमतधाम स्थित घाटों की सफाई की स्थिति को देखा गया , हनुमतधाम स्थल पर स्थित बेसहारा, गरीब व असहाय लोगो के लिए बने रैन बसेरा का भी निरीक्षण किया गया। रैन बसेरा में उपलब्ध कराए जाने वाली सुविधाओं की यथास्थिति की भी जानकारी प्राप्त की गई। रैन बसेरा में समस्त व्यवस्थाएं दुरस्त पाई गई । इसके उपरांत मा0 मंत्री जी द्वारा नगर क्षेत्र के मघई टोला स्थित कान्हा गौशाला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय गौशाला में सफाई व्यवस्था, शुद्ध पेयजल की आपूर्ति, प्रकाश बिंदु एवं गौवंश हेतु हरा चारा, भूसा इत्यादि को देखा गया। सारी व्यवस्था चाक-चौबंद मिलने पर नगर निगम टीम शाहजहांपुर की प्रंशसा की गई। कान्हा गौशाला में बीमार गौवंश को पृथक से रखने हेतु सेल बनाये जाने के निर्देश दिए गए। इस मौके पर जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष डी0पी0एस0 राठौर, नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी श्याम बहादुर सिंह, अपर नगर आयुक्त एस0के0 सिंह, मुख्य अभियंता सिविल एस0के0 अम्बेडकर, महाप्रबंधक जल सौरभ श्रीवास्तव तथा अन्य अधिकारी कर्मचारीगण एवं भाजपा जिलाध्यक्ष के0सी0 मिश्रा, महानगर अध्यक्ष अरूण कुमार गुप्ता व अन्य जन-प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 24 मई, 2023



# चोरी के पाइप खरीदने वाली कंपनी के मालिक समेत कई अन्य अपराधी पुलिस के शिकंजे में

● अंतरराज्यीय गिरोह का एसपी ने किया खुलासा

● अपराधियों पर गैंगस्टर व एनएसए लगाने की तैयारी

**संवाददाता।** चित्रकूट



**भारत** सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना जल जीवन मिशन के चोरी के पाइपों को खरीदने वाली कम्पनी के मालिक समेत अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर 104 डीआई पाइप, दस नग डबल फ्लैंच पाइप, दस नग प्रयोग किये फ्लैंच पाइप, एक डिब्बा काला पेंट, एक डिब्बा फेबीकोल व ब्रस बरामद किया।

मंगलवार को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला ने पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में पत्रकारों को बताया कि रैपुरा थाना अध्यक्ष शैलेन्द्र चन्द्र पाण्डेय की टीम ने 27 अप्रैल को जल जीवन मिशन पाइपों की चोरी करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया था। इनके कब्जे से पुलिस ने डीसीएम में लदे चोरी के 50 पाइप के साथ दबोचा था। विवेचक ने जिला कारागार में बंद आरोपी गुरमीत सिंह व नियाज अहमद से पूछताछ में पता किया कि चोरी के पाइपों को डिलाइट इण्टरप्राइसेस प्रा लि रनिया कानपुर देहात में बिक्री करते थे। सम्बन्धित बिल बाउचर भी विवेचक को दिये। विवेचना ने प्रकाश में आए आरोपी विकास कुमार पटेल व अनुपम पाण्डेय उर्फ अमित के बयानों पर कानपुर स्थित डिलाइट इण्टर प्राइसेस प्रालि रनिया कानपुर देहात जिसमें बड़े पैमाने पर प्लास्टिक पाइप बनाने का काम होता है।

पाइपों को स्क्रैप के दाम में खरीदा जाता है। चोरी के पाइपों के उन हिस्सों को जिसमें जल जीवन मिशन सम्बन्धित स्टीकर लगा होता है, उसे अलग कर पुन: फ्लैंच से जोड़कर नया पेन्ट कर डिलाइट कम्पनी का मार्का लगाकर बाजार मूल्य में पुन: ब्रिकी किया जाता है।

कानपुर देहात में सीओ लाइन्स श्रीमती निष्ठा उपाध्याय व सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय की अगुवाई में एसओजी, क्राइम ब्रांच एवं रैपुरा थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने 22 मई को डिलाइट इण्टर प्राइसेस प्रालि रनिया कानपुर देहात पर छापेमारी कर कम्पनी में रखे स्टॉक को चेक किया। कम्पनी से चोरी के पाइप बरामद किये।

अब तक गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट व राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत कार्रवाई प्रस्तावित है। जांच में पता चला कि तीन माह में गिरफ्तार कम्पनी कर्मचारी अमन व पूर्व में गिरफ्तार चोरों के बीच 450 से अधिक बार मोबाइल पर बात हुई है।

## पुलिस ने बरामद किये 23 लाख के खोये मोबाइल



**चित्रकूट।** एसपी वृंदा शुक्ला के निर्देश पर एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय की देखरेख में एसओजी/सर्विलांस प्रभारी की अगुवाई में पुलिस टीम ने 151 लोगों के खोये मोबाइल फोन बरामद किये हैं। बरामद फोन की कीमत लगभग 23 लाख रुपये आंकी गई है। ज्ञात है कि मोबाइल धारकों ने फोन खोने की बाबत पुलिस अधीक्षक को विभिन्न तिथियों में प्रार्थना पत्र दिये थे। पुलिस अधीक्षक ने एसओजी/सर्विलांस टीम को खोए मोबाइल फोन की बरामदगी के निर्देश दिये थे। प्रभारी सर्विलांस/स्वाट टीम निरीक्षक श्याम प्रताप पटेल की अगुवाई में 151 फोन बरामद कर धारकों के सुपुर्द किया। टीम में प्रभारी एसओजी/सर्विलांस निरीक्षक श्याम प्रताप पटेल, दीवान धर्मेन्द्र कुमार आदि शामिल रहे।

## योजनाओं का लाभ लेकर दोगुनी करें आय : दीपक मिश्रा

● मछुआ समुदाय के उत्थान पर संगोष्ठी सम्पन्न

**संवाददाता।** राजापुर, चित्रकूट



**उत्तर** प्रदेश सरकार मछुआ समुदाय के विकास के लिए अनेकों प्रकार की योजनाएं लागू करके उस समाज की आय को दुगनी करने के लिए प्रयासरत है, इसी क्रम में ग्राम पंचायत रुपौली के मजरा रीठी के मछुआ समुदायों के बीच मत्स्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें समुदाय के लोगों के उत्थान के लिए योजनाओं की चर्चाएं की गईं।

संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे मत्स्य विकास अधिकारी चित्रकूट दीपक मिश्रा ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा यमुना के किनारे बसने वाले केवट, धीमर, घोघ, मल्लाह आदि जातियों के लिए यमुना नदियों में मत्स्य आखेट के लिए पट्टे देने की योजना चलाई जा रही है जिसमें मत्स्य किसान क्रेडिट कार्ड, 5लाख रुपए का फ्री बीमा तथा साइकिल, मोटरसाइकिल, टाटा पिकअप 40प्रतिशत के अनुदान पर दिए जाने का प्रावधान किया गया है तथा मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना भी जनपद चित्रकूट में लागू की गई है। इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए मत्स्य विभाग से रेजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है।

दीपक मिश्रा ने बताया कि जो लोग मोबाइल चलाते हैं वह फ्रीस फार्मर ऐप के माध्यम से पूरी जानकारी ले सकते हैं और बताया कि राजापुर क्षेत्र से मत्स्य परिजीवी समिति लिमिटेड मछुआ समुदाय के काफी लोग समिति के माध्यम से तालाबों की नीलामी लेकर मत्स्य पालन कर अपनी आय को दुगना करने में सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

## बौद्ध महासभा ने बुद्ध विहार के लिए मांगा स्थान



**चित्रकूट।** भारतीय बौद्ध महासभा के अध्यक्ष ज्ञानचन्द्र बौद्ध व गयाप्रसाद बौद्ध ने देश के प्रधानमंत्री व सूबे के मुख्यमंत्री को सम्बोधित पत्र एसडीएम सदर को सौंपा। पत्र में कहा कि मथुरा जिले के सुरीर कोतवाली क्षेत्र के तेहरा गांव के पास बुद्ध विहार में रह रहे दो बौद्ध भिक्षुओं पर जानलेवा हमला हुआ था। उन्हें सुरक्षा देकर मुआवजा दिलाया जाये। मंगलवार को एसडीएम सदर को सौंपे ज्ञापन में भारतीय बौद्ध महासभा के अध्यक्ष ज्ञानचन्द्र बौद्ध व गया प्रसाद बौद्ध ने कहा कि पुरानी कोतवाली कर्वी के अंदर 25 वर्षो से बने बुद्ध विहार प्रशासन ने खाली करा लिया है। इससे बौद्ध भिक्षुओं के रहने को जिले में कहीं जगह नहीं है। बौद्ध भिक्षुओं के रहने व बुद्ध विहार को जगह दी जाये ताकि बौद्ध भिक्षु सुरक्षित रह सकें।

# श्रद्धापूर्वक मनाया गया गुरु अर्जुन देव का शहीदी दिवस



**फतेहपुर।** सिक्ख समुदाय के पांचवे गुरु गुरु अर्जुन देव जी का 417 वां शहीदी दिवस श्रद्धा व स्नेह के बीच मनाया। सिक्ख समुदाय के लोगों ने गुरूद्वारे में माथा टेक कर छबील व छोले का वितरण किया। आने-जाने वाले लोगों ने ठंडा शर्बत पीकर गर्मी में राहत की सांस ली। कार्यक्रम की अगुवाई गुरुद्वारा सिंह सभा के प्रधान पपिंदर सिंह ने की। ज्ञानी परमजीत सिंह ने बताया कि गुरु अर्जुन देव सिखों के पांचवे गुरु हैं। आज गुरु अर्जुन देव जी का 417वां शहीदी दिवस है। आज के दिन तपते तवे में रेत डाल कर गुरु अर्जन देव जी को शहीद किया गया था। गुरु अर्जुन देव जी धर्म रक्षक और मानवता के सच्चे सेवक थे। उनके मन में सभी धर्मों के लिए सम्मान था। मुगलकाल में अकबर, गुरु अर्जुन देव के मुरीद थे, लेकिन जब अकबर का निधन हो गया तो जहांगीर के शासनकाल में इनके रिश्तों में खटास पैदा हो गई। ऐसा कहा जाता है कि शहजादा खुसरो को जब मुगल शासक जहांगीर ने देश से निकालने का आदेश दिया था तो गुरु अर्जुन देव ने उन्हें शरण दी। यही वजह थी कि जहांगीर ने उन्हें मौत की सजा सुनाई थी। गुरु अर्जन देव ईश्वर को सभी यातनाएं सह गए और मई सोलह सौ छ: को उनको शहीद कर दिया गया। जीवन के अंतिम समय में उन्होंने यह अरदास की 'तेरा कीआ मीठा लागे, हरि नामु पदारथ नानक मांगे'।

## विपक्षियों को फंसाने के लिए दर्ज कराया गया लूट का फर्जी मुकदमा

**फतेहपुर।** लूट की फर्जी सूचना देकर मुकदमा लिखाना एक युवक को मंहगा पड़ गया। पुलिस ने फर्जी लूट की घटना से पर्दा उठाते हुए युवक को गिरफ्तार किया है। युवक की निशानदेही पर पुलिस ने डेढ़ लाख रुपया भी बरामद किया है। पुलिस ने वादी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की है। कल्याणपुर थाना प्रभारी आनंद प्रकाश शुक्ला ने बताया कि थाना क्षेत्र के दरियापुर निवासी राजेंद्र कुमार ने सोमवार को 112 में सूचना दी बैंक से डेढ़ लाख रुपया निकालकर वह घर जा रहा था। रास्ते मे महरहा नहर पटरी पर बाइक सवार तीन बदमाश उसके डेढ़ लाख रुपया लूट ले गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई और लूट का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई। युवक ने जिन पर लूट करने का अंदेशा जताया पुलिस ने उसकी भी जांच की और उनसे कड़ाई से पूछताछ की गई।

घटना संदिग्ध लगने पर पुलिस ने वादी राजेन्द्र कुमार से कड़ाई से पूछ ताछ की तो घटना फर्जी होना सामने आया। थानाध्यक्ष आंनद प्रकाश शुक्ला ने बताया कि वादी ने पुरानी रंजिश के तहत दूसरे पक्ष को फंसाने के लिए सारा षड्यंत्र रचा था। वादी ने डेढ़ लाख रुपया एक झाड़ी में छिपा दिए थे और पुलिस को झूठी लूट की सूचना दी थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करते हुए डेढ़ लाख रुपया बरामद किया गया।

# आधा दर्जन गायों की मौत से मचा हड़कंप

● गूढ़ा न्यामतपुर में दो दर्जन गौवंश बीमार हालत में मिले

● प्रशासनिक अधिकारी पहुंचे गांव, मृत गायों को कराया दफन

**संवाददाता।** जालौन, उरई



ग्रामीणों से बात करते पशु चिकित्सक

**संदिग्धावस्था** में आधा दर्जन दुधारू गायों की मौत हुई। वहीं, एक दर्जन गाएं बीमार हैं। गायों की मौत की सूचना पर पुलिस वी प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों के मृत गायों का पोस्टमार्टम कराकर गायों को जमीन में दफन कराया।

ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम गूढ़ा न्यामतपुर में सोमवार की देर शाम अचानक लगभग 2 दर्जन दुधारू गाय बीमार हो गईं। कुछ ही समय में गायों के मरने का सिलसिला शुरू हो गया। जब तक ग्रामीण कुछ समझ पाते देखते ही देखते आधा दर्जन गायों की मौत हो गई। गायों की मौत होने पर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही एस्डीएम सुरेश कुमार, सीओ रविंद्र गौतम, पशु चिकित्सक आरके राजपूत के साथ मौके पर पहुंच गए। पशु चिकित्सक ने मृत गायों का पोस्टमार्टम कर बिसरा जांच के लिए भेजा है। लगभग एक दर्जन बीमार गायों का इलाज भी शुरू किया गया है। घटना को लेकर एसडीएम ने बताया मामला हीट स्ट्रोक का लग रहा है। संभवत: हीट स्ट्रोक के चलते गायों की मौत हुई है। फिर भी स्पष्ट कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पता चल सकेगा। फिलहाल मृत गायों का अंतिम संस्कार करा दिया गया है। बीमार गायों का इलाज किया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट हो जाएगा।

## पल्स पोलियो प्रतिरक्षा अभियान 28 मई से

**कालपी, जालौन।** मंगलवार को चिकित्सकों की मौजूदगी में उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें आगामी सप्ताह चलने वाले पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान को सफल बनाने की रणनीति तैयार की गई। एसडीएम ने स्वास्थ्य विभाग को अभियान को सफल बनाने और शत-प्रतिशत बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाने के निर्देश दिए हैं। नोडल अधिकारी डा.गोपाल द्विवेदी ने बताया कि 0-5 वर्ष की उम्र तक के बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाने का अभियान 28 मई से शुरू होगा।

## क्विक न्यूज

### गंगा में स्नान करते 3 किशोरों की डूबकर मौत

**फर्रुखाबाद।** कमालगंज थाना क्षेत्र मे आज भीषण गर्मी से निजात पाने के लिए गंगा स्नान करने के लिए घुसे तीन किशोरों की डूब कर मौत हो गई जबकि इनका एक साथी डूबने से बाल- बाल बच गया। सब इंस्पेक्टर राघवेंद्र तिवारी ने बताया कि थाना क्षेत्र के ग्राम शेखपुर के रहने वाले अशरफ उम्र करीब 11 वर्ष ब उज्जैव उम्र करीब 17 वर्ष ब जोहेब अली तथा समीर चार मुस्लिम युवक आज मंगलवार दोपहर करीब 12.00 वजे भीषण गर्मी से निजात पाने के लिए थाना क्षेत्र में भोजपुर के समीप गंगा मे स्नान करने पहुंचे। इसके बाद यह चारों मुस्लिम किशोर गंगा में स्नान करने के लिए जल में घुसे। इस दौरान अशरफ, उज्जैव ब जोहेव अली गंगा के गहरे जल में डूब गए, इस नजारे को देख इनका साथी समीर जल से बाहर निकला और अपने साथियों के डूबने की पुकार मचाई।

### पशु क्रूरता कानून के तहत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**मौदहा, हमीरपुर।** कोतवाली पुलिस ने बीती रात आधा दर्जन से अधिक भैंसों से भरा एक लोडर राजमार्ग में पकड़ तीन आरोपियों के खिलाफपशु क्रूरता समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर जेल भेज दिया है। बांदा जनपद के गणरियन डेरा निवासी हरीश चंद्र पुत्र मूलूवा, अनिल पुत्र सरपुद्दीन व राजन पुत्र राजाराम निवासीगण ग्राम बड़ी बड़ोखर सोमवार की देर शाम एक लोडर में चार भैंस व चार भैंसा ठूँसकर सुमेरपुर की ओर ले जा रहे थे तभी राजमार्ग पर राठ तिराहा के समीप चेकिंग कर रही कोतवाली पुलिस ने उन्हें धर लिया और मामले की जांच पड़ताल कर सभी आरोपियों के खिलाफपशु क्रूरता समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर जेल भेज दिया है।

### किशोरी ने आत्महत्या का किया प्रयास

**मौदहा, हमीरपुर।** अज्ञात कारणों के चलते किशोरी ने अपने ही घर में फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त करने का प्रयास किया। परिजनों ने आनन फानन में फांसी से उतार कर कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल रफर कर दिया और पुलिस को सूचना दी। सोमवार की शाम महोबा जनपद के खन्ना थाना क्षेत्र के बन्नी गांव निवासी मूर्ति 18 वर्ष पुत्री शिवप्रसाद अपने ही घर में दुपट्टे से फांसी का फंदा बना कर गले में डाल कर अपनी जीवन लीला समाप्त करने का प्रयास किया। गनीमत रही कि समय रहते परिजनो द्वारा फांसी से उतार कर आनन-फानन में मौदहा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर डॉक्टरों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया और प्राथमिक सूचना पुलिस को दे दी गई है।

### शासन की मंशानुसार निस्तारित करें समस्यायें : डीएम

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कलेक्ट्रेट स्थित कक्ष में कोरोना नियमों का पालन करते हुए फरियादियों की समस्यायें सुनी। मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में आए छोटेलाल चकौंध, रामकृपाल पहरा, बसंतलाल अल्मा पुरवा मजरा कादरगंज, भूरेलाल भदेदू, ललित कुमार बकटा बुजुर्ग आदि फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता से सुनकर समय से निस्तारण को सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने जनता दर्शन में मिली शिकायतों की बाबत अधिकारियों को निर्देश दिये कि शासन की मंशानुसार शिकायतों को निस्तारित करें।

### नाबालिग से दुष्कर्म प्रयास पर चार के खिलाफ रिपोर्ट

**फतेहपुर।** नाबालिग से दुष्कर्म की कोशिश का चार के खिलाफकोर्ट के आदेश पर असोथर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। घटना 24 फरवरी 23 की है। असोथर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने एफआईआर में बताया कि उसकी 13 साल की पुत्री खेत गई थी। जहां गांव के बड़कू ने पुत्री को पकड़ लिया। उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। विरोध करने पर पुत्री के कपड़े फाड़ डाले। शोर सुनकर आसपास गांव के लोग पहुंच गए। बड़कू पुत्री को जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। वह पुत्री को लेकर बड़कू के घर शिकायत करने पहुंची, जहां बड़कू के मां, पिता, बहन भड़क उठी। थानाध्यक्ष प्रमोद मौर्या ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# पार्क, चौराहों के सुंदरीकरण व सड़क चौड़ीकरण से उत्तम बनेगा जनपद

**संवाददाता।** उरई, जालौन

**सोमवार** की देर शाम जिला पंचायत अध्यक्ष डा. घनश्याम अनुरागी, विधायक सदर गौरी शंकर वर्मा, जिलाधिकारी चांदनी सिंह, पुलिस अधीक्षक ईरज राजा ने कल देर रात चुर्खी चौराहा महाराणा प्रताप चौक पर उरई विकास प्राधिकरण द्वारा इकलासपुरा चौराहे से जालौन चौराहे तक एसएच-21 डिबाईडर पर लगायी गयी डबलआर्म एलईडी स्ट्रीट लाईट का प्रथम बार स्विच ऑन कर उद्घाटन किया। शहर की सड़कों के सौंदरीकरण से स्ट्रीट लाईट के प्रकाश से जगमग हुआ स्ट्रीट लाईट के प्रकाश से जनपदवासियों में काफी खुशी दिखी शहर को सौन्दरीकरण व स्वच्छ बनाना सभी की नैतिक जिम्मेदारी हैं। डीएम चांदनी सिंह ने कहा कि उरई विकास प्राधिकरण द्वारा इकलासपुरा चौराहे से जालौन चौराहे तक एसएच-21 डिबाईडर पर 4.1 किमी में लागत 1 करोड़ 5 लाख की लागत से 163 स्ट्रीट लाईट लगायी गयी। उन्होंने कहा कि जनपद का सौंदरीकरण कर एक अलग पहचान बनायी जायेगी, स्ट्रीट लाईट लगने से यात्रियों को आवागमन में किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होगी इससे दुर्घटनाओं में कमी भी आयेगी और शहर प्रकाश से जगमग होगा। उन्होने कहा कि शहर को और अधिक सुन्दर बनाने के लिये लगातार प्रयास किये जा रहे है जिसमें रेलवे स्टेशन के पास पार्क को विकसित करना, चौराहों का सौन्दरीकरण, सड़क चौड़ीकरण कर शहर को उत्तम शहर स्थापित होगा।

## धर्मांतरण व दुष्कर्म के आरोपी व्यापारी से दूकान खाली कराने की मांग

**मौदहा, हमीरपुर।** कुछ दिन पूर्व नगर के एक व्यापारी के द्वारा ग्रामीण क्षेत्र की एक महिला के साथ दुष्कर्म व धर्मान्तरण जैसे अपराध में जेल भेजे जाने के बाद वक्फ बोर्ड की जमीन पर किराए की दुकान को खाली कराने के लिए संस्था के सचिव ने एस डीएम को लिखित में तहरीर देकर दुकान खाली कराने के लिए मांग की है। वक्फ बोर्ड 81 मुहल्ला उपरौस इमाम चौक के सचिव अजहरुद्दीन ने उप जिलाधिकारी राजेश कुमार मिश्रा को तहरीर सौप कर बताया कि हमारी संस्थान की दुकान नम्बर 40 व 41में इरफान सौदागर पुत्र हारून अवैध रूप से कब्जा किये है।

## बीपी अग्रवाल शिक्षा निकेतन में स्काउट गाइड प्रवेश प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**फर्रुखाबाद।** आज डॉ. बी पी अग्रवाल शिक्षा निकेतन फतेहगढ़ रोड याकूत गंज में कक्षा 6 7 और 8 के विद्यार्थियों के लिए प्रवेश का शिक्षण शिविर का शुभारंभ कराया गया । प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ ध्वज शिष्टाचार के साथ कराया गया जिसमें विद्यालय के चेयरमैन डॉक्टर बी पी अग्रवाल और डायरेक्टर विशाल अग्रवाल के द्वारा कराया गया। तत्पश्चात प्रशिक्षण से पूर्व मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पालथा एवं लार्ड बेडेन पावेल और लेडी बेडेन पावेल के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ विद्यालय के चेयरमैन एवं डायरेक्टर द्वारा संपन्न कराया गया। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। आज के इस प्रशिक्षण अवसर पर श्रीमती सीमा शुक्ला लीडर ,ट्रेनर, सुधीर, कुमार कुशवाहा ,सहायक लीडर ट्रेनर, श्री पुष्कर मिश्रा जिला प्रशिक्षण कमिश्नर, सर्वेश कुमार श्रीवास्तव जिला संगठन कमिश्नर, एवं विद्यालय स्टाफ से अर्चिशा श्रीवास्तव, महेंद्र सिंह, नेम सिंह, एवम जितेंद्र सिंह उपस्थित रहे।

# पेज एक का शेष

## सबसे कम...

दुखी थे। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) द्वारा भारत को वैश्विक अर्थव्यवस्था का चमकता सितारा बताए जाने का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि विश्व बैंक के अनुसार अगर कोई देश वैश्विक चुनौतियों का सामना कर रहा है तो वह भारत है। उन्होंने कहा, भारत ने सबसे चुनौतीपूर्ण समय में भी रिकॉर्ड निर्यात किया है। उन्होंने कहा कि भारत के पास क्षमता की कोई कमी नहीं है और संसाधनों की भी कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा, आज, जिस देश में दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे कम उम्र की प्रतिभा का कारखाना है... वह भारत है। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर ऑस्ट्रेलिया के शहर ब्रिस्बेन में भारतीय वाणिज्य दूतावास खोले जाने और आने वाले दिनों में दोनों देशों के प्रमुख शहरों के बीच विमानों की संख्या बढ़ाए जाने की भी घोषणा की। मोदी ने कहा, सामुदायिक कार्यक्रम में भारतीय प्रवासियों के साथ जुड़ना बेहद खुशी की बात है। उन्होंने कहा, आज मैं आपके पास आया हूं, तो एक घोषणा भी करने जा रहा हूं। ब्रिस्बेन में भारतीय समुदाय की बहुत समय से जो मांग थी, उसे पूरा किया जाएगा। जल्द ही ब्रिस्बेन में भारत का एक वाणिज्य दूतावास खोला जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया की गहरी होती साझेदारी प्रत्येक भारतीय को सशक्त करेगी, क्योंकि उनके पास प्रतिभा और कौशल की ताकत है और साथ ही अपने सांस्कृतिक मूल्य भी हैं। उन्होंने कहा, यह मूल्य आपको ऑस्ट्रेलिया के लोगों के साथ घुल मिलकर रहने में बड़ी भूमिका निभाते हैं। मोदी ने सिडनी के उपनगर लिटिल इंडिया की आधारशिला रखने में उनका समर्थन करने के लिए अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष अल्बनीज को धन्यवाद दिया। हैरिस पार्क को लिटिल इंडिया घोषित करने की घोषणा ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री अल्बनीज ने सामुदायिक कार्यक्रम में मोदी का स्वागत करते हुए की। हैरिस पार्क पश्चिमी सिडनी में एक केंद्र है, जहां भारतीय समुदाय दिवाली और ऑस्ट्रेलिया दिवस जैसे त्योहार और कार्यक्रम मनाता है। मोदी ने सामुदायिक कार्यक्रम के दौरान कहा, धन्यवाद मेरे दोस्त एंथनी। उन्होंने कहा, मैं न्यू साउथ वेल्स के प्रीमियर, पेरामेटा शहर के मेयर और उप मेयर और पार्षदों को इस विशेष सम्मान के लिए धन्यवाद देता हूं। प्रधानमंत्री मोदी ने ऑस्ट्रेलिया में रह रहे प्रवासी भारतीयों को भारत का सांस्कृतिक दूत और भारत का ब्रांड एंबेसडर करार दिया और उनसे आग्रह किया कि वह जब भी अपने वतन आएं किसी न किसी अपने ऑस्ट्रेलियाई मित्र को साथ जरूर लेकर आएं। उन्होंने कहा, इससे उन्हें भारत को समझने और जानने का और ज्यादा बेहतर मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि एक-दूसरे की डिग्री को मान्यता देने की दिशा में दोनों देश आगे बढ़े हैं और दोनों जगहों के छात्रों को बहुत लाभ होगा। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच माइग्रेशन और मोबिलिटी पार्टनरशिप एग्रीमेंट पर भी सहमति बनी है और इससे भारतीयों के लिए ऑस्ट्रेलिया आना और यहां काम करना आसान होगा।

## बॉस हैं...

मोदी का हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी बॉस हैं। स्प्रिंगस्टीन (73) को उनके प्रशंसक बॉस कहते हैं। बुधवार को मोदी के साथ अपनी द्विपक्षीय बैठक से पहले अल्बनीज ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया और भारत पहले से कहीं ज्यादा करीबी दोस्त और साझेदार हैं। अल्बनीज ने ट्वीट किया, प्रधानमंत्री मोदी का ऑस्ट्रेलिया में स्वागत है। अल्बनीज ने अपने प्रिय मित्र मोदी को ऑस्ट्रेलिया में दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की भावना लाने के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्होंने हमारे लोकतंत्र को मजबूत और अधिक समावेशी बनाने में मदद की। अल्बनीज ने उत्साही दर्शकों का वर्णन दोस्तों के रूप में किया और कहा कि उन्हें इस बात का गर्व है कि उन्होंने ऑस्ट्रेलिया को अपना घर बनाया। अल्बनीज ने कहा, आप हमारे देश और हमारे साझा समुदायों को बेहतर बनाते हैं। आप ऑस्ट्रेलिया को मजबूत बनाते हैं। भारत और ऑस्ट्रेलिया के संबंधों पर अल्बनीज ने कहा कि वह व्यापार और शिक्षा सहित दोनों देशों के बीच विभिन्न क्षेत्रों में संबंधों को और आगे बढ़ते देखना चाहते हैं। उन्होंने कहा, हम और जुड़ाव देखना चाहते हैं। बड़ी संख्या में ऑस्ट्रेलियाई और भारतीय छात्र एक-दूसरे के देशों में रह रहे हैं और पढ़ रहे हैं और उन अनुभवों को अपने अपने देशों में ले जा रहे हैं। उन्होंने कहा, बड़ी संख्या में कारोबारी नेता और कलाकार और परिवार आपके अनुभव और आपके ज्ञान और आपके विचारों को साझा कर रहे हैं। अल्बनीज ने कहा कि उन्होंने जब इस साल की शुरुआत में प्रधानमंत्री के रूप में भारत का दौरा किया तो उन्हें 28 साल की उम्र में की गई भारत की अपनी पिछली यात्राओं की याद आ गई। उन्होंने कहा, यह अविस्मरणीय पलों से भरी एक यात्रा थी...गुजरात में होली मनाना, नई दिल्ली में महात्मा गांधी की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित करना और चौथे टेस्ट के पहले दिन अहमदाबाद में अविश्वसनीय रूप से विशाल स्टेडियम का चक्कर लगाना। अल्बनीज ने कहा, मैं जहां भी गया, मुझे ऑस्ट्रेलिया के लोगों और भारत के लोगों के बीच जुड़ाव की गहरी भावना महसूस हुई। 1991 में जब मैंने पांच सप्ताह के लिए भारत का भ्रमण किया था, तो वह गर्मजोशी महसूस की थी- यदि आप भारत को समझना चाहते हैं, तो ट्रेन और वीडियो कोच बस से यात्रा करें।

## अध्यादेश पर...

की उम्मीद है। अध्यादेश को छह महीने के भीतर संसद द्वारा अनुमोदित किया जाना है। इसके लिए केंद्र को संसद के दोनों सदनों में विधेयक को पारित कराना होगा। बैठक के बाद केजरीवाल ने संवाददाताओं से कहा कि दिल्ली में सेवाओं के नियंत्रण पर केंद्र के अध्यादेश को कानून में बदलने के लिए राज्यसभा में आगामी मतदान 2024 के चुनावों से पहले सेमीफाइनल होगा। केजरीवाल और मान ने बनर्जी से मुलाकात के बाद संवाददाता सम्मेलन में भाजपा और केंद्र सरकार पर हमले किए। इस बीच, ममता बनर्जी ने पत्रकारों से कहा कि हम केंद्र के अध्यादेश के खिलाफ लड़ाई में आम आदमी पार्टी का समर्थन करते हैं। वह सभी पार्टियों से अनुरोध करती हैं कि दिल्ली में अफसरों की तैनाती और तबादले से संबंधित भाजपा के कानून के लिए वोट न करें। इससे पहले, अध्यादेश के मुद्दे पर केजरीवाल की बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से भी मुलाकात हो चुकी है। इसी कड़ी में आप प्रमुख के बुधवार को मुंबई में शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) नेता उद्धव ठाकरे और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता शरद पवार से भी मुलाकात करने की संभावना है। इस मुलाकात पर भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिलीप घोष और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले विपक्षी खेमे के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवारों का राजनीतिक पर्यटन शुरू हो गया है, लेकिन जनता के पैसे की कीमत पर किए जा रहे इस राजनीतिक पर्यटन का कोई नतीजा नहीं निकलेगा। केजरीवाल-ममता की बैठक पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि आप और टीएमसी कांग्रेस को कमजोर करने और अपनी ताकत बढ़ाने की कोशिश में एक ही नीति का पालन करती हैं।

## कर्नाटक में...

के बाद मुख्यमंत्री को बदल दिया जाएगा और शिवकुमार मुख्यमंत्री बनेंगे तो पाटिल ने कहा, अगर ऐसी बातें होतीं तो हमारे एआईसीसी महासचिव प्रेस वार्ता करते समय आपको बता देते। उन्होंने कहा कि ऐसी कोई बात नहीं है। पाटिल ने आज अपने बयान पर सफाई देते हुए कहा कि उन्होंने सोमवार को पत्रकारों के सामने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) महासचिव के सी वेणुगोपाल का ही बयान दोहराया था जो उन्होंने (वेणुगोपाल ने) 18 मई को सिद्धारमैया का नाम मुख्यमंत्री और शिवकुमार का नाम उपमुख्यमंत्री पद के लिए घोषित करने के बाद प्रेस को दिया था। पाटिल ने यहां कहा, सत्ता साझेदारी के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने (वेणुगोपाल ने) कहा था कि सत्ता साझेदारी नहीं है। सत्ता की साझेदारी जनता के साथ है... मैंने वही कहा है जो वेणुगोपाल ने कहा था। वहीं शिवकुमार पाटिल के बयान पर प्रतिक्रिया नहीं देना चाहते थे। उन्होंने कहा, कोई व्यक्ति जो कुछ भी कहना चाहता है उसे कहने दो। एआईसीसी महासचिव हैं, मुख्यमंत्री हैं और एआईसीसी अध्यक्ष (मल्लिकार्जुन खरगे) भी हैं...' लेकिन शिवकुमार के भाई सुरेश ने पाटिल के बयान पर नाराज़गी जताते हुए कहा, सिद्धारमैया मुख्यमंत्री हैं। अगर आप अधिक जानकारी चाहते हैं और एमबी पाटिल के बयान का जवाब चाहते हैं, तो आप हमारे एआईसीसी महासचिव (रणदीप सिंह) सुरजेवाला से मिल सकते हैं और जानकारी एकत्र कर सकते हैं। मैं भी तीखी बातें कह सकता हूं, लेकिन मुझे ऐसा नहीं करना चाहिए। मैं एम बी पाटिल के बयान का जवाब दे सकता हूं।

## ज्ञानवापी से...

की गई थी। इसपर सुनवाई करते हुए जिला न्यायाधीश ने सातों मुकदमों को एक ही प्रकृति का बताते हुए एक साथ सुनवाई किए जाने का आदेश दिया है। विदित हो कि अप्रैल 2022 में दीवानी न्यायाधीश (सीनियर डिवीजन) की अदालत ने ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के सर्वेक्षण का आदेश दिया था। मुस्लिम पक्ष के विरोध के बीच सर्वेक्षण अंतत: मई 2022 में पूरा हुआ था। इसी दौरान हिंदू पक्ष ने मस्जिद परिसर के अंदर वजू के लिए बने तालाब में शिवलिंग मिलने का दावा किया था, वहीं मुस्लिम पक्ष ने इसे फव्वारा बताया था। बाद में इसमें कई मामले अदालत में दाखिल किए गए।

## शीर्ष पर...

हैदराबाद से सिविल इंजीनियरिंग में बी.टेक करने वालीं हरति एन. तीसरे स्थान पर रहीं जिन्होंने वैकल्पिक विषय के रूप में एंथ्रोपोलॉजी रखा था। डीयू के मिरांडा हाउस कॉलेज से स्नातक (बी.एससी.) मिश्रा चौथे स्थान पर रहीं जिनका वैकल्पिक विषय प्राणी विज्ञान था। यूपीएससी ने कहा कि शीर्ष 25 सफल उम्मीदवारों की शैक्षणिक योग्यता इंजीनियरिंग में स्नातक से लेकर, मानविकी, विज्ञान, वाणिज्य और चिकित्सा विज्ञान तक की है। ये उम्मीदवार आईआईटी, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी), डीयू, गुजरात राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, यादवपुर विश्वविद्यालय और जीवाजी विश्वविद्यालय जैसे देश के प्रमुख संस्थानों से हैं। यूपीएससी ने कहा कि शीर्ष 25 सफल उम्मीदवारों ने एंथ्रोपोलॉजी, वाणिज्य और लेखा, अर्थशास्त्र, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, कानून, इतिहास, गणित, राजनीति विज्ञान और अंतरराष्ट्रीय संबंध, दर्शनशास्त्र, समाजशास्त्र और प्राणी विज्ञान जैसे विषयों को लिखित (मुख्य) परीक्षा में अपनी वैकल्पिक पसंद के रूप में चुना है। अनुशंसित उम्मीदवारों में बेंचमार्क विकलांगता वाले 41 उम्मीदवार (14 अस्थि विकलांग, सात दृष्टिबाधित, 12 श्रवण बाधित और 8 बहु विकलांगता) शामिल हैं। इस बार कुल योग्य उम्मीदवारों में से 345 सामान्य वर्ग से, 99 आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस), 263 अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), 154 अनुसूचित जाति (एससी) और 72 अनुसूचित जनजाति (एसटी) से हैं। कुल 178 उम्मीदवारों को आरक्षित सूची में रखा गया है। केंद्र द्वारा सिविल सेवा परीक्षा के माध्यम से भरी जाने वाली I,022 रिक्तियों की सूचना दी गई थी। यूपीएससी ने कहा कि इसमें 180 आईएएस अधिकारी, 38 आईएफएस, 200 आईपीएस, 473 ग्रुप ए केंद्रीय सेवाओं में और 131 ग्रुप बी सेवाओं में शामिल हैं। यूपीएससी ने कहा है कि उसके परिसर में परीक्षा भवन के नजदीक एक सुविधा काउंटर स्थित है। उम्मीदवार यहां से अपनी परीक्षाभर्ती से सम्बंधित किसी भी प्रकार की जानकारी/स्पष्टीकरण प्राप्त कर सकते हैं। नतीजे यूपीएससी की वेबसाइट पर भी उपलब्ध हैं। यूपीएससी ने कहा, परिणाम घोषित होने की तारीख से 15 दिनों के भीतर अंक वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे। सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2022 का आयोजन पिछले साल पांच जून को किया गया था। इस परीक्षा के लिए कुल 11,35,697 उम्मीदवारों ने आवेदन किया था, जिनमें से 5,73,735 उम्मीदवार इसमें शामिल हुए थे। सितंबर, 2022 में आयोजित लिखित (मुख्य) परीक्षा में कुल 13,090 उम्मीदवार उपस्थित हुए थे। प्रतिष्ठित परीक्षा के व्यक्तित्व परीक्षण के लिए कुल 2,529 उम्मीदवारों ने अर्हता प्राप्त की।

# यूक्रेन की घुसपैठ को नाकाम किया, 70 हमलावर किए ढेर : रूस

भाषा। कीव

**रूस ने मंगलवार** को दावा किया कि उसके सैनिकों ने सीमा पार से किए गए यूक्रेन के हमले को नाकाम कर दिया जिसमें 24 घंटे तक चली लड़ाई में 70 से अधिक हमलावर मारे गए। रूसी क्षेत्र में सीमा पार से सोमवार को शुरू हुए हमले की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं की जा सकी, और न ही यह कहा जा सकता कि हमले के पीछे कौन था या इसका क्या उद्देश्य था। पंद्रह महीने से जारी रूस-यूक्रेन युद्ध में गलत सूचनाओं का प्रसार भी एक हथियार रहा है। मॉस्को ने आरोप लगाया कि इस हमले को यूक्रेन की सेना के विध्वंसकारी तत्वों ने अंजाम दिया। वहीं, यूक्रेन ने कहा कि इस घटना को क्रेमलिन से असंतुष्ट रूसी लोगों ने अंजाम दिया। यह लड़ाई पूर्वी यूक्रेन के खार्कीव शहर से लगभग 80 किलोमीटर उत्तर में बेलगोरोद क्षेत्र में हुई। रूसी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता



इगोर कोनाशेंकोव ने दावा किया कि सशस्त्र हमलावरों को रूसी सेना की स्थानीय इकाइयों, हवाई हमलों और तोपखाने की मदद से खदेड़ दिया गया। उन्होंने कहा कि हमलावरों के खिलाफ तब तक कार्वाई की गई जब तक कि वे पूरी तरह खत्म नहीं हो गए। इस बीच, यूक्रेनी सेना के अधिकारियों ने कहा कि बखमूत में लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है। रूस ने दावा किया था कि बखमूत पर उसने कब्जा कर लिया है।

## रूस ने अमेरिकी पत्रकार इवान गेर्शकोविच की हिरासत तीन महीने बढ़ाई

**मॉस्को।** रूसी समाचार एजेंसियों ने मंगलवार को बताया कि एक रूसी अदालत ने वॉल स्ट्रीट जर्नल के संवाददाता इवान गेर्शकोविच की हिरासत को तीन महीने के लिए बढ़ा दिया है। अमेरिकी नागरिक गेर्शकोविच को 30 अगस्त तक कैद में रखने का आदेश दिया गया। उन्हे मार्च मे रूस मे एक रिपोर्टिंग यात्रा के दौरान जासूसी के आरोप मे गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने, उनके नियोक्ता और अमेरिकी सरकार ने आरोपो से इनकार किया है। गेर्शकोविच शीत युद्ध के बाद जासूसी के आरोप मे रूस मे हिरासत मे लिए जाने वाले पहले अमेरिकी संवाददाता है, और उनकी गिरफ्तारी पर पश्चिमी देशो मे आक्रोश देखा गया। अमेरिका सरकार ने गेर्शकोविच की हिरासत को गलत बताते हुए उनकी तत्काल रिहाई की मांग की है। उन्हे मॉस्को की लेफोर्तोवो जेल मे रखा गया है।

## जेलेंस्की की यात्रा के बाद रूस के गृह मंत्री सऊदी अरब पहुंचे

**दुबई।** यूक्रेन पर रूस के आक्रमण को लेकर पश्चिमी देशो के प्रतिबंधो का सामना कर रहे रूस के **गृह** मंत्री व्लादिमीर कोलोकोल्त्सेव ने मंगलवार तड़के सऊदी अरब का दौरा किया और वहां के अपने समकक्ष के साथ बातचीत की। सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के पिछले शुक्रवार को सऊदी अरब के बंदरगाह शहर जेद्दा मे आयोजित एक अरब लीग शिखर सम्मेलन को संबोधित करने के कुछ ही दिन बाद रूस के गृह मंत्री व्लादिमीर कोलोकोल्त्सेव रियाद पहुंचे है। ए यात्राएं इस बात को रेखांकित करती है कि कैसे सऊदी अरब और अन्य खाड़ी देशो ने यूक्रेन युद्ध के दौरान रूस के साथ अपने संबंध बनाए रखे है। सरकारी सऊदी प्रेस एजेंसी के अनुसार, कोलोकोल्त्सेव ने सऊदी अरब के गृह मंत्री प्रिंस अब्दुल्लाजीज से मुलाकात की। एजेंसी के मुताबिक, इस दौरान दोनो नेताओ ने साझा हित के कई मुद्दो पर चर्चा करने के अलावा रूस और सऊदी अरब के गृह मंत्रालयो के बीच सुरक्षा सहयोग बढ़ाने के तरीको पर चर्चा की। रूस की मीडिया की ओर से कोलोकोल्त्सेव की सऊदी यात्रा को लेकर तत्काल कोई जानकारी नही दी गई है। सीरिया और यूक्रेन मे रूस की गतिविधियो को लेकर उस पर लगाई गई पाबंदियो के एक हिस्से के रूप मे अमेरिका ने 2018 से कोलोकोल्त्सेव (68) पर भी प्रतिबंध लगा रखा है। अमेरिका के वित्त मंत्रालय के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, यूरोपीय संघ (ईयू), जापान, न्यूजीलैंड और ब्रिटेन सभी ने कोलोकोल्त्सेव पर अलग-अलग प्रतिबंध लगाए है। वही, यूक्रेन मे युद्ध शुरू होने के बाद से सऊदी अरब रूस पर पश्चिमी प्रतिबंधो के बावजूद उससे भारी छूट पर डीजल खरीद रहा है। रूसी डीजल उसे सस्ता पड़ता है, जबकि वह अपने यहां उत्पादित कच्चे तेल को वैश्विक बाजार मे मुनाफा कमाने के लिए विदेश मे निर्यात कर रहा है।

## क्विक न्यूज

### पाकिस्तान के गैस संयंत्र पर आतंकी हमला, सुरक्षा बलों के चार जवान सहित छह की मौत

**पेशावर।** पश्चिमोत्तर पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा के हंगू जिले में स्थित एक निजी कंपनी के गैस संयंत्र पर आतंकवादियों ने हमला किया, जिसमें गोलीबारी के दौरान सुरक्षा बलों के चार जवान सहित कम से कम छह लोगों की मौत हो गई। पुलिस द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक, "आतंकवादियों द्वारा एक निजी गैस संयंत्र पर हमले के दौरान सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच हुई गोलीबारी में छह लोग मारे गए। इसमें कहा गया है कि हमले में मारे गए लोगों में सुरक्षा बल के चार जवान और गैस संयंत्र के दो कर्मचारी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि हमले के बाद सुरक्षा बल मौके पर पहुंचे और पूरे इलाके को सील कर दिया।

### हॉर्न ऑफ अफ्रीका संकट के लिए संरा की 7 अरब डॉलर की अपील का समर्थन किया

**नैरोबी।** मानवीय सहायता के काम में जुटी एजेंसियां बढ़ते संकट और तत्काल हस्तक्षेप की आवश्यकता का हवाला देते हुए इस सप्ताह आयोजित होने वाले एक सम्मेलन के दौरान हॉर्न ऑफ अफ्रीका के लिए संयुक्त राष्ट्र की सात अरब अमेरिकी डॉलर की अपील के लिए पूर्ण वित्त पोषण की मांग कर रही हैं। संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि क्षेत्र 40 वर्षों में सबसे खराब सूखे का सामना कर रहा है, सोमालिया, इथियोपिया और केन्या में 4.33 करोड़ से अधिक लोगों को सहायता की आवश्यकता है और इनमें से आधे से अधिक लोगों को पर्याप्त भोजन भी नहीं मिलता। इंटरनेशनल रेस्क्यू कमेटी (आईआरसी) ने कहा कि अपीलकर्ताओं को अब तक उनके लिए आवश्यक दान के एक चौथाई से भी कम प्राप्त हुआ है। आईआरसी के मुख्य कार्यकारी डेविड मिलिबैंड ने कहा, खाद्य असुरक्षा से निपटने के प्रयासों को तत्काल बढ़ाने की आवश्यकता है। संयुक्त राष्ट्र न्यूयॉर्क स्थित अपने मुख्यालय में बुधवार को संकल्प सम्मेलन का आयोजन करने वाला है, जिसमें सदस्य देशों और भागीदारों को हॉर्न ऑफ अफ्रीका संकट से निपटने के लिए वित्तीय सहायता देने के वास्ते प्रोत्साहित किया जाएगा।

### यौन शोषण के आरोपों के बीच पोप ने वेटिकन के अधिकारी को भेजा बोलीविया

**ला पाज (बोलीविया)।** पोप फ्रांसिस ने अपने शीर्ष यौन अपराध जांचकर्ताओं में से एक को ऐसे समय में बोलीविया भेजा है, जब यहां पादरियों से जुड़े बाल यौन शोषण कांड को लेकर कोहराम मचा है। गिराजाघर के डिकेस्ट्री फॉर द डॉक्टरेन ऑफ द फेथ के प्रमुख सदस्यों में से एक मोनसिग्नोर जोर्डी बर्टोमु बोलीविया पहुंचे हैं। बोलीवियन एपिस्कोपल कॉन्फ्रेंस के अनुसार, बर्टोमू की यात्रा सीधे तौर पर हाल के यौन शोषण के आरोपों से संबंधित नहीं है, बल्कि वेटिकन की रोकथाम की रणनीति के क्षेत्र में हुई प्रगति का पता लगाने के लिए यह पहले से ही निर्धारित थी। बर्टोमू पैराग्वे से बोलीविया पहुंचे, जहां वे गिरजाघर के अधिकारियों के खिलाफ इसी तरह के आरोपों की जांच कर रहे थे। 2018 में उन्होंने चिली में नाबालिगों के खिलाफ पादरियों द्वारा किए गए दुर्व्यवहार की जांच का भी नेतृत्व किया था। स्पेन के जेसुइट अल्फोंसो पेडराजस पर दुर्व्यवहार के आरोप लगने के तत्काल बाद बर्टोमू बेलीविया पहुंचे हैं।

### अमेरिका, भारत ने शिक्षा और कौशल विकास पर कार्यकारी समूह की शुरुआत की

**वाशिंगटन।** भारत और अमेरिका ने शिक्षा तथा कौशल विकास पर एक कार्यकारी समूह की शुरुआत की है और इसके जरिए लोगों के बीच परस्पर संबंधों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। विदेश विभाग के ब्यूरो ऑफ साउथ एंड सेंट्रल एशिया के सहायक मंत्री डोनाल्ड लू ने नई दिल्ली में शिक्षा मंत्रालय की अंतरराष्ट्रीय सहयोग की संयुक्त सचिव नीता प्रसाद के साथ यहां अमेरिका-भारत शिक्षा और कौशल विकास कार्यकारी समूह की पहली बैठक की मेजबानी की। कार्यकारी समूह ने कौशल विकास तथा व्यावसायिक शिक्षा, प्रमाणन और सत्यापन, अमेरिका तथा भारत के उच्च शिक्षण संस्थानों के बीच साझेदारी और निजी क्षेत्र के साथ भागीदारी पर विचार साझा किए। अमेरिका की एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, बैठक में भाग लेने वाले लोगों ने शैक्षणिक संबंध बढ़ाने तथा कार्यबल विकास को बढ़ावा देने पर सहयोग करने के तरीकों भी चर्चा की। बैठक के दौरान लू ने कहा कि अमेरिका तथा भारत के लोगों के बीच परस्पर संबंध मजबूत है। अमेरिका में कई भारतीय छात्र हैं तथा फैकल्टी सदस्य हैं।

## गुजरात में पैदा हुए याकूब पटेल उत्तरी इंग्लैंड में प्रेस्टन के नए मेयर बने

**लंदन।** गुजरात मे पैदा हुए याकूब पटेल उत्तरी इंग्लैंड मे लंकाशायर काउंटी के प्रेस्टन शहर के नए मेयर बन गए है। इस शहर मे 14वी शताब्दी से मेयर चुनने की परंपरा है। याकूब पटेल का जन्म गुजरात के भरूच जिले मे हुआ था। बड़ौदा विश्वविद्यालय से वर्ष 1976 मे स्नातक करने के बाद याकूब ब्रिटेन चले गए थे। वह पहली बार 1995 मे शहर के एवेनहम वार्ड के लिए लेबर पार्टी के काउंसलर के रूप मे चुने गए थे। याकूब प्रेस्टन सिटी काउंसिल के इतिहास मे पहले मुस्लिम काउंसलर थे। प्रेस्टन सिटी काउंसिल ने कहा, याकूब हमेशा स्थानीय स्वयंसेवी और सामुदायिक संगठनो से जुड़े रहे है।

## ऑस्ट्रेलियाः भारतीय श्रमिक का शोषण करने पर बेकरी संचालक पर जुर्माना

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया की एक अदालत ने एक भारतीय श्रमिक समेत दो कर्मियो का बकाया वेतन न देने और उनकी संवेदनशील स्थिति का फायदा उठाने के चलते एक बेकरी के निदेशक पर 40 हजार डॉलर का जुर्माना लगाया है। सरकार की स्वतंत्र वैधानिक एजेंसी द फेयर वर्क ओम्बड्समैन (एफडब्ल्यूओ) ने पिछले सप्ताह कहा था कि दोनो कर्मचारी 2016 और 2018 के बीच गोथिक डाउन्स पीटीवाई लिमिटेड द्वारा संचालित बेकरी मे कार्यरत थे जिनमे से एक भारतीय वीजाधारक था। फेडरल सर्किट एंड फैमिली कोर्ट ने फर्म के खिलाफ 33,349 डॉलर और कंपनी के एकमात्र निदेशक ग्यूसेप कॉन्फोर्टी के खिलाफ 6,669 डॉलर के जुर्माने का आदेश दिया।

## शेरपा कामिरिता ने 28वीं बार माउंट एवरेस्ट फतह कर नया विश्व रिकॉर्ड बनाया

**काठमांडू।** नेपाली पर्वतारोही कामिरिता शेरपा ने मंगलवार को रिकॉर्ड 28वी बार माउंट एवरेस्ट फतह कर विश्व की सर्वाधिक ऊंची चोटी पर सबसे अधिक बार चढ़ाई करने के अपने ही रिकार्ड को तोड़ दिया। कामिरिता शेरपा ने करीब एक सप्ताह पहल ही यह रिकार्ड बनाया था। माउंटेन गाइड कामिरिता शेरपा (53) मंगलवार सुबह करीब 9:20 बजे 8848.86 मीटर ऊंची चोटी पर पहुंचे। इस पर्वतारोहण अभियान का आयोजन करने वाले सेवन समिट ट्रेक के प्रबंधक छांग दावा शेरपा ने यह जानकारी दी। कामिरिता ने इस मौसम मे दूसरी बार माउंट एवरेस्ट की चढ़ाई की।

## यूएई ने सीओपी-28 में इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू को आमंत्रित किया

**यरुशलम।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के नेताओं ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को नवंबर मे होने वाले संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन- सीओपी-28 मे शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान और प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मक्तूम ने दुबई मे होने वाले सीओपी-28 मे इज़राइल के राष्ट्रपति इसाक हर्ज़ोग और सीरिया के राष्ट्रपति बशर असद सहित दर्जनो अन्य नेताओं को भी आमंत्रित किया।

## तीन भारतीय शांति रक्षकों को मरणोपरांत संयुक्त राष्ट्र सम्मानित करेगा

**संयुक्त राष्ट्र।** पिछले साल संयुक्त राष्ट्र के लिए सेवाएं देते हुए अपनी जान गंवाने वाले तीन भारतीय शांति सैनिक उन 103 सैन्य, पुलिस और नागरिक शांति सैनिकों में शामिल हैं, जिन्हें उनकी सेवा और कर्तव्य के दौरान सर्वोच्च बलिदान के लिए मरणोपरांत प्रतिष्ठित पदक से सम्मानित किया जाएगा। तीन भारतीयों में सीमा सुरक्षा बल के हेड कांस्टेबल शिशुपाल सिंह और सांवला राम विश्नोई शामिल हैं, जिन्होंने कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में संगठन स्थिरीकरण मिशन के साथ काम किया, वहीं शाबिर ताहिर अली इराक के लिए संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन के साथ बतौर नागरिक कार्यरत थे। इन्हें 25 मई को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में आयोजित समारोह में मरणोपरांत सम्मानित किया जाएगा। वर्तमान में संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षण में वर्दीधारी कर्मियों के रूप में तीसरा सबसे बड़ा योगदान भारत का है। जिनमें 6,000 से अधिक सैन्य और पुलिसकर्मियों को अबेई, मध्य अफ्रीकी गणराज्य, साइप्रस, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य, लेबनान, मध्य पूर्व और पश्चिमी सहारा में तैनात किया गया है।

## न्यायिक परिसर में हिंसा से जुड़े मामलों में इमरान को जमानत

● पाकिस्तानी अदालत का फैसला

भाषा। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान में** पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को मंगलवार को बड़ी राहत देते हुए आतंकवाद रोधी अदालत ने मार्च में यहां न्यायिक परिसर में हुई हिंसा से जुड़े आठ मामलों में उन्हें आठ जून तक जमानत दे दी है। खान (70) के खिलाफ ए मामले इस्लामाबाद के विभिन्न पुलिस थानों में तब दर्ज किए गए थे जब पुलिस और उनके समर्थकों के बीच झड़प हो गई थी। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) प्रमुख के 18 मार्च को न्यायिक परिसर में एक अदालत के समक्ष पेश होने के दौरान ए झड़पें हुई थी। ए झड़पें तब हुई थीं जब खान तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में सुनवाई में शामिल होने आए थे। खान मंगलवार को न्यायिक परिसर में आतंकवाद रोधी अदालत के समक्ष पेश होने के लिए लाहौर से राजधानी इस्लामाबाद आए। खान की पार्टी ने एक संदेश में बताया कि वकीलों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने उन्हें आठ मामलों में आठ जून तक जमानत



दे दी है। वर्ष 1974 में स्थापित तोशाखाना, कैबिनेट डिवीजन के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत एक विभाग है। तोशाखाना में पाकिस्तानी शासकों, सांसदों, नौकरशाहों और अधिकारियों को अन्य देशों की सरकारों, राज्यों के प्रमुखों और विदेशी गणमान्य व्यक्तियों से मिले कीमती उपहारों को संग्रहित किया जाता है। पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने विदेशी गणमान्य लोगों से मिले तोहफों की बिक्री का विवरण साझा नहीं करने के कारण पिछले साल अक्टूबर में खान के खिलाफ तोशाखाना मामला दायर किया था।

इस बीच, इस्लामाबाद में एक जवाबदेही अदालत ने राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) को अल-कादिर ट्रस्ट मामले में पीटीआई प्रमुख की पत्नी बुशरा बीबी को गिरफ्तार करने से रोक दिया है तथा उन्हें अंतरिम जमानत दी है। अल-कादिर ट्रस्ट मामले में ही इमरान खान को नौ मई को गिरफ्तार किया गया था। मंगलवार को एनएबी के समक्ष पेश होने के अपने फैसले की घोषणा से कुछ घंटे पहले खान ने कहा कि उन्हें फिर से गिरफ्तार किया जा सकता है तथा उन्होंने अपने समर्थकों से शांत रहने की अपील की।

### इमरान की करीबी सहयोगी शिरीन ने पार्टी, सक्रिय राजनीति छोड़ी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की पूर्व मानवाधिकार मंत्री और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की करीबी रही शिरीन मजारी ने हालिया हिंसा को लेकर उनकी गिरफ्तारी के बाद मंगलवार को पार्टी छोड़ने और सक्रिय राजनीति से संन्यास लेने की घोषणा की। मजारी (72) को 12 मई के बाद से चार बार गिरफ्तार किया जा चुका है और रिहा होने के बाद उन्होंने यह घोषणा की। पुलिस ने 12 मई को उन्हें उनके आवास से पकड़कर जेल भेजा था। खान के शासन मे वह 2018 से 2022 तक मानवाधिकार मंत्री रही थी। यहां संवाददाता सम्मेलन मे उन्होंने नौ मई को खान की गिरफ्तारी के बाद हुई हिंसा की निंदा की और कहा कि उन्होंने इस्लामाबाद उच्च न्यायालय मे ऐसा ही हलफनामा दिया है। उन्होंने कहा, न सिर्फ नौ और 10 मई की हिंसा बल्कि मैंने हमेशा हर तरह की हिंसा खासकर सरकारी प्रतिष्ठानो और जनरल मुख्यालय, उच्चतम न्यायालय एवं संसद जैसे प्रतीको के खिलाफ हिंसा की निंदा की है। उन्होंने इसके बाद खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी को छोड़ने के साथ सक्रिय राजनीति से संन्यास लेने की घोषणा की और कहा कि गिरफ्तारी का उनके स्वास्थ्य और परिवार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।

## शानदार जीत के बावजूद न्यू डेमोक्रेसी पार्टी को बहुमत नहीं, नए चुनाव की ओर बढ़ा यूनान



भाषा। एथेंस

**यूनान में** प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोताकिस की न्यू डेमोक्रेसी पार्टी ने राष्ट्रीय चुनाव में शानदार जीत हासिल की, लेकिन फिर भी संसद में बहुमत हासिल करने में विफल रही। इस तरह, मतगणना के दो दिन बाद देश नए आम चुनाव की ओर बढ़ रहा है। मित्सोताकिस ने सरकार गठन के लिए गठबंधन की संभावना से तुरंत इनकार किया और इसकी जगह 25 जून को संभावित दूसरे चुनाव का विकल्प चुना है। मित्सोताकिस (55) ने रविवार को अपने मुख्य प्रतिद्वंद्वी को 20 अंकों से हराते हुए 40 फीसदी वोट हासिल किए। उन्होंने व्यापार-समर्थक सुधारों को जारी रखने, अवैध प्रवासन से निपटने के लिए कठोर नीतियों और उच्च रक्षा व्यय को जारी रखने का वादा किया है। यूनान पिछले दशक में एक बड़े वित्तीय संकट से उबर रहा है। यूनान के संविधान के तहत, चुनाव में पहले तीन स्थानों पर आने वाले दलों को संसद भंग होने और दोबारा चुनाव की घोषणा किए जाने से पहले सरकार बनाने और इसके गठन की कोशिश करने के लिए तीन दिन तक का समय दिया जाता है।

## केवल भारत के लोगों से नौकरी के लिए आवेदन मांगने पर न्यू जर्सी की कंपनी पर जुर्माना

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका में** न्यू जर्सी की एक आईटी कंपनी पर कथित तौर पर नौकरी के भेदभावपूर्ण विज्ञापन देने और केवल भारतीयों से ही आवेदन मांगने के मामले में 25,500 डॉलर का जुर्माना लगाया गया है। न्याय विभाग के नागरिक अधिकार प्रभाग के सहायक अटॉर्नी जनरल क्रिस्टेन क्लार्क ने कहा, जब नियोक्ता केवल किसी खास देश के आवेदकों या जिन्हें अस्थाई वीजा की आवश्यकता होती है, उनसे ही आवेदन मांगते हैं, तो वे अन्य योग्य कामगारों को हतोत्साहित करते हैं और उन्हें नौकरी का उचित मौका देने से इनकार करते हैं। न्याय विभाग ने आरोप लगाया था कि सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र की कंपनी इंफोसॉफ्ट सोल्यूशन इंक ने नौकरी के लिए छह भेदभावपूर्ण विज्ञापन देकर आव्रजन एवं नागरिकता कानून (आईएनए) का उल्लंघन किया है। इन विज्ञापनों में कथित तौर पर केवल गैर-अमेरिकी नागरिकों से आवेदन मांगे गए थे और एक विज्ञापन में तो केवल भारत के लोगों से ही आवेदन करने को कहा गया था। क्लार्क ने कहा, नागरिक अधिकार प्रभाग राष्ट्रीय मूल या नागरिकता दर्जे में भेदभाव को कतई बर्दाश्त नहीं करेगा और वह इन गैरकानूनी भेदभावपूर्ण अवरोधकों को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। जुर्माने के तहत, इंफोसॉफ्ट अमेरिकी प्रशासन को 25,500 डॉलर का भुगतान करेगी। यही नहीं, कंपनी के लिए आईएनए से जुड़ी जरूरतों पर अपने नियोक्ताओं को प्रशिक्षित करना, रोजगार नीतियों में उचित बदलाव लाना और विभागीय निगरानी एवं रिपोर्टिंग आवश्यकताओं को पूरा करना भी अनिवार्य किया गया है।

## थाईलैंड में स्कूल की छत गिरने से सात की मौत

**बैंकॉक।** उत्तरी थाईलैंड में आंधी के कारण एक स्कूल की छत गिरने से सोमवार को चार बच्चों समेत सात लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। बैंकॉक से 300 किलोमीटर उत्तर में स्थित फिचित प्रांत के जन संपर्क कार्यालय के अनुसार, यह हादसा वाट नेर्न पोर प्राथमिक स्कूल में हुआ। सोमवार देर रात को अस्पताल में भर्ती छह साल के लड़के की मौत होने के बाद मृतकों की संख्या बढ़ गई। आधिकारिक आपदा रोकथाम विभाग के एक फेसबुक पोस्ट के मुताबिक, बारिश से बचने के लिए कई छात्रों ने स्कूल परिसर के गतिविधि केंद्र में शरण ले रखी थी, तभी छत गिर गई, जिससे 18 लोग घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमले बर्दाश्त करने योग्य नहीं : पाकिस्तानी सेना प्रमुख

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर ने सोमवार को कहा कि सैन्य प्रतिष्ठानों पर हाल में हुए हमले बर्दाश्त करने योग्य नहीं हैं और उन्होंने घोषणा की कि 25 मई को देश भर में पाकिस्तान शहीद दिवस मनाया जाएगा। सेना के मीडिया विंग, इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, मारे गए सैनिकों को सम्मानित करने के लिए जनरल मुख्यालय, रावलपिंडी में आयोजित एक समारोह के दौरान उन्होंने यह घोषणा की। बयान में जनरल मुनीर के हवाले से कहा गया है, बेशक, हम शहीदों की कर्तव्य भावना और महान कुर्बानियों के कारण एक खुले आजाद माहौल में रह रहे हैं। उन्होंने नौ मई को हुई हिंसा के दौरान सैन्य प्रतिष्ठानों और स्मारकों पर हुए हमलों को लेकर दुख जताया।

## हमारी सोच को पढ़ सकती है एमआरआई व एआई प्रौद्योगिकी

भाषा। साउथम्पटन

**शोधकर्ताओं ने** पहली बार एमआरआई तस्वीरों को वाक्यों में बदलने के लिए जीपीटी। का इस्तेमाल किया है। यह एआई (कृत्रिम मेधा) चैटबॉक्स चैटजीपीटी का पूर्ववर्ती है। इस पूरी कवायद का मकसद यह जानना है कि व्यक्ति क्या सोच रहा है।

इस नए सुराग ने ऑस्टिन में टेक्सास विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं को किसी के विचारों को लिखित संदेशों की भांति पढ़ने का अवसर दिया। हालांकि इससे निजता, विचारों की स्वतंत्रता यहां तक की बिना किसी बाधा के स्वप्न देखने की स्वतंत्रता को लेकर चिंताएं पैदा हुई हैं। हमारे कानून मष्तिष्क पढ़ने से जुड़ी प्रौद्योगिकियों के व्यापक वाणिज्यिक इस्तेमाल से निपटने में सक्षम नहीं हैं क्योंकि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता हमारे विचारों को सुरक्षित करने की सीमा तक नहीं आती। टेक्सास



अध्ययन में भाग लेने वालों को एमआरआई मशीन के अंदर 16 घंटे तक ऑडियो बुक को सुनने के लिए कहा गया। ठीक उसी वक्त एक कम्प्यूटर ने उनके मस्तिष्क की गतिविधियों को एमआरआई के साथ जोड़ना सीखा। एक बार दक्ष हो जाने के बाद डिकोडर ने किसी के विचारों को लिखित संदेश के तौर पर पेश किया। यहां इस बात का उदाहरण है कि कोई क्या सुन रहा था(ऑडियोबुक से) मैं गद्दे से उठा और शयनकक्ष में खिड़की के कांच के पास आया, इस उम्मीद से कि वे आंखे दिखाई देंगी जो मुझे घूर रही हैं, लेकिन मुझे वहां केवल अंधेरा दिखा। कम्प्यूटर ने इस संबंध में मस्तिष्क की गतिविधियों से जो पढ़ा - मैंने खिड़की की ओर बढ़ना शुरू किया और कांच को खोला। मैं पंजों के बल खड़ा हुआ और बाहर देखा, मुझे बाहर कुछ नहीं दिखाई दिया, मैंने फिर देखा मुझे फिर कुछ दिखाई नहीं दिया। शोधकर्ताओं ने हालांकि आगाह किया कि आगे चलकर मस्तिष्क अध्ययन प्रौद्योगिकी किसी दिन लोगों की मर्जी के बिना भी उन पर लागू की जा सकेगी। भविष्य में शोधकर्ता प्रशिक्षण तथा डिकोडिंग की प्रक्रिया को तेज कर सकते हैं। जहां एक मशीन को यह प्रशिक्षित करने में 16 घंटे लगे कि कोई व्यक्ति क्या सोच रहा है, भविष्य में इसमें काफी कमी आएगी। जैसा हमने अन्य एआई प्रक्रियाओं में देखा है, डिकोडर वक्त के साथ और सटीक हो जाएंगे। कानूनी और नैतिक असरः डेटा गोपनीयता कानून वर्तमान में किसी विचार को डेटा के तौर पर नहीं मानता। हमें नए कानूनों की जरूरत है जो अपराध के ख्यालों को उपजने नहीं दे, यहां तक कि किसी दिन शायद विचारों को प्रतिरोपित करने तथा उन्हें अपने मुताबिक करने से रोके। विचारों को पढ़ने से लेकर उन्हें दूसरे में प्रतिरोपित करने तक में लंबा वक्त लगेगा लेकिन इन पर निगरानी की जरूरत है।

### डिजिटल हेल्थकेयर को अपना रहे हैं युवा

**मुंबई।** भारत के सबसे बड़े डिजिटल हेल्थकेयर प्लेटफॉर्म मेडिबडी ने युवाओं द्वारा डॉक्टर कंसल्टेशन में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। विशेषरूप से 25 से 35 वर्ष के आयुवर्ग के युवाओं में ऑनलाइन कंसल्टेशन बढ़ा है। 44 प्रतिशत की वृद्धि के साथ प्लेटफॉर्म ने युवाओं के बीच डिजिटल हेल्थकेयर सर्विस को अपनाने की दिशा में सकारात्मक झुकाव देखा है। 2022 से 2023 के बीच प्लेटफॉर्म पर एंडोक्रायनोलॉजी कंसल्टेशन में 74.32 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। इससे युवाओं के बीच प्री-डायबिटीज को लेकर सतर्कता का ट्रेंड तो दिख ही रहा है, साथ ही यह युवाओं की सोच में बदलाव का भी प्रतीक है। यह पीढ़ी अपने स्वास्थ्य को लेकर जागरूक है और सक्रियता से कदम बढ़ा रही है। इसी दौरान मेडिबडी ने पल्मनोलॉजी कंसल्टेशन में भी वृद्धि दर्ज की है। इस क्षेत्र में कंसल्टेशन में 58.87 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। अस्थमा, क्रोनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मनरी डिजीज (सीओपीडी), लंग डिसऑर्डर, न्यूमोनिया और सांस संबंधी अन्य बीमारियां पल्मनोलॉजी के तहत ही कवर होती हैं। हेड ऑफ मेडिकल ऑपरेशंस डॉ. गौरी कुलकर्णी ने कहा, यह देखना उत्साहजनक है कि युवा अपने स्वास्थ्य को लेकर सतर्क हैं और समय पर चिकित्सकीय परामर्श ले रहे हैं। हार्मोनल असंतुलन कई बार अनदेखा रह जाता है, जिससे आगे चलकर लंबी अवधि में स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। एंडोक्रायनोलॉजी कंसल्टेशन में वृद्धि दिखाती है कि लोगों में इसे लेकर जागरूकता बढ़ी है।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Pankaj, S/o Mr. Rakesh sharma, R/o H. No. 398, Near Sewa Samiti, Hira Chowk, Charkhi Dadri, Haryana-127306, state that both the names Pankaj and Pankaj Sharma are of the same person and I shall thereafter be known as Pankaj Sharma for all purposes.

PD(038)A

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our Client ICICI Bank Ltd. that Mr. Sumedh Mehta is the owner of Flat No. H-2 E 111, on 11th Floor measuring 242.44 Sq. Mtrs, Block E, "Westend Height", Situated in the revenue estate of Village Wazirabad, Tehsil and Distt. Gurgaon Haryana "the said property" by virtue of Conveyance deed dated 08.04.2007, (for ½ undivided share) and Transfer Deed dated 01.06.2017, (for remaining ½ undivided share after demise of his father late Mr. Manmohan Singh), All persons including other legal heirs if any are hereby informed that above mentioned owner want to sell the said property to Mr. Mohit Bhatia or his nominee who is taking Home Loan facility for purchase the said property from ICICI Bank Ltd., if anybody has any objection/s upon the ownership of Mr. Sumedh Mehta in respect of the said property its Sale /Mortgage /Litigation, & any kind of objection kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 legal@knalegal.com

CHANGE OF NAME

This is to inform the General Public that I, Mrs. Aditi Walia (Aadhar Card No. 387194704351 & Passport No. K7698364) W/o Mr. Dinkar Walia R/o. Flat no. A5, New Adarsh Apartment, RSVP School, Sector 10, Plot 22, Dwarka Sector 10, Delhi, 110075 wish to change my present surname 'Walia' to my maiden surname 'Bindal'.

सार्वजनिक सूचना

आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्रीमती साधना बंसल पत्नी श्री नरेंद्र कुमार, संपत्ति की पुरानी नगर पालिका सं. 86, नई नगर पालिका सं. 58/18, कुल एरिया 113.33 वर्ग गज यानी 94.76 वर्ग मीटर में से एरिया परिमाप 47.38 वर्ग मीटर, अयोध्या गंज मोहल्ला के आबादी में, दादरी, परगना और तहसील: दादरी, जिला: गौतम बुद्ध नगर यूपी-203207, में स्थित है, जिसे सत्या माइक्रो हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा वित्तपोषित किया जाना है। इसके अलावा यह सूचित किया जाता है कि श्रीमती रुपा बंसल पत्नी स्वर्गीय श्री मनमोहन और श्री सुभम बंसल पुत्र स्वर्गीय श्री मनमोहन और श्रीमती प्रीति बंसल पुत्री स्वर्गीय श्री मनमोहन को छोड़कर स्वर्गीय श्री मनमोहन कुमार के कोई अन्य कानूनी उत्तराधिकारी नहीं हैं। यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में कोई आपत्ति या दावा है, तो कृपया इस सूचना के दिनांक से 07 दिनों के भीतर नीचे दिए गए पते पर अधोहस्ताक्षरी से संपर्क करें, ऐसा न करने पर यह माना जाएगा कि उक्त संपत्ति में कोई दावा या विवाद नहीं है।

श्रीमती प्रसून लता, अधिवक्ता
एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)
एफएफ 18, लोटस पॉन्ड प्लाजा, वैभव खंड, इंदिरापुरम
गाजियाबाद 201014, ईमेल: sgassociatespl@gmail.com
फोन: 7011172764, 8130200837

PUBLIC NOTICE

To be known to all that I, JASVINDER KAUR W/O SH. PRADEEP KUMAR SANDHU R/O FLAT NO. 44, GROUND FLOOR, BLOCK-A8, POCKET-8,SECTOR-23-B,DWARKA,NEW DELHI-110077 has applied for conversion/execution of conveyance deed of Flat No.44,Ground Floor, Block-A8,Pocket-8, Sector-23-B, Dwarka,New Delhi-110077 in DDA. The original documents i.e. Demand Letter of the above flat have been lost. An FIR to this effect has been lodged in P.S. Crime Branch in vide S.O. No.430/2014 LR No. 457728/2023 dated 18.05.2023. Any person(s) claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above address/phone No. 9911258330 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objections with respect to this property can personally inform or write to Dy. Director (LAB) H or Director (H)-1/Director LIG (H),D Block,2nd Floor 3rd Floor,Vikas Sadan, INA, New Delhi.

# छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों पर काम कर रहा है भारत : जितेंद्र

**भाषा।** नई दिल्ली




**विज्ञान** और प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने यहां कहा कि भारत छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर जैसी नई प्रौद्योगिकियों पर काम कर रहा है, जिन्हें कारखाने में बनाया जा सकता है और इनसे स्वच्छ ऊर्जा जैसा बदलाव लाने में मदद मिल सकती है। सिंह ने एक साक्षात्कार में यह भी कहा कि सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के साथ संयुक्त उद्यमों के लिए परमाणु ऊर्जा क्षेत्र को खोल दिया है, लेकिन निजी क्षेत्र के लिए नहीं। छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर, 300 मेगावाट तक की क्षमता के साथ डिजाइन में लचीले होते हैं और इनके लिए छोटे क्षेत्र की आवश्यकता होती है। सचल और त्वरित प्रौद्योगिकी होने के कारण एसएमआर को पारंपरिक परमाणु रिएक्टरों के विपरीत कारखाने में निर्मित किया जा सकता है। पारपंरिक परमाणु रिएक्टरों को संबंधित स्थल पर ही बनाना होता है।

हाल ही में नीति आयोग की एक रिपोर्ट में कहा गया था कि चूंकि कई एसएमआर डिजाइन विभिन्न देशों में अनुसंधान, विकास और लाइसेंसिंग के विभिन्न चरणों में हैं, इसलिए वैश्विक नियामक सामंजस्य, विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करना और सार्वजनिक और साथ ही निजी पूंजी लाया जाना एसएमआर उद्योग के लिए विकास की एक कुंजी होगा। सिंह ने कहा, हम पहले से ही इस पर काम कर रहे हैं। मुझे लगता है कि जैसे-जैसे समय आएगा, हमें दुनिया के साथ आगे बढ़ना होगा। हमारे द्वार नई प्रौद्योगिकियों के लिए खुले हैं और हम उन्हें बहुत तेजी से अपना रहे हैं। मंत्री ने कहा कि पहली बार मोदी सरकार ने फ्लीट मोड के तहत 10 परमाणु रिएक्टर बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

सरकारी स्वामित्व वाली भारतीय नाभिकीय ऊर्जा निगम लिमिटेड (एनपीसीआईएल) देश में लगभग सभी परमाणु ऊर्जा संयंत्रों का निर्माण और संचालन करती है। वर्ष 2015 में, सरकार ने परमाणु ऊर्जा अधिनियम में संशोधन किया ताकि परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं के निर्माण के लिए एनपीसीआईएल और सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के बीच संयुक्त उद्यम को सक्षम बनाया जा सके। सिंह ने कहा, पहले वे किसी के साथ साझेदारी नहीं कर रहे थे। इसलिए हमारे सामने संसाधनों, वित्त को लेकर स्वाभाविक रूप से अड़चनें थीं।

## कश्मीर में जी-20 की बैठक में चीन के शामिल न होने पर बोले जितेंद्र -यह चीन का नुक्सान, भारत का नही

**श्रीनगर।** केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने मंगलवार को कहा कि श्रीनगर में जी-20 बैठक में चीन के शामिल नहीं होने से कोई फर्क नहीं पड़ता और यह उसका नुकसान है, भारत का नहीं। चीन को छोड़कर बाकी सभी जी-20 देशों के प्रतिनिधि तीसरे जी-20 पर्यटन कार्य समूह की बैठक में भाग लेने के लिए सोमवार को श्रीनगर पहुंचे। सिंह ने यहां जी-20 बैठक से इतर पीटीआई-भाषा से कहा, इससे (चीन के बैठक में शामिल नहीं होने) कोई फर्क नहीं पड़ता। चीन का नहीं आना चीन का नुकसान है, भारत का नहीं। यह पूछे जाने पर कि क्या चीन की अनुपस्थिति पूर्वी लद्दाख सीमा गतिरोध से जुड़ी है, तो सिंह ने कहा कि विदेश मंत्रालय इस पर विचार करेगा। कश्मीर में जी-20 कार्यक्रम आयोजित करने पर सिंह ने कहा कि अलग-अलग स्थल पर आयोजन से प्रतिनिधियों को उन जगहों के बारे में जानकारी मिलती है, जहां वे जाते हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) में राज्य मंत्री सिंह ने कहा, हम यूरोप के कुछ देशों की तरह छोटे, आपस में जुड़े हुए राष्ट्र नहीं हैं। हम विविध देश हैं। कश्मीर को लेकर पाकिस्तान के दुष्प्रचार के बारे में पूछे जाने पर मंत्री ने कहा कि आम लोग इन चीजों से आगे बढ़ चुके हैं।

# भारत की अर्थव्यवस्था 3,500 अरब डॉलर के पार पहुंची, नौकरशाही से जोखिमः मूडीज

**भाषा।** नई दिल्ली

**क्रेडिट** रेटिंग एजेंसी मूडीज ने मंगलवार को कहा कि भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) साल 2022 में 3,500 अरब डॉलर से अधिक रहा और अगले पांच वर्षों तक यह जी20 समूह में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था रहेगा। अमेरिकी रेटिंग एजेंसी ने एक शोध रिपोर्ट में भारत की वृद्धि रफ्तार को लेकर आशावादी नजरिया जताने के साथ निर्णय-प्रक्रिया में शामिल नौकरशाही के रुख को लेकर आशंका भी जताई है। उसने कहा कि नौकरशाही का लेटलतीफी वाला रवैया प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) गंतव्य के तौर पर भारत के आकर्षण को कम कर सकता है।

मूडीज के मुताबिक, भारत की वृद्धि रफ्तार पर नौकरशाही की तरफ से लगाई जाने वाली अड़चनें लगाम लगा सकती हैं। लाइसेंस लेने और कारोबार शुरू करने की अनुमति प्रक्रिया में नौकरशाही की धीमी रफ्तार परियोजनाओं की स्थापना के समय को बढ़ा सकती है।

मूडीज इन्वेस्टर सर्विस ने रिपोर्ट में कहा, निर्णय-निर्माण प्रक्रिया में शामिल भारत की शीर्ष नौकरशाही इस क्षेत्र के इंडोनेशिया और वियतनाम जैसे दूसरे विकासशील देशों के मुकाबले एक एफडीआई गंतव्य के तौर पर भारत के आकर्षण को घटा देगी। हालांकि, भारत की एक बड़ी युवा एवं शिक्षित श्रमशक्ति, छोटे परिवारों की बढ़ती संख्या और शहरीकरण से आवास, सीमेंट एवं नई कारों के लिए मांग बढ़ेगी। इसके अलावा ढांचागत क्षेत्र पर सरकारी खर्च बढ़ने से इस्पात एवं सीमेंट कारोबार और शुद्ध-शून्य उत्सर्जन से नवीकरणीय ऊर्जा में निवेश बढ़ेगा।

रिपोर्ट के मुताबिक, विनिर्माण एवं ढांचागत क्षेत्रों में मांग इस दशक के बाकी समय में भारतीय अर्थव्यवस्था सालाना 3-12 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। इसके बावजूद भारत की क्षमता वर्ष 2030 तक चीन से पीछे ही रहेगी।

मूडीज ने कहा कि क्षेत्रीय व्यापार समझौतों को लेकर भारत के सीमित उदार रवैए का भी विदेशी निवेश आकर्षित करने पर असर पड़ेगा। हालांकि, भ्रष्टाचार पर नकेल कसने, आर्थिक गतिविधियों को संगठित करने और कर संग्रह एवं प्रशासन को बेहतर करने के सरकारी प्रयास उत्साहजनक हैं लेकिन इन कोशिशों की प्रभाव को लेकर जोखिम भी बढ़े हैं।

# दूरसंचार क्षेत्र में एक या दो कंपनियों का दबदबा नही होगा : वैष्णव

**नई दिल्ली।** दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि देश में दूरसंचार क्षेत्र में किसी एक कंपनी या दो कंपनियों के एकाधिकार की स्थिति नहीं होगी क्योंकि सार्वजनिक क्षेत्र की बीएसएनएल मजबूती से अपने पैर जमाने में लगी है। इंडियन एक्सप्रेस मंच एक्सप्रेस अड्डा पर वैष्णव ने शनिवार को भारतीय बाजार में दो कंपनियों के दबदबे को लेकर चिंताओं को खारिज कर दिया। वोडाफोन आइडिया लि. की खराब होती वित्तीय स्थिति और बाजार हिस्सेदारी घटने के साथ यह चिंता बढ़ी है।

यह पूछे जाने पर क्या वोडाफोन आइडिया की खराब होती स्थिति और एयरटेल के वित्त के मोर्चे पर मौजूदा चुनौतियों को देखते हुए रिलायंस जियो एकमात्र दूरसंचार कंपनी रह जाएगी, मंत्री ने कहा, नहीं। हम किसी एक कंपनी के दबदबे वाली स्थिति की ओर नहीं जा रहे। यहां तक कि दो कंपनियों के दबदबे की भी स्थिति नहीं होगी। दूरसंचार क्षेत्र में फिलहाल तीन कंपनियां हैं। ए हैं मुकेश अंबानी की रिलायंस जियो, भारती एयरटेल और वोडाफोन आइडिया लि.। जियो अभी सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी बन गई है। कंपनी 5जी लागू करने में भी आगे है। सुनील भारती मित्तल की एयरटेल, जियो के साथ प्रतिस्पर्धा कर रही है जबकि वोडाफोन आइडिया को अभी 5जी के क्रियान्वयन के बारे में घोषणा करना बाकी है।

वैष्णव ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की बीएसएनएल के परिचालन के स्तर पर स्थिरता आ रही है। उन्होंने कहा, कंपनी अब परिचालन लाभ कमा रही है। यह बीएसएनएल के लिए स्थिति बदलने वाली कहानी है। यह पूछे जाने पर कि क्या क्षेत्र में तीन कंपनियां या तीन कंपनियां तथा एक संघर्ष कर रही कंपनी होगी, वैष्णव ने कहा कि इस बारे में बाजार निर्णय करेगा।

# सीमा सुरक्षा राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी हुई हैः अमित शाह

**नई दिल्ली।** देश की सीमाओं की सुरक्षा को मोदी सरकार की प्राथमिकता के रूप में रेखांकित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि सीमाओं की सुरक्षा, राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी है। यहां वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम (वीवीपी) पर एक कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए शाह ने यह भी कहा कि ऐसे जीवंत गांवों का विकास जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य सहित सभी सुविधाएं हों, देश की सीमा सुरक्षा में अतिरिक्त मजबूती देगा। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमेशा कहा है कि सीमावर्ती गांव देश के आखिरी गांव नहीं बल्कि पहले गांव हैं।

एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, गृह मंत्री ने कहा कि देश की सीमाओं की सुरक्षा मोदी सरकार की प्राथमिकता है और यह राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी है और गांवों को सुरक्षित रखे बिना सरहदों को सुरक्षित नहीं रखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि वीवीपी की अवधारणा दो मुख्य सुरक्षा पहलुओं पर ध्यान देने के लिए



लाई गई है और यह दूर-दराज के इलाकों में स्थित सीमावर्ती गांवों से पलायन को रोकना और इन गांवों का विकास करना और सुरक्षा की एक अतिरिक्त परत जोड़ना है।

गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने बहुत समर्पण और संविधान की भावना के तहत वीवीपी की अवधारणा की है कि प्रत्एक सीमावर्ती गांव को वैसी ही सुविधाएं मिलनी चाहिए जैसी मुख्य भूमि के किसी भी अन्य गांव में हैं। उन्होंने कहा कि 2014 के बाद से, प्रधानमंत्री ने सीमा पर बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए बहुत प्रयास किए। शाह ने कहा कि इसके बाद सीमावर्ती गांवों के लिए कई जन कल्याणकारी योजनाएं शुरू कीं गईं और अब सरहदी गांवों से पलायन रोकने के लिए वीवीपी की शुरुआत की गई है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने पिछले नौ वर्षों में सीमा के बुनियादी ढांचे पर 25,000 करोड़ रुपए से अधिक खर्च किए हैं। उन्होंने कहा कि।,134 किलोमीटर लंबी सीमा सड़क का निर्माण किया गया है और लगभग सभी चौकियों का निर्माण पूरा कर लिया गया है।

शाह ने कहा कि सीमावर्ती जिलों के जिला कलेक्टरों को वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम को गति देने के लिए हर सरहदी गांव में हर साल कम से कम पांच पहल करनी चाहिए। गृह मंत्री ने कहा कि वीवीपी के तहत गांवों में सहकारी समितियों के माध्यम से रोजगार सृजन की पर्याप्त गुंजाइश है। उन्होंने कहा कि आईटीबीपी के दैनिक खर्च का कम से कम 30 प्रतिशत हिस्सा ग्रामीण रोजगार के अवसरों से जोड़ा जाना चाहिए। शाह ने कहा कि आजादी के बाद दशकों तक सीमावर्ती गांवों के नागरिक विकास की प्रक्रिया में पीछे रह गए। गृह मंत्री ने कहा कि अब प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, देश के सभी नागरिकों को पीने का पानी, बिजली, स्वास्थ्य आदि जैसी बुनियादी सुविधाएं प्रदान करके सर्व-समावेशी विकास प्रदान करने का समय आ गया है।

## क्विक न्यूज

### डीएलएफ चेयरमैन राजीव सिंह सबसे धनी भारतीय रियल एस्टेट कारोबारी

**नई दिल्ली।** डीएलएफ के चेयरमैन राजीव सिंह 59,030 करोड़ रुपए की संपत्ति के साथ सबसे धनी भारतीय रियल एस्टेट कारोबारी बने हुए है। ग्रोहे-हुरुन इंडिया की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट के मुताबिक मैक्रोटेक डेवलपर्स (लोढ़ा ग्रुप) के मंगल प्रभात लोढ़ा और उनका परिवार 42,270 करोड़ रुपए की संपत्ति के साथ दूसरे स्थान पर है। ग्रोहे-हुरुन इंडिया रियल एस्टेट रिच लिस्ट 2023 नाम से यह रिपोर्ट मंगलवार को जारी हुई। इसमें 67 कंपनियों और 16 शहरों के 100 लोगों को रैंकिंग दी गई। रिपोर्ट के मुताबिक सूची मे शामिल 61 फीसदी लोगों की संपत्ति मे इजाफा हुआ। जबकि 36 की संपत्ति में कमी देखी गई। इसमें 25 नए चेहरे शामिल हुए। सूची के अनुसार बेंगलुरु स्थित आरएमजेड कॉर्प के अर्जुन मेंडा और परिवार ने 37,000 करोड़ रुपए की संपत्ति के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। के रहेजा कॉर्प के चंद्र रहेजा और परिवार ने 26,620 करोड़ रुपए की संपत्ति के साथ चौथा स्थान हासिल किया। हुरुन इंडिया के प्रबंध निदेशक और मुख्य शोधकर्ता अनस रहमान जुनैद ने संवाददाताओं से कहा कि सूची में 25 प्रतिशत लोग पहली बार शामिल हुए है, जो रियल एस्टेट क्षेत्र मे नए उद्यमियो के उभार को दर्शाता है।

### केरल में सभी बच्चों को मध्याह्न भोजन मिलने का दावा असंभव सा, संयुक्त दल करेगा जांचः केंद्र

**नई दिल्ली।** केंद्र ने कहा है कि शिक्षा मंत्रालय और केरल सरकार के अधिकारियों का एक संयुक्त दल 2022-23 मे प्राथमिक विद्यालयों में पंजीकृत लगभग शत प्रतिशत छात्रों को मध्याह्न भोजन मिलने के असंभव दावो को लेकर जांच करेगा। प्रधानमंत्री पोषण योजना के कार्यक्रम स्वीकृति बोर्ड की बैठक मे यह मुद्दा उठाया गया। इस योजना को पहले मध्याह्न भोजन योजना कहा जाता था। केंद्र सरकार ने इस साल की शुरुआत में भी पश्चिम बंगाल में केंद्र प्रायोजित पीएम पोषण योजना के क्रियान्वयन पर संयुक्त समीक्षा मिशन गठित किया था। इस संबंध मे कथित अनियमितताओ की अनेक शिकायतें आई थी। केरल में सभी 14 जिलो की ओर से दावा किया गया कि बाल वाटिका (कक्षा-1 से नीचे प्राथमिक स्कूल) में शत प्रतिशत छात्रों को मध्याह्न भोजन मिल रहा है। बैठक के विवरण के अनुसार, ऐसा पूरी तरह असंभव लगता है। बोर्ड ने एक टीम बनाने का फैसला किया है जिसमे केंद्र और राज्य सरकार के प्रतिनिधि होंगे। ए स्कूल, ब्लॉक और जिलो समेत अनेक स्तरों से आंकड़ो का सत्यापन करने के लिए जमीनी स्थिति का पता लगाने के लिए कुछ जिलो का दौरा करेंगे।

### राहुल गांधी ने नए पासपोर्ट के वास्ते एनओसी के लिए दिल्ली की अदालत का रुख किया

**नई दिल्ली।** नेशनल हेराल्ड मामले मे आरोपी कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सांसद के रूप मे अयोग्य ठहराए जाने पर यात्रा दस्तावेज जमा किए जाने के बाद नए साधारण पासपोर्ट के वास्ते अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) हासिल करने के लिए मंगलवार को दिल्ली की एक अदालत का रुख किया। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट वैभव मेहता ने नेशनल हेराल्ड मामले मे शिकायतकर्ता भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी से गांधी के आवेदन पर जवाब मांगा और मामले को बुधवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया। आवेदन में कहा गया है, आवेदक की मार्च 2023 मे संसद सदस्यता समाप्त हो गई और इस तरह उन्होंने अपना राजनयिक पासपोर्ट जमा कर दिया तथा वह एक नए साधारण पासपोर्ट के लिए आवेदन कर रहे है ... वर्तमान आवेदन के माध्यम से, आवेदक नए साधारण पासपोर्ट के लिए इस न्यायालय से अनुमति और अनापत्ति मांग रहे है। अदालत ने 19 दिसंबर, 2015 को गांधी और अन्य को मामले मे जमानत दे दी थी।

### आयकर विभाग ने व्यक्तियों, पेशेवरों के लिए आयकर रिटर्न भरने की सुविधा शुरू की

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने व्यक्तियो, पेशेवरो और छोटे कारोबारियो के लिए वित्त वर्ष 2022-23 के आयकर रिटर्न (आईटीआर) एक और चार ऑनलाइन भरने की सुविधा शुरू कर दी है। विभाग ने ट्विटर पर लिखा है कि अन्य आयकर रिटर्न फॉर्म के लिए सुविधाएं जल्द शुरू की जाएगी। विभाग ने एक व्यक्ति के ट्वीट के जवाब मे कहा, ई-फाइलिंग पोर्टल पर आकलन वर्ष 2023-24 के लिए ऑनलाइन आईटीआर एक और चार भरने की सुविधा शुरू कर दी गई है। वित्त वर्ष 2022-23 के लिए जिन लोगो के खातो के ऑडिट की जरूरत नही है, उनके मामले मे आयकर रिटर्न भरने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। आईटीआर एक वेतनभोगी और वरिष्ठ नागरिक समेत अन्य व्यक्ति भरते है। वही आईटआर दो कंपनियां और पेशेवर भरते है। यह उन इकाइयो के लिए है जिन्होंने अनुमानित कराधान का विकल्प चुना है और जिनकी सालाना आय 50 लाख रुपए से अधिक नही है।

## मध्यम दूरी की सतह से हवा में प्रहार करने वाली मिसाइल का सफल परीक्षण

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना ने अपने अग्रिम निर्देशित मिसाइल विध्वंसक पोत आईएनएस मोरमुगाओ से मध्यम दूरी की सतह से हवा में प्रहार करने वाली मिसाइल (एमआरएसएएम) का सफ्लतापूर्वक परीक्षण किया। पोत ने समुद्र में तैरने वाले (सी स्कीमिंग) एक सुपरसोनिक लक्ष्य को भी सफ्लतापूर्वक भेद दिया। सी स्कीमिंग तकनीक का इस्तेमाल अनेक पोत-रोधी मिसाइल और कुछ लड़ाकू विमान रडार की पहुंच में आने से बचने के लिए करते हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, भारतीय नौसेना के नवीनतम स्वदेशी निर्देशित मिसाइल विध्वंसक पोत आईएनएस मोरमुगाओ ने सफ्लतापूर्वक समुद्र में तैर रहे सुपरसोनिक लक्ष्य को भेद दिया। आईएनएस मोरमुगाओ द्वारा पहला सफ्ल एमआरएसएएम प्रक्षेपण लक्ष्य पर सटीक तरीके से आयुध पहुंचाने के भारतीय नौसेना के प्रयास में एक और मील का पत्थर है और भारतीय नौसेना की भविष्य में लड़ाकू तत्परता और आत्मनिर्भर भारत के प्रति प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।

# सामान्य साइकिल को इलेक्ट्रिक साइकिल में बदल देगी ईको-सी

**प्रयागराज।** भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (ट्रिपल आईटी) इलाहाबाद के तीन छात्रों ने ईको-सी प्राइवेट लिमिटेड नाम से एक स्टार्टअप कंपनी स्थापित की है जो सामान्य साइकिल को एक किफायती इलेक्ट्रिक साइकिल में बदल देगी। यह कंपनी इस संस्थान के तीन छात्रों- गुगलोथ विजय नायक, रवि शंकर और विशाल ने शुरू की है और कंपनी को अंबेडकर सोशल इनोवेशन इनक्यूबेशन मिशन ने निवेश के तौर पर 30 लाख रुपए की राशि दी है।

कंपनी के संस्थापकों में से एक गुगलोथ विजय नायक ने बताया कि उनकी कंपनी बाजार में उपलब्ध साइकिलों को लोगों की पसंद और जरूरत के उपकरणों का उपयोग कर इलेक्ट्रिक साइकिल में बदलती है। बदली हुई साइकिल बैटरी से स्वत: ही चलती है और व्यक्ति इसे सामान्य साइकिल की तरह भी चला सकता है। साइकिलों में उपयोग किए जा रहे सभी उपकरण आगामी प्रौद्योगिकियों से पूरी तरह से एकीकृत किए जाने योग्य हैं।

नायक ने बताया कि एक सामान्य साइकिल को इलेक्ट्रिक साइकिल में परिवर्तित करने में करीब 18,000 रुपए का खर्च आता है और इसमें अलग किए जाने वाली (डिटैचिबल) बैटरी लगाई जाती है जिससे व्यक्ति कहीं भी बैटरी अलग कर उसे घर में रिचार्ज कर सकता है। इस इलेक्ट्रिक साइकिल में करीब 7,000 रुपए मूल्य की बैटरी लगती है और एक बार चार्ज करने पर यह 30 किलोमीटर की दूरी तय कर सकती है। यह साइकिल 85 किलोग्राम तक का वजन ढोने में सक्षम है। यदि व्यक्ति कंपनी के पास से इलेक्ट्रिक साइकिल खरीदता है तो उसकी कीमत 22,000 रुपए होगी। कंपनी ने एक इलेक्ट्रिक साइकिल आईआईटी मंडी (हिमाचल) और दो साइकिल तेलंगाना में आपूर्ति की है और इसके बेहद उत्साहजनक परिणाम आए हैं।

# पश्चिम बंगाल में भारी मात्रा में विस्फोटक और पटाखे जब्त, 100 लोग गिरफ्तार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के ग्रामीण इलाकों में पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर भारी मात्रा में विस्फोटक और प्रतिबंधित पटाखे जब्त किए हैं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने इस सिलसिले में पटाखों का अवैध रूप से निर्माण करने वाले कारखाने चलाने के आरोप में कम से कम 100 लोगों को गिरफ्तार भी किया है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि विस्फोटकों और प्रतिबंधित पटाखों की बरामदगी के सिलसिले में पुलिस द्वारा कुल 132 मामले दर्ज किए गए हैं।

सोमवार को शुरू हुई यह छापेमारी सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात तक चली। छापेमारी मुख्य रूप से नादिया, उत्तर और दक्षिण 24 परगना जिलों में विभिन्न स्थानों पर जारी रही। पुलिस अधिकारी ने कहा, अब तक हमने लगभग 34,000 किलोग्राम विस्फोटक और प्रतिबंधित पटाखे जब्त किए हैं तथा इस सिलसिले में कम से कम 100 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। ये गिरफ्तारियां बीती रात छापेमारी के दौरान की गईं। विभिन्न जिलों की पुलिस को अधिकारियों ने 29 मई तक राज्य सचिवालय में विस्फोटकों और पटाखों की बरामदगी और गिरफ्तारियों से संबंधित रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा है।

पिछले आठ दिनों के दौरान ग्रामीण बंगाल में अवैध पटाखा निर्माण इकाइयों में विस्फोट की घटनाओं के मद्देनजर यह छापेमारी की गई है। पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में मंगलवार को एक गोदाम में आग लगने और बीते कुछ दिनों में विस्फोट होने की तीन अलग-अलग घटनाओं में कम से कम 17 लोगों की मौत हो चुकी है। पुरबा मेदिनीपुर के एगरा में 16 मई को हुए विस्फोट में मुख्य आरोपी समेत 12 लोगों की मौत हो गई थी। जबकि सोमवार को दक्षिण 24 परगना के बजबज में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई और उसी दिन बीरभूम जिले के दुबराजपुर में हुए एक अन्य विस्फोट में किसी की मौत नहीं हुई।

वहीं, मालदा जिले में कॉर्बाइड के एक गोदाम में मंगलवार को आग लगने से दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस अधिकारी ने कहा कि इस बीच, पश्चिम बंगाल सरकार ने मंगलवार को दक्षिण 24 परगना जिले के बरूईपुर इलाके के हरल में बाजी बाजार को बंद करने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि वहां के सभी व्यापारियों को एहतियात के तौर पर स्थानीय पुलिस थाने में अपना कच्चा माल जमा करने के लिए कहा गया है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पटाखा निर्माण इकाइयों के क्लस्टर स्थापित करने के अपनी सरकार के फैसले के बाद राज्य सचिवालय में हरल के व्यापारियों के साथ बैठक करने वाली हैं।

# जुलूस के बाद त्रयंबकेश्वर मंदिर के प्रवेश द्वार पर रीति रिवाज करने की कोई परंपरा नहीं : नितेश राणे

**भाषा।** नासिक

**भाजपा** विधायक नितेश राणे ने मंगलवार को दावा किया कि जुलूस में शामिल लोगों द्वारा प्रसिद्ध त्रयंबकेश्वर मंदिर के प्रवेश द्वार पर कोई रीति रिवाज करने की परंपरा नहीं रही है। कुछ दिनों पहले एक दूसरे धर्म के कुछ लोगों ने कथित तौर पर मंदिर में जबरन प्रवेश करने की कोशिश की। राणे ने मंदिर में दर्शन किए और महा आरती की। उन्होंने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, चंदन जुलूस के बाद भगवान त्रयंबकेश्वर को धूप बत्ती दिखाने की परंपरा नहीं रही है। मैंने मंदिर के न्यासियों से बात की है। जानकारों और स्थानीय लोगों ने भी कहा है कि ऐसी कोई परंपरा नहीं है। त्रयंबकेश्वर मंदिर में 13 मई को कथित रूप से एक अलग धर्म के लोगों के एक समूह



ने जबरन घुसने की कोशिश करने के बाद एक पूजा स्थल को अपवित्र करने के आरोप में चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

इस मामले में विशेष जांच दल पड़ताल कर रहा है। राणे ने कहा, 13 मई की घटना के बाद हिंदुओं की छवि धूमिल की जा रही है। कुछ लोग गलतफहमी पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। हमें किसी के मंदिर आने पर कोई आपत्ति नहीं है। कोई भी कतार में लगकर भगवान के दर्शन कर सकता है। लेकिन 13 मई को आए लोगों ने हरे झंडे ले रखे थे और वे अंदर घुसने की कोशिश कर रहे थे। यह दर्शाता है कि उनकी मंशा अच्छी नहीं थी। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा था कि मंदिर के प्रवेश द्वार पर पहुंचे समूह के सदस्यों में स्थानीय लोग भी शामिल थे। प्रथम दृष्टया, उन्होंने मंदिर के अधिकारियों से कई दशकों की परंपरा के अनुसार प्रवेश द्वार पर धूप करने की अनुमति देने का अनुरोध किया था।

अधिकारी ने कहा कि उनके अनुरोध को अस्वीकार किए जाने के बाद, समूह वहां से लौट आया। मंदिर प्रबंधन के अनुसार, केवल हिंदुओं को ही मंदिर में प्रवेश करने की अनुमति है। त्रयंबकेश्वर भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है।

# द केरल स्टोरी पर प्रतिबंध लगाना संविधान का अपमानः कंगना रनौत

**हरिद्वार।** बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने मंगलवार को कहा कि केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड द्वारा पास की गई फिल्म द केरल स्टोरी पर कुछ राज्यों में प्रतिबंध लगाया जाना संविधान का अपमान है। धार्मिक यात्रा पर यहां पहुंची कंगना रनौत ने संवाददाताओं से कहा, जिस फिल्म को सेंसर बोर्ड ने पास किया है, उस पर बैन (प्रतिबंध) लगाना संविधान का अपमान है। द केरला स्टोरी फिल्म को कुछ राज्यों में बैन (प्रतिबंधित) किया जाना बिल्कुल गलत है। पश्चिम बंगाल सरकार ने समुदायों के बीच तनाव को देखते हुए 8 मई को फिल्म पर प्रतिबंध लगा दिया था। तमिलनाडु के सिनेमाघरों ने कानून-व्यवस्था की स्थिति और खराब दर्शकों की संख्या का हवाला देते हुए इसकी स्क्रीनिंग बंद करने का फैसला किया था।

पिछले हफ्ते, उच्चतम न्यायालय ने राज्य में फिल्म पर प्रतिबंध लगाने के पश्चिम बंगाल सरकार के आदेश पर रोक लगा दी और तमिलनाडु से फिल्म देखने वालों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को कहा। अभिनेत्री ने कहा कि लोगों को बॉलीवुड फिल्म उद्योग से शिकायत रहती है कि जिस तरह की फिल्में वे देखना चाहते हैं, वैसी फिल्में नहीं बनाई जाती हैं। उन्होंने कहा, जब द केरला स्टोरी जैसी फिल्म बनती है तो लोगों की शिकायत दूर हो जाती है। जिन फिल्मों को लोग देखना पसंद करते हैं, उनसे फिल्म इंडस्ट्री को फायदा ही होता है।

अभिनेत्री के अलावा फिल्म निर्माता भी बन चुकी रनौत ने बताया कि उनके द्वारा निर्मित की गई नई फिल्म इमरजेंसी जल्द ही सिनेमाघरों में प्रदर्शित होने वाली है। इस फिल्म में न केवल उन्होंने अभिनय किया है बल्कि इसका निर्माण भी उन्होंने किया है। कंगना पिछले माह के आखिर में भी हरिद्वार आई थीं। उस दौरान वह बदरीनाथ और केदारनाथ के दर्शन करना चाहती थीं लेकिन तब मौसम 2393ीराब होने के कारण उनकी यह इच्छा पूरी नहीं हो पाई थी।

# कर्नाटक में मानसून-पूर्व बारिश में 52 लोगों की मौत

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने मंगलवार को कहा कि राज्य में मानसून-पूर्व बारिश के कारण अब तक 52 लोगों की मौत हो चुकी है और इसके साथ ही संपत्ति को भी नुकसान हुआ है। मुख्यमंत्री ने नुकसान को देखते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल राहत मुहैया कराने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर अधिकारियों को सख्त कार्वाई की चेतावनी दी है। सिद्धरमैया ने मंगलवार को आपदा प्रबंधन पर विचार करने के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए सभी जिला उपायुक्तों (डीसी) और जिला पंचायतों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) के साथ बैठक की अध्यक्षता की।

बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने कहा, राज्य के कई हिस्सों में मानसून-पूर्व बारिश शुरू हो गई है, अप्रैल से जून के बीच मानसून-पूर्व बारिश होती है। इस बार मानसून-पूर्व बारिश सामान्य से 10 प्रतिशत अधिक रही है। बारिश में अब तक करीब 52 लोगों की मौत हो चुकी है, 331 मवेशी मारे गए हैं, 20,000 हेक्टेयर में फसलें बर्बाद हो चुकी हैं और 814 घरों को नुकसान पहुंचा है।

उन्होंने कहा, 52 मृतकों के परिवारों को पहले ही पांच लाख रुपए दिए जा चुके हैं...इसके साथ ही, मवेशियों के नुकसान पर राहत देने और घरों को हुए नुकसान का आकलन करने और तत्काल राहत मुहैया कराने का निर्णय लिया गया है। बैठक में उप-मुख्यमंत्री डी के शिवकुमार, कई मंत्री और वरिष्ठ सरकारी अधिकारी उपस्थित थे। सिद्धरमैया ने कहा कि नई सरकार से लोगों को बहुत उम्मीदें हैं और प्रशासन को उनकी उम्मीदों पर खरा उतरना होगा एवं अधिकारियों को भी इसके लिए सक्रिय होना चाहिए।

## बिहार मे आकाशीय बिजली गिरने से छह व्यक्तियों की मौत

**पटना।** बिहार के तीन जिलों में आकाशीय बिजली गिरने से छह व्यक्तियों की मौत हो गई। आकाशीय बिजली गिरने से दरभंगा में तीन, बेगूसराय में दो एवं वैशाली में एक व्यक्ति की मौत होने पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गहरा दुख जताया है। उन्होंने प्रभावित परिवारों के प्रति अपनी गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में वे प्रभावित परिवारों के साथ हैं। मुख्यमंत्री ने सभी मृतक के परिजनों को तत्काल चार-चार लाख रुपए अनुग्रह अनुदान देने के निर्देश दिए हैं। कुमार ने लोगों से अपील की है कि सभी लोग खराब मौसम में पूरी सतर्कता बरतें। उन्होंने कहा कि खराब मौसम होने पर आकाशीय बिजली से बचाव के लिए आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी किए गए सुझावों का अनुपालन करें और खराब मौसम में घरों में रहें और सुरक्षित रहें।

# गुजरात को रौंदकर चेन्नई फाइनल में

● सुपरकिंग्स ने टाइटंस को 15 रनों से हराया

● 10वीं बार खिताबी जंग का टिकट कटाया

**भाषा।** चेन्नई



**चेन्नई सुपरकिंग्स** ने इंडियन प्रीमियर लीग के पहले क्वालीफायर मुकाबले में मंगलवार को यहां गत चैम्पियन गुजरात टाइटंस को 15 रन से शिकस्त देकर 10वीं बार फाइनल का टिकट कटाया। चेन्नई ने सात विकेट पर 172 रन बनाने के बाद गुजरात टाइटंस को 20 ओवर में 157 रन पर आउट कर दिया। गुजरात के लिए शुभमन गिल ने सबसे ज्यादा 42 रन बनाए। चेन्नई के लिए रविंद्र जडेजा, महीश तीक्षणा, दीपक चाहर और मथीश पथिराना ने दो-दो जबकि तुषार देशपांडे ने एक विकेट लिया। इससे पहले सलामी बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ ने जीवनदान का फायदा उठाते हुए 60 रन की पारी खेली लेकिन गुजरात टाइटंस ने चेन्नई सुपरकिंग्स को इंडियन प्रीमियर लीग के क्वालीफायर मुकाबले में सात विकेट पर 172 रन पर रोक दिया।

रुतुराज ने 44 गेंद की पारी में सात चौके और एक छक्का लगाया। उन्होंने डेवोन कोन्वे के साथ पहले विकेट के लिए 64 गेंद में 87 रन की साझेदारी की। कोन्वे हालांकि 34 गेंद में 40 रन की पारी के दौरान सहज नहीं दिखे टीम को अजिंक्य रहाणे (10 गेंद में 17), अंबाती रायुडु (नौ गेंद में 17) अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में नाकाम रहे। रविंद्र जडेजा ने आखिरी ओवरों में 16 गेंद में 22 रन की पारी खेली। गुजरात टाइटंस के लिए मोहम्मद शमी और मोहित शर्मा ने दो-दो जबकि दर्शन नालकंडे, राशिद खान और नूर अहमद ने एक-एक विकेट लिए। सत्र का पहला मैच खेल रहे नालकंडे ने दूसरे ओवर में ही रुतुराज गायकवाड़ को शुभमन गिल के हाथों कैच कराया लेकिन इसे नोबॉल करार दिया गया। रुतुराज ने इस जीवनदान का जश्न फ्री हिट पर छक्का और फिर चौका लगाकर मनाया। कोन्वे ने पारी के चौथे ओवर में इसी गेंदबाज के खिलाफ अपना पहला चौका लगाया। रुतुराज छठे ओवर में नूर अहमद का स्वागत बाउंड्री से किया। इसी ओवर में कोन्वे के चौके से पावरप्ले में चेन्नई ने 49 रन बनाए। एक छोर से कोन्वे बड़ा शॉट लगाने के लिए संघर्ष कर रहे थे तो वहीं दूसरी ओर रुतुराज ने नौवें ओवर में मोहित शर्मा के खिलाफ चौके के साथ 36 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। गुजरात के खिलाफ यह चार मैचों में उनका चौथा अर्धशतक है। मोहित ने 12वें ओवर में अपनी धीमी गेंद पर रुतुराज को डेविड मिलर के हाथों कैच कराया। अगले ओवर में नूर अहमद ने शिवम दुबे (एक रन) को बोल्ड किया, जिसके बाद गुजरात के गेंदबाजों ने शिकंजा कस दिया। राशिद के खिलाफ 14वें ओवर की पहली गेंद पर कोन्वे के एक रन के साथ टीम का शतक पूरा हुआ। अगले ओवर में कोन्वे के बल्ले का किनारा लेकर गेंद चार रन के लिए गई। यह 30 गेंद में टीम का पहला चौका था। इसी ओवर में रहाणे ने छक्का लगाया लेकिन अगली गेंद पर प्वाइंट पर गिल को कैच दे बैठे। मोहम्मद शमी के खिलाफ बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में कोन्वे बाउंड्री पर राशिद खान को कैच दे बैठे। रायुडु 18वें ओवर में राशिद के खिलाफ छक्का जड़ने के बाद आउट हो गए।

## स्कोरबोर्ड

**चेन्नई सुपरकिंग्स पारी:** रुतुराज का मिलर बो मोहित 60, कोन्वे का राशिद बो शमी 40, शिवम बो नूर 01, रहाणे का गिल बो नालकंडे 17, रायुडु का शनाका बो राशिद 17, जडेजा बो शमी 22, धोनी का पंड्या बो मोहित 01, अली नाबाद 09, **अतिरिक्त:** (बाई: 01, लेग बाई:02 नोबोल:02) 05, **कुल योग:** (20 ओवर मे सात विकेट पर) 172 रन, **विकेट पतन:** 1-87, 2-90, 3-121, 4-125, 5-148, 6-155, 7-172, **गेंदबाजी:** शमी 4-0-28-2, नालकंडे 4-0-44-1, राशिद 4-0-37-1, अहमद 4-0-29-1, मोहित 4-0-31-2

**गुजरात टाइटंस पारी:** साहा का पथिराना बो चाहर 12, गिल का कोन्वे बो चाहर 42, पंड्या का जडेजा बो तीक्षणा 08, शनाका का तीक्षणा बो जडेजा 17, मिलर बो जडेजा 04, शंकर का गायकवाड़ बो पथिराना 14, तेवतिया बो तीक्षणा 03, राशिद का कोन्वे बो देशपांडे 30, नालकंडे रन आउट 00, अहमद नाबाद 07, शमी का चाहर बो पथिराना 05, **अतिरिक्त:** (लेग बाई: 02, वाइड: 13) 15, **कुल योग:** (20 ओवर मे सभी आउट) 157 रन, **विकेट पतन:** 1-22, 2-41, 3-72, 4-88, 5-88, 6-98, 7-136, 8-136, 9-142, **गेंदबाजी:** चाहर 4-0-29-2, देशपांडे 4-0-43-1, तीक्षणा 4-0-28-2, जडेजा 4-0-18-2, पथिराना 4-0-37-2

## खबरें स्टेडियम से

### डब्ल्यूटीसी फाइनल से पहले ऑस्ट्रेलिया का अभ्यास मैच नहीं खेलना खतरे से भरा : बोर्डर



**सिडनी।** पूर्व कप्तान एलेन बोर्डर ने भारत के खिलाफ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल और एशेज श्रृंखला से पहले अभ्यास मैच नहीं खेलने के ऑस्ट्रेलिया के फैसले पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह कदम खतरे से भरा है। डब्ल्यूटीसी का फाइनल सात से 11 जून तक लंदन के द ओवल में होना है जिसके बाद ऑस्ट्रेलिया 16 जून से 31 जुलाई तक पांच मैचों की एशेज श्रृंखला में चिर प्रतिद्वंद्वी इंग्लैंड से भिड़ेगा। ऑस्ट्रेलियाई टीम बेकेनहैम में कड़े प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा लेकर छह टेस्ट की तैयारी करेगी जिसमें मुख्य विकेट पर अभ्यास और नेट सत्र शामिल है। बोर्डर ने फॉक्स क्रिकेट से कहा, मुझे परवाह नहीं है कि आप नेट्स में कितनी कड़ी मेहनत करते है, मुकाबले खेलने की जगह कोई चीज नहीं ले सकती। उन्होंने कहा, एशेज श्रृंखला से पहले किसी भी तरह का क्रिकेट नहीं खेलना मुझे सही नहीं लगता। मुझे लगता है कि यह खतरे से भरा है... मुझे ऐसा लग रहा है कि यह गलत फैसला है। भारतीय टीम भी कोई अभ्यास मैच नहीं खेलेगी क्योंकि इंग्लिश काउंटी चैंपियनशिप चल रही है। साथ ही डब्ल्यूटीसी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की प्रतियोगिता है और इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) मेहमान टीमों के लिए अभ्यास मुकाबलों की व्यवस्था करने के लिए बाध्य नहीं है। हालांकि एशेज के इतिहास में यह पहली बार होगा कि ऑस्ट्रेलिया की पुरुष टीम श्रृंखला से पहले या इसके दौरान किसी स्थानीय काउंटी टीम का सामना नहीं करेगी।

### रूट को एंडरसन के कुछ और साल खेलने की उम्मीद

**लंदन।** इंग्लैंड के पूर्व टेस्ट कप्तान जो रूट ने टीम के अपने साथी और दुनिया के सबसे सफल तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन की सराहना करते हुए कहा है कि वह उन्हे कुछ और वर्षों तक प्रदर्शन करते हुए देखना चाहते है। दो महीने में 41 बरस के होने वाले एंडरसन 700 टेस्ट विकेट के आंकड़े को छूने से सिर्फ 15 विकेट दूर हैं। उनके पास 16 जून से बर्मिंघम में ऑस्ट्रलिया के खिलाफ शुरू हो रही एशेज श्रृंखला में यह उपलब्धि हासिल करने का मौका होगा। उनकी नजरें इंग्लैंड को एशेज जिताने पर होगी जिसे टीम ने पिछली बार ऑस्ट्रेलिया को 0-4 से गंवा दिया था। वर्ष 2021 के ऑस्ट्रेलिया दौरे पर टीम के कप्तान रहे रूट ने एंडरसन की पांच तस्वीरों का एक कोलाज पोस्ट किया जिसमें 2000 के दशक में इंग्लैंड के साथ उनके शुरुआती वर्षों की तस्वीर से लेकर मौजूदा समय की तस्वीर भी है।

### जोकोविच को पछाड़कर दुनिया के नंबर एक पुरुष टेनिस खिलाड़ी बने अल्कारेज



**पेरिस।** कार्लोस अल्कारेज नवीनतम एटीपी रैंकिंग मे नोवाक जोकोविच को पछाड़कर दुनिया के नंबर एक पुरुष टेनिस खिलाड़ी बन गए है जिससे उन्हे फ्रेंच ओपन में शीर्ष वरीयता मिलेगी। इटैलियन ओपन का खिताब जीतने वाले दानिल मेदवेदेव नवीनतम रैंकिंग में दूसरे स्थान पर है। रोम मे गत चैंपियन के रूप मे उतरे जोकोविच को चौथे दौर में हार का सामना करना पड़ा जिससे वह तीसरे स्थान पर खिसक गए। रविवार से शुरू हो रहे फ्रेंच ओपन के साथ पहली बार स्पेन के अल्कारेज को किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में शीर्ष वरीयता मिलेगी। वह इस महीने 20 बरस के हो जाएंगे। उन्होंने 2023 मे 30 मुकाबलों मे जीत दर्ज की है जबकि तीन मे उन्हे हार का सामना करना पड़ा। दूसरी तरफ गत फ्रेंच ओपन चैंपियन ईगा स्वियातेक डब्ल्यूटीए रैंकिंग में शीर्ष पर बनी हुई है। वह एक साल से अधिक समय से दुनिया की नंबर एक महिला टेनिस खिलाड़ी है। उनके बाद ऑस्ट्रेलियाई ओपन विजेता एरिना सबालेंका दूसरे स्थान पर है।

### वैश्विक शतरंज लीग में खेलेंगे आनंद, कार्लसन, लिरेन और यिफान

**दुबई।** वैश्विक शतरंज लीग (जीसीएल) के पहले टूर्नामेंट मे विश्वनाथन आनंद, मैग्नस कार्लसन, होउ यिफान और डिंग लिरेन जैसे दिग्गज खिलाड़ी चुनौती पेश करते हुए नजर आएंगे। जीसीएल टेक महिंद्रा और अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ फिडे का सामूहिक टूर्नामेंट है। मंगलवार को टूर्नामेंट मे हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों की सूची जारी की गई। जीसीएल के पहले सत्र का आयोजन दुबई खेल परिषद के सहयोग से 21 जून से दो जुलाई के बीच दुबई शतरंज एवं कल्चर क्लब मे किया जाएगा।

### चीनी ताइपे के खिलाफ अभियान शुरू करेगा भारत

**सालालाह (ओमान)।** भारत बुधवार को यहां जब चीनी ताइपे के खिलाफ पुरुष जूनियर एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट मे खिताब की रक्षा के अपने अभियान की शुरुआत करेगा तो उसकी नजरें इस साल होने वाले जूनियर विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने पर टिकी होंगी। जूनियर एशिया कप मे शीर्ष पर रहने वाली तीन टीम इस साल दिसंबर मे मलेशिया मे होने वाले जूनियर विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेंगी। भारत और पाकिस्तान जूनियर एशिया कप की दो सबसे सफल टीम है। दोनों ने तीन-तीन बार इस टूर्नामेंट को जीता है।

### न्यूकासल ने 20 साल में पहली बार चैंपियन्स लीग के लिए क्वालीफाई किया

**न्यूकासल।** न्यूकासल ने सोमवार को यहां इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) मे लीसेस्टर के साथ गोल रहित ड्रॉ खेलकर 20 साल मे पहली बार चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया। इस ड्रॉ का मतलब है कि रविवार को चेल्सी के खिलाफ सत्र के अंतिम मुकाबले मे हार की स्थिति मे भी टीम शीर्ष चार मे बनी रहेगी। इस बीच लीसेस्टर पर निचली लीग मे खिसकने का खतरा बरकरार है। टीम को अगर दूसरे टीयर की लीग मे खिसकने से बचना है तो अपने अंतिम मैच मे हर हाल मे वेस्ट हैम को हराना होगा। न्यकासल अभी 37 मैच मे 70 अंक के साथ तीसरे स्थान पर चल रहा है जबकि लीसेस्टर इतने ही मैच में 31 अंक के साथ बीच टीम की तालिका मे 18वे स्थान पर है।

### आईबीए ने चार राष्ट्रीय महासंघों को निलंबित किया

**लुसाने।** अंतराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (आईबीए) ने अनधिकृत मुक्केबाजी संगठन मे प्रतिनिधित्व के लिए जर्मनी, न्यूजीलैंड, स्वीडन और नीदरलैंड के राष्ट्रीय महासंघो को निलंबित किया है। पिछले महीने अमेरिका और ब्रिटेन सहित राष्ट्रीय महासंघो के एक समूह ने नए संगठन वर्ल्ड बॉक्सिंग का गठन किया था जिसका लक्ष्य ओलंपिक खेलों मे खेल का दीर्घकालीन भविष्य सुरक्षित करना था।

### बहरीन पैरा बैडमिंटन : भगत को दो स्वर्ण और एक कांस्य

**नई दिल्ली।** पैरालम्पिक चैम्पियन प्रमोद भगत ने बहरीन पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल टूर्नामेंट में मंगलवार को पुरुषों के एकल और युगल खिताब क्रमश: एसएल 3 और एसएल 3 और एसएल 4 में जीते। प्रमोद ने भारत के नितेश कुमार को 21-16, 21- 17 से हराकर एकल वर्ग मे स्वर्ण जीता। इसके बाद सुकांत कदम के साथ नितेश कुमार और तरुण को 22-24, 21-9, 21-14 से हराकर पीला तमगा अपने नाम किया। प्रमोद और मनीषा रामदास ने मिश्रित युगल में भी कांस्य पदक जीता। भारत की तुलसीमति मुरुगेसन ने महिला एकल एसयू 5 मे रजत पदक जीता जबकि कृष्णा नागर ने पुरुष एकल एसएच 6 में रजत पदक अपने नाम किया।

# लखनऊ वालों लगा दो जोर, आज हारे तो बाहर

● बल्लेबाजों की फॉर्म में वापसी से सुपरजाइंट्स के खिलाफ मुंबई इंडियन्स का पलड़ा भारी

भाषा। चेन्नई



**बल्लेबाजों** की फॉर्म में वापसी की बदौलत प्ले ऑफ में जगह बनाने वाली मुंबई इंडियन्स की टीम बुधवार को यहां एलिमिनेटर में लखनऊ सुपरजाइंट्स के खिलाफ बढ़े हुए आत्मविश्वास के साथ उतरेगी। मुंबई की टीम पिछले इंडियन प्रीमियर लीग सत्र में अंतिम स्थान पर रही थी जिसके बाद मौजूदा सत्र में टीम ने वापसी करते हुए प्ले ऑफ में जगह बनाई। टाइटंस ने अंतिम लीग मुकाबले में आरसीबी को हराकर मुंबई की प्ले ऑफ में जगह सुनिश्चित की और रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम की नजरें अब अपने छठे आईपीएल खिताब पर टिकी हैं। सुपरजाइंट्स को पिछले सत्र में आरसीबी के खिलाफ एलिमिनेटर में ही हार का सामना करना पड़ा था और इस बार टीम इससे आगे बढ़ना चाहेगी। नियमित कप्तान लोकेश राहुल की गैरमौजूदगी के बाजवूद टीम का संतुलन बरकरार है और कृणाल पंड्या ने उपलब्ध विकल्पों का काफी अच्छी तरह इस्तेमाल किया है और आईपीएल की सबसे सफल टीम के खिलाफ उन्हें लय बरकरार रखने की उम्मीद होगी। मुंबई के लिए अंतिम लीग मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन ने शानदार शतक जड़ा। सुपरजाइंट्स के खिलाफ बल्लेबाजी में टीम की नजरें सूर्यकुमार यादव (511 रन, एक शतक, चार अर्धशतक), सलामी बल्लेबाज इशान (439), ग्रीन (381) और कप्तान रोहित (313) पर टिकी होंगी। मुंबई के बल्लेबाजों ने लय हासिल की है और ऐसे में सुपरजाइंट्स के गेंदबाजों की राह आसान नहीं होने वाली सुपरजाइंट्स को अगर मुंबई के बल्लेबाजों को रोकना है तो लेग स्पिनर रवि बिश्नोई को बड़ी भूमिका निभानी होगी जो 14 मैच में 16 विकेट के साथ टीम के सबसे सफल गेंदबाज हैं। नवीन उल हक, आवेश खान, कृणाल और अनुभवी अमित मिश्रा जैसे गेंदबाजों को भी अधिक योगदान देना होगा। चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ मुंबई इंडियन्स को यहां बल्लेबाजों की नाकामी के कारण लीग चरण मे हार झेलनी पड़ी थी। इसके अलावा जसप्रीत बुमराह और जोफ्रा आर्चर की गैरमौजूदगी में मुंबई का तेज गेंदबाजी आक्रमण भी कमजोर है जिसका सुपरजाइंट्स फायदा उठाना चाहेंगे। राहुल की गैरमौजूदगी के बावजूद सुपरजाइंट्स के बल्लेबाजों ने प्रभावी प्रदर्शन किया है। स्टोइनिस (14 मैच में 368 रन) दूसरे चरण में अच्छी लय में दिखे जबकि मायर्स (361) और पूरन (358) की वेस्टइंडीज की जोड़ी ने भी उपयोगी पारियां खेली हैं। चेपक की संभवत: धीमी पिच पर इनका प्रदर्शन टीम की सफलता के लिए काफी महत्वपूर्ण होगा। गेंदबाजी में मुंबई को अनुभवी चावला से काफी उम्मीदें होंगी जो 20 विकेट के साथ अब तक टीम के सबसे सफल गेंदबाज हैं।

### धोनी से नफरत करने के लिए आपको शैतान बनना होगा: हार्दिक पंड्या

**चेन्नई।** गुजरात टाइटंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने कहा कि संभवत: अपना अंतिम इंडियन प्रीमियर लीग टूर्नामेंट खेल रहे करिश्माई महेंद्र सिंह धोनी से मनमुटाव रखने के लिए किसी को भी शैतान बनना होगा। पंड्या ने इस बीच इस मिथक को भी खारिज कर दिया कि भारत के सबसे सफल कप्तानों में से एक धोनी गंभीर व्यक्ति है। पंड्या ने सोशल मीडिया पर गुजरात टाइटंस द्वारा पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, मै हमेशा महेंद्र सिंह धोनी का प्रशंसक रहूंगा। इतने सारे प्रशंसकों और इतने सारे क्रिकेट प्रेमियों के लिए। आपको महेंद्र सिंह धोनी से नफरत करने के लिए शैतान बनने की जरूरत है।

# विश्व कप एकदिवसीय क्वालीफायर 18 जून से

जिंबाब्वे में, 10 टीम हिस्सा लेंगी

**भाषा।** दुबई

**अंतरराष्ट्रीय** क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को घोषणा की कि 10 टीम जिंबाब्वे में 18 जून से नौ जुलाई तक 2023 एकदिवसीय विश्व कप क्वालीफायर में हिस्सा लेंगी। क्वालीफायर के जरिए दो टीम को भारत में अक्टूबर-नवंबर में होने वाले विश्व कप में जगह बनाने का मौका मिलेगा। क्वालीफायर में हिस्सा लेने वाली 10 टीम को पांच-पांच टीम के दो ग्रुप में बांटा गया है। ग्रुप ए में मेजबान जिंबाब्वे के अलावा वेस्टइंडीज, नीदरलैंड, नेपाल और अमेरिका को जगह मिली है जबकि ग्रुप बी में श्रीलंका, आयरलैंड, स्कॉटलैंड, ओमान और यूएई को रखा गया है। ग्रुप चरण में प्रत्एक टीम एक-दूसरे से एक-एक मुकाबला खेलेंगी और फिर प्रत्एक ग्रुप से शीर्ष तीन टीम सुपर छह चरण में जगह बनाएंगी। सुपर छह चरण में वे उन टीमों के खिलाफ खेलेंगी जिनसे वे ग्रुप चरण में नहीं खेली हैं। सुपर छह चरण में जगह बनाने वाली टीमों को अपने ग्रुप से इस चरण में जगह बनाने वाली टीमों पर पहले चरण में मिली जीत के अंक भी मिलेंगे। फाइनल में जगह बनाने वाली दोनों टीम विश्व कप 2023 के लिए क्वालीफाई करेंगी। बुलावायो के क्वीन्स स्पोर्ट्स क्लब और बुलावायो एथलेटिक क्लब तथा हरारे के हरारे स्पोर्ट्स क्लब और ताकाशिंगा क्रिकेट क्लब में टूर्नामेंट के 34 मुकाबलों का आयोजन किया जाएगा। फाइनल हरारे स्पोर्ट्स क्लब पर नौ जुलाई को खेला जाएगा।

### अंडर-20 फुटबॉल विश्व कप: इंग्लैंड जीता, फ्रांस की हार

**भाषा।** ब्यूनस आयर्स

**इंग्लैंड ने** अंडर-20 फुटबॉल विश्व कप में सोमवार को यहां ट्यूनीशिया को 1-0 से शिकस्त दी जबकि फ्रांस को दक्षिण कोरिया के खिलाफ 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। ग्रुप ई मैच में इंग्लैंड ने डेन स्कार्लेट के पहले हाफ में हेडर से दागे गोल की बदौलत जीत दर्ज की। ट्यूनीशिया को बराबरी हासिल करने के मौके मिले लेकिन टीम इनका फायदा नहीं उठा सकी। दूसरी तरफ फ्रांस के खिलाफ ग्रुप एफ मैच में दक्षिण कोरिया ने 22वें मिनट में ली सेयुंग वोन के गोल से बढ़त बनाई जिसे दूसरे हाफ में टीम ने ली यंग जुन के हेडर पर दागे गोल से दोगुना कर दिया। फ्रांस ने एलेन विरगीनियस के पेनल्टी पर दागे गोल से हार के अंतर को कम किया।

### बोपन्ना ने सात साल के बाद शीर्ष 10 रैंकिंग में वापसी की

**नई दिल्ली।** अनुभवी भारतीय टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने दो स्थान के सुधार के साथ सात साल बाद एटीपी युगल रैंकिंग के शीर्ष 10 मे वापसी की। यह 43 साल का खिलाड़ी इस सप्ताह की नवीनतम रैंकिंग मे नौवें स्थान पर पहुंच गया। वह जून 2016 के बाद पहली बार शीर्ष 10 में पहुंचे है। बोपन्ना को पिछले साल घुटने की चोट के कारण डेविस कप और कुछ अन्य स्पर्धाओं से हटने के लिए मजबूर होना पड़ा था। उनकी करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग तीन है जो उन्होंने 2016 मे हासिल की थी। उन्होंने सत्र की शुरुआत 19वे स्थान से की थी। इस सत्र में उन्होंने अब तक 13 टूर्नामेंट मे भाग लिया है। वह इस साल फरवरी मे एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के अपने जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन के साथ मार्च मे इंडियन वेल्स मास्टर्स का खिताब जीता था। बोपन्ना और एबडेन की जोड़ी ने फरवरी मे कतर ओपन भी जीता था और मई मे मैड्रिड ओपन के फाइनल मे पहुंचे थे।

# गनीमत और दर्शना ने महिला स्कीट में ऐतिहासिक रजत और कांस्य पदक जीता

**भाषा।** अल्माटी




**गनीमत** सेखों के रजत और दर्शना राठौड़ के कांस्य पदक के साथ भारत ने मंगलवार को यहां आईएसएसएफ विश्व कप में सीनियर स्तर पर महिला स्कीट में पहली बार दो पदक जीते। कजाखस्तान की स्थानीय दावेदार एसेम ओरिनबे ने शूट-ऑफ के गनीमत को पछाड़ कर स्वर्ण पदक जीता। गनीमत और ओरिनबे ने 60 शॉट के फाइनल में 50-50 अंक बटोरे। शूटआउट में गनीमत दो में से एक लक्ष्य पर निशाना को लगाने में चूक गई जबकि ओरिनबे ने अपने दोनों लक्ष्य पर निशाना साधा। यह गनीमत का दूसरा व्यक्तिगत विश्व कप पदक था जबकि दर्शना ने सीनियर स्तर के अपने पहले फाइनल में ही पदक पक्का किया। इससे पहले प्रतियोगिता के दूसरे दिन दर्शना ने 120 के स्कोर के साथ राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी करते छह महिलाओं के फाइनल के लिए दूसरे स्थान के साथ क्वालीफाई किया। गनीमत 117 के स्कोर के साथ चौथे स्थान पर रही। ओरिनबे 121 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर रही। फाइनल में 30 निशाने के बाद चार प्रतियोगिता बच गए जिसमें 25 अंक के साथ दर्शना शीर्ष पर थी जबकि ओरिनबे 24 अंक के साथ दूसरे स्थान पर थी। दर्शना चेक गणराज्य की बारबोरा के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर थी। अगले 10 निशाने के बाद बारबोरा खिताबी दौड़ से बाहर हो गई और भारत के लिए ऐतिहासिक दो पदक पक्के हो गया। पुरुषों की स्कीट में तीनों भारतीयों में से किसी ने भी फाइनल में जगह नहीं बनाई। मेराज खान (119 अंक) के साथ 16वें जबकि गुरजोत खंगुरा इसी स्कोर के साथ 18वें स्थान पर रहे। अनंतजीत सिंह नरूका 118 अंक के साथ और पीछे रहे।

### मलेशिया मास्टर्स : मालविका और अश्मिता मुख्य ड्रॉ में

**कुआलालंपुर।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों मालविका और अश्मिता ने मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 टूर्नामेंट के क्वालीफिकेशन दौर में विपरीत अंदाज में जीत दर्ज करते हुए मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई। दुनिया की 42वें नंबर की खिलाड़ी मालविका ने चीनी ताइपे की लिन सियांग टी को 21-12 21-19 से हराया जबकि दुनिया की 53वें नंबर की खिलाड़ी अश्मिता को कनाडा की वेन यू झेंग को 10-21 21-19 21-17 से हराने के लिए 45 मिनट जूझना पड़ा। मुख्य ड्रॉ में मालविका पहले दौर में दूसरी वरीय वैंग झी ई से भिड़ेगी जबकि अश्मिता का सामना चौथी वरीय चीन की हान युई से होगा। मुथुस्वामी सुब्रमण्यम को क्वालीफिकेशन के दूसरे दौर में चीनी ताइपे के ची यू जेन के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा।

### मनिका टेबल टेनिस विश्व चैम्पियनशिप में महिला एकल के तीसरे दौर में पहुंची



**भाषा।** डरबन

**भारतीय खिलाड़ी** मनिका बत्रा ने सिंगापुर की वोंग शिन रु को हराकर मंगलवार को यहां विश्व टेबल टेनिस चैम्पियनशिप के अंतिम-32 दौर में जगह पक्की की। विश्व रैंकिंग में 39वें स्थान पर काबिज मनिका को दूसरे दौर के मुकाबले में 171वीं रैंक की अपनी प्रतिद्वंद्वी को शिकस्त देने के लिए थोड़ा पसीना बहाना पड़ा। सिंगापुर की खिलाड़ी ने शुरुआती दो गेम में मनिका को कड़ी टक्कर दी लेकिन इस भारतीय खिलाड़ी ने शानदार वापसी करते हुए 11-9, 14-12, 11-4, 11-8 से जीत दर्ज की। भारत के लिए एकल प्रतियोगिता में यह सर्वश्रेष्ठ परिणाम है। पुरुष एकल में, शरत कमल और जी साथियान दूसरे दौर (अंतिम 64) में हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए। मनिका और साथियान मंगलवार को ही मिश्रित युगल के प्री-क्वार्टर फाइनल में चुनौती पेश करेंगे। शरत और साथियान बुधवार को पुरुष युगल प्री-क्वार्टर फाइनल खेलेंगे

### एम्पोली से हारा यूवेंटस, अंकों का जुर्माना भी लगा

**मिलान।** यूवेंटस के लिए सोमवार का दिन काफी बुरा रहा जब 10 अंक की पेनल्टी लगने के बाद उसे सिरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट में एम्पोली के खिलाफ 4-1 से हार सामना करना पड़ा जिससे उसकी चैंपियन्स लीग में जगह बनाने की उम्मीदों को झटका लगा। मैच शुरू होने से पहले ही खातों में गड़बड़ी के कारण यूवेंटस पर 10 अंक का जुर्माना लगाया गया जिससे टीम सिरी ए में सातवें स्थान पर खिसक गई। टीम अब चौथे स्थान पर चल रहे एसी मिलान से पांच अंक पीछे है। यूवेंटस को अब सिर्फ दो मैच खेलने हैं। टीम अपने अगले मैच में अगले सप्ताहांत मिलान की मेजबानी करेगी।

# खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का वर्चुअली उद्घाटन करेंगे मोदी

● 25 मई से तीन जून तक होंगे मुकाबले

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तर प्रदेश में पहली बार हो रहे खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का आगामी 25 मई को वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन करेंगे। प्रदेश के खेल निदेशक आर. पी. सिंह ने मंगलवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 25 मई को राज्य में शुरू हो रहे खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन करेंगे। लखनऊ के बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले उद्घाटन समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर भी मौजूद रहेंगे। उत्तर प्रदेश में पहली बार आयोजित किए जा रहे यूनिवर्सिटी गेम्स में देश भर के 208 विश्वविद्यालयों के लगभग 4900 खिलाड़ी हिस्सा लेने के लिए पहुंचे हैं। इन खेलों के तहत आगामी 25 मई से तीन जून तक नोएडा, लखनऊ वाराणसी और गोरखपुर में कुल 21 स्पर्द्धाओं का आयोजन होगा। लखनऊ में 12, नोएडा में पांच, वाराणसी में दो और गोरखपुर में एक स्पर्धा का आयोजन होगा। शूटिंग रेंज उपलब्ध नहीं होने की वजह से निशानेबाजी प्रतियोगिता का आयोजन दिल्ली में किया जाएगा। इन खेलों में पहली बार नौकायन स्पर्द्धा को भी शामिल किया गया है।

### ड्राइवर का बेटा दिव्यांश बना टेटे का नया सेंसेशन




**लखनऊ।** अक्सर कहा जाता है कि प्रतिभा सुविधाओं की मोहताज नहीं होती और खेलों की दुनिया में ऐसे कई चेहरे मिल जाएंगे जिन्होंने अभावों के बीच अपनी पहचान बनाई है। इसका एक उदाहरण है टेबल टेनिस के क्षितिज पर चमकने को तैयार नये सितारे उत्तर प्रदेश के दिव्यांश श्रीवास्तव का। उत्तर प्रदेश की मेजबानी में होने वाले खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स-2022 में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी की टीम से खेल रहे दिव्यांश की नजर इन खेलों में अच्छे प्रदर्शन पर है ताकि आगामी एशियन यूथ टेबल टेनिस चैंपियनशिप के लिए उनकी तैयारियों की परख हो सके। दिव्यांश इन खेलों में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी की ओर से टीम चैंपियनशिप के मुकाबलों में प्रतिभाग करेंगे और पदक के लिए पूरा जोर लगाने को तैयार है। दिव्यांश चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में बीए के स्टूडेंट्स है। हाल ही में हुए दक्षिण एशियाई यूथ गेम्स में भारतीय टेबल टेनिस टीम से खेलते हुए बालक अंडर-19 युगल में स्वर्ण पदक जीतने वाले दिव्यांश वर्तमान में अंडर-19 बालक एकल में देश के नंबर वन टेबल टेनिस खिलाड़ी है और उनके अनुसार खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में मिली जीत आगामी टूर्नामेंटों में मेरे लिए बेहतर प्रदर्शन की सीढ़ी साबित होगा। हालांकि उत्तर प्रदेश के लखनऊ के रहने वाले दिव्यांश श्रीवास्तव को अभी लंबा सफर तय करना है। दरअसल मध्यमवर्गीय परिवार से आने वाले इस खिलाड़ी के लिए खेलों की दुनिया में सफर आसान नहीं था। दिव्यांश इस सफलता में अपने माता-पिता का महत्वपूर्ण योगदान मानते है और कहते है कि उन्होंने मुझे खेल की दुनिया में आगे बढ़ने के लिए हर तरह से साथ दिया। दरअसल दिव्यांश के पिता सुरेश चंद्र श्रीवास्तव ड्राइवर है और उनकी मां श्रीमती रेनु श्रीवास्तव एक गृहिणी हैं। उनके सामने सीमित आय के चलते संसाधनों की बेहद कमी है। उनके लिए खासा चुनौतीपूर्ण था कि वो अपने बेटे की ट्रेनिंग में आने वाले खर्चे को उठा सके। इसके बावजूद उन्होंने अपने बेटे को आगे बढ़ाने में में कोई कसर नहीं छोड़ी। हाल ही में ईटानगर में हुए दक्षिण एशियाई यूथ गेम्स में स्वर्ण पदक जीतने वाले दिव्यांश ने अब तक अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय टीम से खेलते हुए एक स्वर्णए दो रजत व छह कांस्य सहित कुल नौ पदक अपने नाम किए है।

### भव्य आयोजन के लिए प्रदेश तैयार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की मेजबानी में होने वाले खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स.2022 का उद्घाटन 25 मई को लखनऊ में बीबीडी यूनिवर्सिटी में किया जाएगा। युवा खिलाड़ियों की संख्या के आधार पर यह प्रदेश का सबसे बड़ा आयोजन साबित होने वाला है। इस वजह से इसे खेलों का महाकुंभ कहा जा रहा है। वहीं इन खेलों में भाग ले रहे खिलाड़ियों के उत्साहवर्द्धन के लिए आयोजित मशाल रिले भी अब अपने अंतिम चरण में है जिसकी शुरुआत गत 5 मई को लखनऊ में सीएम योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर की मौजूदगी मे इन खेलो के लोगों, शुभंकर, जर्सी और एंथम की लांचिंग के साथ हुई थी। वहीं चूंकि उत्तर प्रदेश काफी बड़ा प्रदेश है अत रू लखनऊ से चार मशाल को रवाना किया गया जिसके साथ इन खेलों का शुभंकर जीतू भी था। ये दल ने उत्तर प्रदेश के विभिन्न हिस्सों को कवर करते हुए मंगलवार को लखनऊ पहुंचेगा। इस दौरान मशाल रिले और जीतू ने उत्तर प्रदेश के 75 जिलो से होते हुए 8948 किमी का सफर तय किया ।